सूर्योदय 7:07 सूर्यास्त 6:05

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.6 न्यू | 16.8 अधि |
| धर्मशाला | 6.2 न्यू | 18.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,273.92 |
| निफ्टी | 25,935.15 |
| सोना 1,58,070 | चांदी 2,59,705 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 11 फरवरी 2026 | 29 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 45, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ईडी के सामने नहीं पेश हुई टीना अंबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बिजनेसमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है।



ईडी लगभग 40,000 करोड़ रुपए के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में टीना अंबानी को नया समन जारी करेगी। (अनंत ज्ञान)

### डबरा में कलश बांटते समय भगदड़, महिला की मौत

**एजेंसी, डबरा।** मध्य प्रदेश के डबरा में नवग्रह मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कलश बांटते समय भगदड़ मच गई। इसमें 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई और आठ लोग घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने अचानक स्टेडियम का गेट खोल दिया, जिससे भीड़ बेकाबू हो गई और महिलाएं एक-दूसरे पर गिर गईं। मृतका के परिजन ने पुलिस की लापरवाही और अस्पताल में देर से इलाज को हादसे की मुख्य वजह बताया। (अनंत ज्ञान)

### पप्पू यादव को 31 साल पुराने केस में मिली जमानत


**एजेंसी, पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को मंगलवार धोखाधड़ी से



मकान कब्जा करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने जमानत दे दी। मामला पटना के गर्दनीबाग थाने में दर्ज किया गया था। यादव की गिरफ्तारी शुक्रवार देर रात हुई थी। सुनवाई मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे हुई, जिसमें उन्हें 1995 के पुराने मामले में जमानत मिली। अब अन्य मामले में उनकी रिमांड पर सुनवाई बुधवार को होगी। (अनंत ज्ञान)

### अभिनेता रणवीर को मिली धमकी, मांगी फिरौती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सिनेमा जगत पर फिर अंडरवर्ल्ड का साया मंडराने लगा है।



निर्देशक रोहित शेट्टी के बाद अब अभिनेता रणवीर सिंह को निशाना बनाया गया है। उन्हें व्हॉट्सएप वॉइस नोट के जरिए धमकी दी गई, जिसमें करोड़ों रुपए की मांग की गई। मुंबई पुलिस ने मामले की जानकारी दी। धमकी के बाद रणवीर सिंह ने घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- रामपुर बुशहर का 300 साल पुराना फाग मेला संकट में -पेज 2
- तीन माह से वेतन न मिलते पर क्रस्ना लैब कर्मियों ने की हड़ताल -पेज 4
- सुजानपुर होली मेला: चौगान मैदान पर राजनीति का कब्जा! -पेज 6
- स्मार्ट मीटर व जी-राम-जी का किया विरोध -पेज 9
- केरल में गूंजी सिरमौरकी हाटी लोक संस्कृति -पेज 12


# हिमाचल में मिलती रहेगी ओपीएस

## सीएम बोले- भाजपा ने अपने कार्यकाल में आरडीजी का किया दुरुपयोग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) समाप्त किए जाने के बावजूद हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और सभी प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों के बावजूद जनता के अधिकारों और हितों की हर सूरत में हिफाजत करेगी और जनकल्याण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भाजपा सत्ता में होती, तो ओपीएस को हटाकर यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू कर दी जाती, जिससे सरकारी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा पर सीधा असर पड़ता। एक साधारण परिवार से आने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वे आम लोगों की तकलीफों को अच्छी तरह समझते हैं और उनकी सरकार हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखेगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की मौजूदा वित्तीय स्थिति के लिए पूर्व भाजपा सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार



शिमला में मीडिया से बातचीत करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### आरडीजी की बहाली के लिए पीएम से लगाएंगे गुहार

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि वे आरडीजी की बहाली के लिए प्रधानमंत्री से भेंट करेंगे और प्रदेश के हक के लिए हर मंच पर मजबूती से आवाज उठाएंगे। साथ ही उन्होंने विपक्ष के उस आरोप को भी खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि भाजपा विधायकों को वित्तीय प्रस्तुति के लिए आमंत्रित नहीं किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा नेताओं को लिखित निमंत्रण भेजे गए थे, लेकिन उन्होंने जान-बूझकर बैठक में शामिल न होने का फैसला किया।

ठहराया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से 2021 के बीच भाजपा शासन में प्रदेश को लगभग 54 हजार करोड़ रुपए आरडीजी और 16 हजार करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में मिले, लेकिन इनका उपयोग पूंजीगत विकास के बजाय अनावश्यक खर्च और ठेकेदारों को खुश करने में किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि करीब एक हजार करोड़ रुपए ऐसी इमारतों पर खर्च हुए जो आज भी खाली पड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को बीते तीन वर्षों में केवल 17 हजार करोड़ रुपए आरडीजी प्राप्त हुए हैं, फिर भी सख्त वित्तीय अनुशासन बनाए रखा गया है। सरकार ने अपने संसाधनों से 26,683 करोड़ रुपए जुटाए हैं और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए और कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा से अपील की कि वह जनता को भ्रमित करने के बजाय केंद्र सरकार से राज्य के अधिकारों के लिए सहयोग करे।

आरडीजी के संवैधानिक प्रावधानों पर बात करते हुए सुक्खू ने कहा कि अनुच्छेद 275(1) के तहत दिया जाने वाला यह अनुदान राज्यों के राजस्व घाटे की भरपाई के लिए होता है। उन्होंने चेताया कि हर साल करीब 10 हजार करोड़ रुपए की कमी हिमाचल जैसे छोटे पहाड़ी राज्य के बजट पर गहरा असर डालेगी। आरडीजी की समाप्ति को उन्होंने प्रदेश के साथ सौतेले व्यवहार की संज्ञा दी।

अंत में मुख्यमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हिमाचल प्रदेश के हित और जनता के कल्याण के लिए एकजुट हों और राज्य के भविष्य को सुरक्षित बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाएं।

# लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

## अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला आने तक स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे ओम बिरला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के अनुसार विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने फैसला लिया है कि जब तक सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला नहीं हो जाता वह स्पीकर की कुर्सी पर नही बैठेंगे। हालांकि, नियमों के अनुसार ऐसी बाध्यता नहीं है फिर भी उन्होंने सदन में न जाने का फैसला किया। चाहे सरकार या विपक्ष की ओर से मनाने का प्रयास हो, लेकिन वे नहीं जाएंगे।



वहीं, विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। इसी दौरान शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरुआत की।

संभावना है कि बजट सत्र के दूसरे हिस्से के पहले दिन यानी नौ मार्च को स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।

**पेंगुइन बोली- पब्लिश नहीं हुई किताब:** राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस क्लेरिफिकेशन के बाद आया, जिसमें कहा गया कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। कंपनी ने कहा कि अब तक किताब की न तो कोई छपाई हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की है। (अनंत ज्ञान)

### प्रक्रिया?

**लोकसभा** स्पीकर को हटाने की प्रक्रिया भारतीय संविधान के अनुच्छेद 94 तथा लोकसभा कार्यप्रणाली नियमों के तहत संचालित होती है। स्पीकर या उप-स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव कोई भी सदस्य लोकसभा महासचिव को लिखित नोटिस देकर ला सकता है। नोटिस में आरोप स्पष्ट और अपमानरहित होने चाहिए। प्रस्ताव को कम से कम 50 सांसदों का समर्थन आवश्यक है। नोटिस के न्यूनतम 14 दिन बाद चर्चा होती है।

### अब तक तीन प्रमुख अविश्वास प्रस्ताव

**लोकसभा** के इतिहास में अब तक स्पीकर के खिलाफ तीन प्रमुख अविश्वास प्रस्ताव लाए गए, लेकिन कोई भी सफल नहीं हुआ। 18 दिसंबर 1954 को जी.वी. मावलंकर के विरुद्ध प्रस्ताव बहस के बाद खारिज हुआ। 24 नवंबर 1966 में हुकम सिंह के खिलाफ लाया गया प्रस्ताव 50 सदस्यों के समर्थन के अभाव में गिर गया। 15 अप्रैल 1987 को बलराम जाखड़ के खिलाफ प्रस्ताव भी बहस के बाद अस्वीकार कर दिया गया।

# बांग्लादेश में आम चुनाव से 48 घंटे पहले हिंदू कारोबारी की हत्या

**एजेंसी, ढाका**



बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव से ठीक 48 घंटे पहले एक और हिंदू कारोबारी की हत्या की खबर आई है। मैमनसिंह जिले के त्रिशाल उपजिला में 62 वर्षीय सुशेन चंद्र सरकार को उनकी दुकान में घुसकर धारदार हथियार से मार डाला गया। पुलिस ने बताया कि हमला रात करीब 11 बजे हुआ और बदमाशों ने दुकान का शटर बंद कर शव को अंदर छोड़ दिया। बाद में परिवार वालों ने उन्हें खून से लथपथ हालत में देखा और मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित के परिवार ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने लाखों बांग्लादेशी टका लूट लिए। उनके बेटे सुजान सरकार ने कहा, 'हमारे साथ किसी की कोई दुश्मनी नहीं थी। हम न्याय की मांग करते हैं।'

**◆ अल्पसंख्यकों में डर का माहौल, लाखों टका लूटे**

बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। इस घटना ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों में चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। चुनाव के ठीक पहले ऐसी हिंसा ने क्षेत्र में डर का माहौल पैदा कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# एमपी में तलाकशुदा बेटियां माता पिता की पेंशन की हकदार

**एजेंसी, भोपाल।** भोपाल में मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने पेंशन नियमों में ऐतिहासिक संशोधन को मंजूरी दी है। इस फैसले के तहत अब तलाकशुदा बेटियां भी अपने माता-पिता की परिवार पेंशन की पात्र होंगी। सरकार के इस निर्णय को महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में बड़ा और दूरगामी कदम माना जा रहा है। अब तक पेंशन नियमों में तलाकशुदा बेटियों को लेकर स्पष्ट प्रावधान नहीं थे, जिससे कई महिलाएं आर्थिक सुरक्षा से वंचित रह जाती थीं। नए संशोधन के बाद ऐसी बेटियों को जीवनयापन के लिए स्थायी आर्थिक संबल मिल सकेगा। कैबिनेट बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को भी मंजूरी दी गई। यह बजट 18 फरवरी को मध्यप्रदेश विधानसभा में पेश किया जाएगा। सरकार का दावा है कि यह बजट राज्य के समग्र विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और सामाजिक कल्याण योजनाओं को नई गति देगा। (अनंत ज्ञान)

# पहाड़ों पर बर्फबारी मगर मैदानों में नहीं हुई बारिश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बीती रात से प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है, जबकि मध्य और मैदानी क्षेत्रों में बादल छाए रहने से ठंड में इजाफा दर्ज किया गया है।



मौसम विभाग ने आज से राज्य के कई हिस्सों में बारिश-बर्फबारी, तेज हवाओं, आंधी और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे ठंड का असर और ज्यादा महसूस किया जा रहा है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई है, वहीं किन्नौर, चंबा और कुल्लू की ऊंची चोटियों पर भी ताजा हिमपात हुआ है।

हिल स्टेशन शिमला और मनाली समेत प्रदेश के कई हिस्सों में दिनभर बादल छाए रहे। मौसम के इस बदले मिजाज से पहाड़ी क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। तापमान में आई गिरावट का असर खास तौर पर ऊंचाई वाले इलाकों में देखने को मिला है। लाहौल-स्पीति के ताबो में न्यूनतम तापमान माइनस 8.5 डिग्री सेल्सियस, कुकुमसेरी में माइनस 4.2 डिग्री और किन्नौर के कल्पा में माइनस 0.7 डिग्री दर्ज किया गया। मनाली, शिमला, धर्मशाला और सोलन सहित अन्य क्षेत्रों में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार 10 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव सबसे अधिक रहेगा और इसी कारण प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम खराब बना रह सकता है। 11 से 15 फरवरी के बीच मौसम के ज्यादातर हिस्सों में साफ रहने की संभावना जताई गई है।

# बच्चों के लापता होने के पीछे नेटवर्क का पता लगाए सरकार : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में बच्चों के लापता होने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार को यह पता लगाने का निर्देश दिया कि क्या इसके पीछे कोई संगठित राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या राज्य-विशिष्ट गिरोह सक्रिय है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि यह समझना जरूरी है कि घटनाएं पैटर्न वाली हैं या छिटपुट।



कोर्ट ने सभी राज्यों से बच्चों के लापता होने और अभियोजन से जुड़ा डाटा केंद्र को उपलब्ध कराने को कहा। सुनवाई में सामने आया कि कुछ राज्यों ने डाटा दिया है, लेकिन लगभग एक दर्जन राज्यों ने अब तक जानकारी नहीं भेजी। पीठ ने चेतावनी दी कि आवश्यक होने पर सख्त आदेश दिए जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि रेस्क्यू किए गए बच्चों का इंटरव्यू लिया जाए ताकि जिम्मेदारों की पहचान हो सके। अदालत ने गोद लेने की जटिल प्रक्रिया और पुलिस समन्वय की कमी पर चिंता जताई। यह सुनवाई एनजीओ 'गुड़िया स्वयंसेवी संस्थान' की जनहित याचिका पर हो रही है, जिसमें लापता बच्चों के अनसुलझे मामलों को उजागर किया गया है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 30 घर जलाए

## सरकार ने 5 दिनों के लिए बंद किया इंटरनेट, लगाया कर्फ्यू

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर के उखरुल में फिर हिंसा भड़क गई है। हिंसा के दौरान कई घरों को आग लगा दी गई और गोलियां भी चलीं। यह हिंसा उखरुल के तंगखुल नगा समुदाय के सदस्य पर कथित हमले के खिलाफ भड़की। हिंसा के दौरान करीब 30 खाली पड़े घरों को आग लगा दी गई और इस दौरान गोलियां भी चलीं। हालात को देखते हुए सरकार ने पांच दिनों के लिए इंटरनेट बंद करने का फैसला किया है। यह हिंसा नगा और कुकी समुदाय के बीच भड़की है।



अधिकारियों ने बताया हिंसा उखरुल के लिटन सरेखोंग गांव में भड़की, जहां हमलावरों ने कई घरों को आग लगा दी। हमलावरों ने हवाई फायरिंग भी की। हिंसा के डर से कई ग्रामीण अपने घर छोड़कर पड़ोसी जिले कांगपोकपी के सुरक्षित ठिकानों पर चले गए। हमले का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगा है। दरअसल कुछ दिन पहले दो तंगखुल नगा संगठनों ने उखरुल और पड़ोसी कामजोंग जिले में कुकी लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया था। (अनंत ज्ञान)

# मंगल से पहले चंद्रमा पर शहर बसाएंगे एलन मस्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्पेसएक्स के फाउंडर और सीईओ एलन मस्क ने घोषणा की है कि कंपनी अब मंगल की बजाय पहले चंद्रमा पर एक आत्मनिर्भर शहर बनाने पर फोकस करेगी। मस्क का लक्ष्य 10 साल के भीतर चंद्रमा पर 'सेल्फ-ग्रोइंग' या खुद से विकसित होने वाला शहर स्थापित करना है, जबकि मंगल पर शहर बनाने में 20 साल से अधिक समय लग सकता है।



**◆ बोले-चंद्रमा पर शहर बसाना है आसान**

मार्च 2027 तक चंद्रमा पर अनक्रूड (बिना इंसान वाला) लैंडिंग मिशन का लक्ष्य रखा गया है। स्पेसएक्स का स्टारशिप रॉकेट, जो दुनिया का सबसे बड़ा और शक्तिशाली रीयूजेबल रॉकेट है, चंद्रमा और मंगल दोनों के लिए डिजाइन किया गया है। नासा के आर्टेमिस प्रोग्राम के तहत स्पेसएक्स को चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट्स उतारने का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। मस्क के अनुसार चंद्रमा पर बेस बनाना आसान और तेज होगा क्योंकि पृथ्वी से दूरी केवल तीन दिन की है, जबकि मंगल तक पहुंचने में 6-9 महीने लगते हैं। चंद्रमा पर बर्फ का उपयोग ईंधन बनाने और शैकलटन क्रेटर जैसे इलाकों में लगभग लगातार सूरज की रोशनी से सोलर पावर हासिल करना भी संभव होगा। (अनंत ज्ञान)

**उम्मीद** केंद्रीय बजट में हिमाचल को रेलवे विस्तार के लिए 2911 करोड़ रुपए का प्रावधान

# चंडीगढ़-बद्दी ब्रॉडगेज रेल लाइन निर्माण कार्य पूरा होने की जगी आस

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होने वाले चंडीगढ़-बद्दी ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के अधूरे निर्माण कार्य को बजट से उमीदें जगी है। केंद्रीय बजट 2026-27 में हिमाचल के रेल विस्तार के लिए 2911 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस राशि से चंडीगढ़-बद्दी ब्रॉड गेज रेलवे लाइन से लिए धनराशि आबंटित होनी है। करीब 33.23 किलोमीटर लंबी रेल लाइन चंडीगढ़ को हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक केंद्र बद्दी से जोड़ेगी।



चंडीगढ़-बद्दी ब्रॉडगेज रेल लाइन। अनंत ज्ञान

इस परियोजना का कार्य पूरा वर्ष के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। इस परियोजना में करीब 1540.14 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। केंद्रीय बजट 2024-25 में लाइन के पूरा होने में तेजी लाने के लिए 300 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। गत वित्तवर्ष में भी 452.50 करोड़ रुपए आवंटित हुए थे। इस बार के इस ब्रॉड गेज निर्माण को कितना बजट मिलेगा इसका अभी इंतजार है। बता दें कि यह लाइन चंडीगढ़ और बद्दी-अमृतसर-कोलकाता कॉरिडोर के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी।यह हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देगी। इस परियोजना को 2014 में मंजूरी दी गई थी और इसे कई बार देरी का सामना करना पड़ा है। पर अब इस कार्य में तेजी आने की उम्मीद है।

यह रेल लाइन हरियाणा के लगभग 25 किलोमीटर तक पिंजौर ब्लॉक के लगभग 42 गांवों सूरजपुर, धमाला, लोहगढ़, खेड़ा, बसोला, टांडा जोलूवाल, नाकपुर, कौना, मढ़ांवाला से होते हुए हिमाचल के शीतलपुर स्थित कंटेनर डिपो केंदूवाला होते हुए संडोली तक पहुंचेगी। इसमें हिमाचल के 9 गांव आते हैं। यह रेल लाइन चंडी मंदिर रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। चंडी मंदिर रेलवे

अनंत ज्ञान स्पैशल

**◆ 33.23 किलोमीटर लंबी इस रेल परियोजना का कार्य अभी अधर में**

स्टेशन का विस्तारीकरण कार्य चल रहा है। चंडीगढ़ से हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला जाने वाली ट्रेनों के लिए चंडी मंदिर में अलग से लूप लाइन बिछाई जाएगी। अलग से रेल लाइन सूरजपुर तक सामानांतर बिछाई जाएगी। यह लाइन सूरजपुर के पुराने स्टेशन से अलग होकर पश्चिमी दिशा की ओर बद्दी के लिए निकलेगी। इस बीच पिंजौर-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित पिंजौर ब्लॉक के गांव नानकपुर में एनएच की बाईं ओर नया रेलवे स्टेशन बनेगा। रेलवे की ओर से यहां काम जारी है।

### प्रवासी मजदूरों और ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**प्रोजेक्ट** पूरा होने से बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 7 लाख से ज्यादा प्रवासी मजदूरों, माल ढुलाई के लिए उद्योगों और स्थानीय ग्रामीणों को भी लाभ होगा। गौरतलब है कि बद्दी, नालागढ़ क्षेत्र में कई मल्टीनेशनल कंपनियों के बड़े प्लांट हैं, फार्मा सेक्टर के लिए यह क्षेत्र तो मानो हब है। ऐसे में बद्दी-अमृतसर-कोलकाता गलियारे से जुड़ने का इस पूरे उतरी क्षेत्र को फायदा होगा यह क्नेक्टिविटी औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने में भी सहायक होगी। अब उद्योगों को कच्चा माल लाने, तैयार माल को अन्य राज्यों में भेजने के लिए सड़क मार्ग के अलावा रेलवे का भी विकल्प मिलेगा। रेल नेटवर्क से इस उत्तरी क्षेत्र में व्यापार व रोजगार के भी नए अवसर पैदा होंगे।

### क्या कहते हैं सांसद सुरेश कश्यप

**शिमला** संसदीय सीट के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल में रेल विस्तार के लिए केंद्रीय बजट में करीब 2911करोड़ का प्रावधान किया गया है। चंडीगढ़-बद्दी ब्रॉडगेज रेल लाइन निर्माण कार्य पूरा होने से ग्लोबल फार्मा हब को बढ़ावा मिलेगा। इसका श्रेय केंद्र की मोदी सरकार को जाता है। इस प्रोजेक्ट को कम्पलीट करने के लिए केंद्र से हरसंभव सहायता दिलाई जाएगी।

# फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों 17 से भारत दौरे पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17 फरवरी से तीन दिवसीय भारत यात्रा पर रहेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि मैक्रों 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन में भाग लेने के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, दोनों हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।



विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और मैक्रों मुंबई में संयुक्त रूप से 'भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष' का उद्घाटन करेंगे। बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17-19 फरवरी 2026 को भारत के आधिकारिक दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे के दौरान, दोनों नेता होराइजन 2047 रोडमैप में बताए गए कई क्षेत्र में आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, दोनों नेता इंडो-पैसिफिक में सहयोग सहित आपसी फायदे के क्षेत्रीय और ग्लोबल मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय युवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संगठन महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राकेश शर्मा व संगठन सचिव नरेश कलसाइक के नेतृत्व में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल से भेंट कर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि संगठन कर्मचारियों की जायज मांगों को निरंतर सरकार व विभाग के समक्ष मजबूती से उठाता रहा है और सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा व समर्पण से अपने दायित्व निभा रहे हैं। संगठन महामंत्री राजीव रमोल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की समस्याओं से मंत्री को अवगत करवाया गया। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वस्त किया कि प्रस्तुत सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित समाधान की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। वहीं जिला शिमला कार्यकारिणी के प्रधान नरेन्द्र थागटा ने प्रदेश स्तरीय संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का प्रयास सराहनीय है।

### मशोबरा में फलदार पौधों का वितरण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उद्यान विभाग द्वारा विक्रय केंद्र मशोबरा में फलदार पौधों का वितरण आरंभ कर दिया गया है। विषय विशेषज्ञ डॉ. शरद गुप्ता ने जानकारी दी कि प्रथम चरण में पर्सिमन (जापानी फल) और सेब के लगभग 5300 पौधे पहुंचे हैं, जिन्हें किसानों को सरकारी दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। पर्सिमन का पौधा 150 रुपये तथा सेब का पौधा 180 रुपये प्रति पौधा वितरित किया जा रहा है। सेब के पौधों का वितरण विभाग के पीसीडीओ फार्म शिलारू, अणु जुब्बल और दत्त नगर रामपुर बुशहर से सीधे किसानों को किया जा रहा है।

### छात्रों से भोजन के वसूले जा रहे मनमाने दाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की विश्वविद्यालय इकाई ने परिसर की खाने की दुकानों में हो रही मनमानी, सब्सिडी दरों की अनदेखी और भोजन की खराब गुणवत्ता को लेकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। एसएफआई परिसर सह सचिव किशोर ने कहा कि पिंक पैटेल सहित विभिन्न दुकानों में न तो सब्सिडाइज्ड रेट लिस्ट लगाई जा रही है और न ही तय दरों का पालन हो रहा है, जिससे छात्रों से मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि खराब गुणवत्ता के भोजन से छात्र लगातार बीमार हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। एसएफआई ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो संगठन संवाद, पब्लिक मीटिंग्स और आंदोलन का रास्ता अपनाएगा।

### 24 घंटे में सुरक्षित मिले लापता चारों नाबालिग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में एक साथ चार नाबालिगों के लापता होने से फैली चिंता के बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर सभी बच्चों को सुरक्षित ढूंढ निकाला है। लापता बच्चों में तीन नाबालिग लड़कियां ठियोग क्षेत्र से और एक 16 वर्षीय लड़का कुमारसैन से था, जिनकी गुमशुदगी की शिकायत मिलते ही पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर तकनीकी व मानवीय सूचना तंत्र के सहारे संभावित स्थानों पर तलाश तेज की। जांच के दौरान दो नाबालिग लड़कियां बिलासपुर से, एक लड़की शिमला से और नाबालिग लड़का कुमारसैन क्षेत्र से ही सकुशल बरामद किया गया। सभी बच्चों की मेडिकल जांच के बाद उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया गया, जिससे परिवारों ने राहत की सांस ली है, जबकि पुलिस मामले से जुड़े पहलुओं की आगे भी जांच कर रही है।

### छात्र-युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की हिमाचल प्रदेश राज्य समिति ने 12 फरवरी को चार श्रम संहिताओं के खिलाफ प्रस्तावित देशव्यापी मजदूर आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। एसएफआई ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई ये श्रम संहिताएं मजदूरों के ऐतिहासिक अधिकारों को कमजोर करती हैं और 'हायर एंड फायर', कार्य घंटे बढ़ाने तथा सामाजिक सुरक्षा को सीमित करने जैसी व्यवस्थाओं के ज़रिये श्रमिकों के साथ-साथ छात्रों और युवाओं के भविष्य पर भी हमला करती हैं। संगठन का कहना है कि आज के छात्र ही कल के श्रमिक हैं, ऐसे में सुरक्षित और स्थायी रोज़गार का सवाल सीधे युवाओं से जुड़ा है।

# सुन्नी में 25 करोड़ की जल योजना से मिलेगा स्थायी समाधान: विक्रमादित्य

## लोक निर्माण मंत्री बोले-एक माह में शुरू होगी बहुप्रतीक्षित जल परियोजना

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला जिला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में विकास, संवेदना और संस्कार का एक साथ सशक्त संदेश देखने को मिला, जब लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे जल संकट को खत्म करने के लिए 25 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी योजना पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एक माह के भीतर यह परियोजना धरातल पर उतर जाएगी, जिससे सुन्नी और आसपास के इलाकों के लोगों को राहत मिलेगी और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

विक्रमादित्य सिंह ने यह जानकारी सुन्नी में आयोजित पीपल संस्कार पूजा में शामिल होने के उपरांत दी। उन्होंने कहा कि जल संकट केवल एक बुनियादी समस्या नहीं, बल्कि लोगों के जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा सवाल है, इसलिए सरकार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर चल रही है। योजना के पूरा होते ही क्षेत्र में पानी की आपूर्ति स्थायी और सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सुन्नी अस्पताल में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस विषय पर वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से लगातार संवाद में हैं ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें और उन्हें इलाज के लिए दूर न जाना पड़े।

उन्होंने बताया कि सुन्नी में क्रिटिकल केयर यूनिट को सैद्धांतिक स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है, अब इसके लिए बजट की मंजूरी आवश्यक है। इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष मामला उठाया जाएगा ताकि भवन निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपये शीघ्र जारी हों और कार्य जल्द आरंभ हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स, सोलर लाइट्स तथा सुन्नी बाजार में नालियों के निर्माण जैसे कई विकास कार्य तेजी से प्रगति पर हैं।

### धर्म, स्मृति और पर्यावरण का जीवंत संदेश



**विक्रमादित्य** सिंह अपनी पत्नी डॉ. अमरीन सिंह के साथ सुन्नी चौक में आयोजित पीपल संस्कार पूजा में शामिल हुए और विधि-विधान के साथ पीपल वृक्ष के सात फेरे लिए। उन्होंने कहा कि यह वही पीपल का पौधा है, जिसे उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह ने वर्ष 2014-15 में रोपित किया था। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि पीपल संस्कार पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कार और सेवा की एक सजीव कड़ी है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम के बाद मंत्री दंपती गोसदन पहुंचे, जहां उन्होंने गऊओं को आहार खिलाया। इसके पश्चात विश्राम गृह सुन्नी में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

# रामपुर बुशहर का 300 साल पुराना फाग मेला संकट में

अनंत ज्ञान

◆ तीन दिवसीय मेला राजनीति का शिकार, पुरानी परंपरा रखी जाए सुरक्षित

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** जिला रामपुर बुशहर में 300 सालों से होली के दूसरे दिन मनाया जाने वाला पारंपरिक फाग मेला का अस्तित्व अब संकट में है। रियासती काल से चली आ रही यह सांस्कृतिक परंपरा न केवल रामपुर बल्कि किन्नौर, कुल्लू और मंडी जिलों के हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करती है।

तीन दिवसीय मेले के दौरान आयोजित रात्रि सांस्कृतिक संध्या में क्षेत्रीय लोक नृत्य और प्रतियोगिताओं के माध्यम से हिमाचल की विविध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलती थी। यह मेला सदियों से न केवल धार्मिक महत्त्व रखता है बल्कि स्थानीय संस्कृति और सामाजिक मेलजोल का प्रमुख माध्यम भी रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से मेला राजनीतिक हस्तक्षेप और आयोजकों के दबाव के चलते अपने पुराने स्वरूप में नहीं मनाया जा रहा। लोग शिकायत कर रहे हैं कि कारनीवाल नेताओं द्वारा मेले के आयोजन में हस्तक्षेप और प्रशासन से मिलने वाले धन का अनुचित उपयोग इस सांस्कृतिक धरोहर को प्रभावित कर रहा है।

स्थानीय निवासी जोर देकर कहते हैं, हम चाहते हैं कि मेला फिर से हमारे पूर्वजों की तरह खुले और राजनीति से दूर सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन के रूप में मनाया जाए। यह केवल मनोरंजन नहीं, हमारी पहचान और विरासत है। स्थानीय लोगों की मांग है कि पुरानी प्रथा को बहाल रखा जाए, ताकि न केवल लोक संस्कृति संरक्षित रहे, बल्कि युवा पीढ़ी भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ सके।

# आरडीजी बहाली पर तुरंत प्रभावी कदम उठाए भाजपा: प्रतिभा सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भाजपा से आग्रह किया है कि प्रदेशहित में वह राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) की बहाली के लिए पहल करे और इस मुद्दे पर पीएम से पुरजोर आग्रह करे। उन्होंने कहा कि आरडीजी का बंद होना केवल वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है, इसलिए इस विषय पर गहन चिंतन करते हुए भाजपा को प्रदेश की इस मांग का पूरा समर्थन करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि हिमाचल के अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा का है। पूर्व में केंद्र में भाजपा की सरकारें रहने के बावजूद कभी भी ऐसा कठोर कदम नहीं उठाया गया, जिससे प्रदेश को राजस्व घाटे से होने वाली भरपाई रोकी गई हो। हिमाचल प्रदेश ने प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वनों और नदियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना होती रही है, जिसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारों का योगदान रहा है। ऐसे में इसकी एवज में प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान मिलते रहना चाहिए।

प्रतिभा ने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, लेकिन आने वाले समय में किसी अन्य दल या भाजपा की सरकार भी हो सकती है। यदि आज भाजपा ने आरडीजी की बहाली में रुचि नहीं दिखाई, तो भविष्य में उन्हें भी इसी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश के समग्र विकास के लिए राजस्व घाटा अनुदान का जारी रहना बेहद आवश्यक है और उम्मीद जताई कि प्रदेश के सभी भाजपा नेता इस पर गंभीर मंथन कर आरडीजी की बहाली में अपना सकारात्मक योगदान देंगे।

# सुन्नी क्षेत्र को बढ़ते जलस्तर से मिलेगी राहत

## उपायुक्त बोले-सतलुज नदी में जल्द शुरू होगा डिसिल्टेशन कार्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सुन्नी और आसपास के क्षेत्रों में सतलुज नदी में बढ़ती सिल्ट की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस कदम बढ़ा दिए हैं। कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन से संबंधित बाथिमेट्री और सिल्टेशन सर्वेक्षण रिपोर्ट एनटीपीसी द्वारा उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप को सौंप दी गई है, जिस पर मंगलवार को बचत भवन में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनटीपीसी प्रबंधन ने रिपोर्ट पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

उपायुक्त ने बताया कि सोनार तकनीक के माध्यम से किए गए इस वैज्ञानिक सर्वेक्षण में नदी और रेजरवायर के भीतर पानी के नीचे की सतह, गहराई और तल की संरचना का अध्ययन किया गया है। आईआईटी रुड़की के माध्यम से कराए गए इस अध्ययन के आधार पर क्षेत्र को तीन जोन—तातापानी, सुन्नी और चाबा—में विभाजित किया गया है। रिपोर्ट में सामने आया है कि वर्ष 2014 से 2023 के बीच



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी शिमला अनुपम कश्यप। अनंत ज्ञान

सिल्ट के एकत्रीकरण में बदलाव हुआ है, विशेषकर वर्ष 2022 व 2023 में चाबा क्षेत्र में सिल्ट अधिक जमा हुई, जिसके पीछे सड़क निर्माण, परियोजना कार्य और बाढ़ जैसे कारण प्रमुख रहे।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि रिपोर्ट में डिसिल्टेशन को लेकर स्पष्ट सुझाव दिए गए हैं और प्रशासन इन्हें आधार बनाकर नियमानुसार कार्ययोजना तैयार करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेजरवायर में सिल्ट जमा जरूर हुई है, लेकिन यह उसकी क्षमता से कम

◆ एनटीपीसी की बाथिमेट्री-सिल्टेशन रिपोर्ट पर प्रशासन सक्रिय, बनेगी एसओपी

है, ऐसे में समय रहते डिसिल्टेशन किया जाना जरूरी है ताकि भविष्य में जलस्तर बढ़ने से किसी प्रकार का खतरा न हो। प्रशासन डीएफओ और अन्य संबंधित विभागों के साथ नियमों, अनुमतियों और पर्यावरणीय पहलुओं का अध्ययन कर एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेगा, जिसके बाद डिसिल्टेशन कार्य शुरू किया जाएगा।

### नगर एवं ग्राम नियोजन में नई पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने जन शिकायतों के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान के उद्देश्य से नई शिकायत निवारण प्रणाली लागू की है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर तय समय-सीमा में निस्तारण हो सके। इस व्यवस्था के तहत डिविजन स्तर पर डिविजनल टाउन प्लानिंग ग्रिवेंस रिड्रेसल अथॉरिटी तथा सब-डिविजन स्तर पर असिस्टेंट टाउन प्लानर को शिकायतें दर्ज करने का अधिकार दिया गया है। समाधान से असंतुष्ट होने पर उच्च प्राधिकारी के समक्ष अपील का प्रावधान भी रखा गया है। प्राधिकरण को 15 कार्य दिवसों में सुनवाई और 30 कार्य दिवसों में शिकायत निस्तारण करना होगा, जबकि अपीलीय प्राधिकरण को 60 कार्य दिवसों में अंतिम निर्णय देना अनिवार्य होगा। शिकायतें टीसीपी वेबसाइट के पोर्टल या जिला टाउन प्लानर कार्यालय में दर्ज की जा सकेंगी।

### बिना लाइसेंस और परमिट के चल रही बस की जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** यात्री सुरक्षा और परिवहन नियमों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के लिए आरटीओ शिमला ने विशेष अभियान के तहत बस संख्या एचपी-51-3201 को जब्त किया। जांच में सामने आया कि वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र एक्सपायर्ड था, वैध परमिट मौजूद नहीं था और चालक के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही वाहन का पंजीकरण प्रमाणपत्र। इसके अलावा विशेष सड़क कर वर्ष 2021 से लंबित पाया गया, जबकि बस अपने निर्धारित परमिट मार्ग से बाहर संचालित की जा रही थी। नियमों के गंभीर उल्लंघन को देखते हुए बस को आगे की कानूनी कार्रवाई तक एचआरटीसी कार्यशाला में रखा गया है।

आरटीओ शिमला विश्व मोहन देव चौहान के अनुसार इस तरह के लापरवाह और अवैध संचालन से यात्रियों की जान को सीधा खतरा होता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे वाहनों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि सड़क पर सुरक्षित और अनुशासित परिवहन व्यवस्था कायम रखी जा सके। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं बिना दस्तावेज़ या असुरक्षित स्थिति में कोई वाहन चलता दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत आरटीओ शिमला को दें—यात्री सुरक्षा हमारी साझा ज़िम्मेदारी है।

# आरडीजी पर डर का माहौल बना रही है कांग्रेस सरकार: कर्ण नंदा

अनंत ज्ञान

◆ कहा- फिज़ूलखर्ची पर लगे लगाम, आमदनी के नए स्रोत तलाशे जाएं

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कहा है कि आरडीजी (रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट) को लेकर कांग्रेस सरकार और उसके नेता जनता तथा कर्मचारियों के बीच अनावश्यक भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा ने न तो सरकार गिरने की कोई बात कही है और न ही ओपीएस बंद होने, वेतन रुकने या पेंशन पर संकट जैसे दावे किए हैं। यह पूरा नैरेटिव कांग्रेस द्वारा खुद गढ़ा जा रहा है। कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा नेताओं ने केवल यह कहा है कि पार्टी कार्यकर्ता हर स्तर के चुनावों के लिए तैयार रहें, जो संगठनात्मक प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है, लेकिन सरकार इसे जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि आरडीजी बंद होने के बाद मुख्यमंत्री स्वयं असमंजस में दिख रहे हैं और आत्मनिर्भर हिमाचल का नारा अब ठोस रोडमैप के अभाव में खोखला नजर आ रहा है। कर्ण नंदा ने कहा कि हाल ही में सरकार और वित्त विभाग की प्रस्तुति में ही डीए, टीए और कर्मचारियों के कई लाभों पर संकट के संकेत दिए गए, जिससे लगभग 13 हजार करोड़ रुपये के कर्मचारी हितों को लेकर संशय पैदा हुआ। यह भ्रम भाजपा ने नहीं बल्कि सरकार की अपनी स्लाइड्स और बयानों से फैला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल खर्चों पर नियंत्रण, मंत्रियों-अधिकारियों की मितव्ययिता, बड़े काफिलों और प्रोटोकॉल पर पुनर्विचार तथा चेयरमैनों और विभिन्न पदों पर बढ़े खर्चों की समीक्षा का सुझाव दिया है। साथ ही आमदनी के नए स्रोत विकसित करने के लिए ठोस नीतिगत फैसलों की जरूरत बताई है, जिसमें भाजपा रचनात्मक सहयोग देने को तैयार है। कर्ण नंदा ने चेताया कि 42 प्रतिशत तक पहुंचता कर्ज और वित्तीय घाटा गंभीर चिंता का विषय है और सरकार को नकारात्मक नैरेटिव छोड़कर वास्तविक वित्तीय सुधारों पर ध्यान देना चाहिए।

### केंद्रीय बजट में हिमाचल की अनदेखी: अतींद्र पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार के ताज़ा बजट में राज्य को आरडीजी ग्रांट से वंचित किए जाने के फैसले ने प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज़ कर दी है। युवा कांग्रेस ने इसे राज्य के हितों पर सीधा प्रहार बताते हुए केंद्र पर राजनीतिक द्वेष से प्रेरित निर्णय लेने का आरोप लगाया है। इस फैसले को लेकर आम लोगों में भी असंतोष और नाराज़गी खुलकर सामने आ रही है।

हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतींद्र पाल सिंह उर्फ़ सिंटू राणा ने कहा कि आरडीजी ग्रांट न देना राज्य के साथ सरासर अन्याय है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार जानबूझकर हिमाचल के साथ भेदभाव कर रही है, जिससे विकास की रफ्तार पर असर पड़ेगा और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला पूरी तरह राजनीतिक आधार पर लिया गया है।



सिंटू राणा ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के अधिकारों और हितों की मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनकी आवाज़ सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस निर्णय का सीधा असर विकासात्मक कार्यों पर पड़ेगा और इसका राजनीतिक खामियाज़ा भारतीय जनता पार्टी को 2027 के विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

### जिला शिमला में गैस सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा सुधार

# 29 गैस एजेंसियों के लिए रूट चार्ट लागू उपभोक्ताओं को मिलेगी समय पर राहत

अनंत ज्ञान

◆ ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में पारदर्शी वितरण पर प्रशासन का फोकस

◆ निगरानी सख्त, नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को व्यवस्थित और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने अहम पहल की है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जिले में कार्यरत 29 गैस एजेंसियों के लिए रूट चार्ट को मंजूरी दे दी है। इसके तहत शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में फोकल बिंदु तय किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित तिथियों पर गैस सिलेंडर मिल सके। प्रशासन का कहना है कि तय रूट चार्ट के अनुसार ही अब गैस वितरण होगा और सभी एजेंसियों के लिए इसका पालन करना अनिवार्य रहेगा, जिससे अनियमितता और शिकायतों पर प्रभावी रोक लगेगी।

जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र कुमार धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी अपरिहार्य कारण से तय तिथि को गैस सिलेंडर की आपूर्ति संभव नहीं हो पाती है, तो संबंधित एजेंसी अगले दिन अनिवार्य रूप से वितरण करेगी। इस स्थिति में पंचायत प्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं को व्हाट्सऐप ग्रुप या दूरभाष के माध्यम से पहले ही सूचना दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रूट चार्ट का कड़ाई से पालन कराने से खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा, जहां अब तक समय पर आपूर्ति एक चुनौती बनी रहती थी।

प्रशासन ने यह भी निर्देश जारी किए हैं कि प्रत्येक गैस डिलीवरी वाहन में लाउड स्पीकर, वजन तोलने की मशीन, गैस लीक जांच यंत्र, रूट चार्ट तथा निर्धारित शुल्क की प्रति अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। रूट चार्ट की प्रतियां संबंधित गैस एजेंसियों के कार्यालयों में भी रखी जाएंगी, ताकि उपभोक्ता आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें। किसी भी प्रकार की शिकायत या जानकारी के लिए जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कार्यालय, शिमला के दूरभाष नंबर 0177-2657022 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस नई व्यवस्था से गैस आपूर्ति प्रणाली अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और उपभोक्ता-हितैषी बनेगी।

# सेब आयात पर भ्रम फैलाने वालों से रहें सावधान: अनिल काल्टा

अनंत ज्ञान

◆ कहा- सेब सीजन आएगा सच अपने आप सामने होगा

◆ आयात नीति में बागवानों के हित पूरी तरह सुरक्षित

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं सेब व्यापारी अनिल काल्टा ने राज्य के सेब बागवानों से अपील की है कि वे सेब आयात को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों और भ्रम से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि बिना ठोस और तथ्यात्मक जानकारी के डर का माहौल बनाया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। काल्टा ने साफ कहा कि सेब का सीज़न आने दीजिए, परिणाम अपने आप सामने आ जाएंगे। सोशल मीडिया और कुछ राजनीतिक तत्वों द्वारा फैलाए जा रहे दुष्प्रचार पर ध्यान देने से बागवानों में अनावश्यक चिंता पैदा हो रही है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है।

काल्टा ने स्पष्ट किया कि विदेशों से आयात होने वाले सेबों पर न्यूनतम आयात मूल्य 80 रुपये प्रति किलो लागू रहेगा, जिससे प्रदेश के सेब उत्पादकों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि न्यूज़ीलैंड से आयात होने वाले सेब प्रीमियम श्रेणी के होते हैं और सीमित उपभोक्ताओं के लिए आते हैं, इसलिए वे हिमाचल के सेबों के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा नहीं करते।

#### बागवानों के साथ खड़ी केंद्र सरकार

**उन्होंने** भरोसा दिलाया कि सेब आयात नीति से जुड़े किसी भी निर्णय में बागवानों के हितों की अनदेखी नहीं की गई है। काल्टा के अनुसार मोदी सरकार सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और केंद्र सरकार पूरी मजबूती से बागवानों के साथ खड़ी है।



**संकट** विदेशी समझौते से घरेलू बागवानों पर चोट, कई अन्य राज्यों पर पड़ेगा सीधा असर

# बागवानों के वादों पर खरा उतरे भाजपा: रोहित

अनंत ज्ञान

◆ मुक्त व्यापार समझौतों से देशी सेब उत्पादकों को नुकसान का आरोप

◆ हिमाचल सहित सेब उत्पादक राज्यों के आर्थिक भविष्य पर संकट

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सेब बागवानों से जुड़े मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनावों के दौरान बड़े-बड़े और आकर्षक वादे किए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की नीतियों के कारण देश के सेब उत्पादक लगातार संकट में फंसते जा रहे हैं और सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि चुनावों के समय भाजपा ने सेब पर आयात शुल्क तीन गुना बढ़ाने और सेब को स्पेशल कैटेगरी में शामिल करने जैसे वादे किए थे, लेकिन आज तक इन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ये सभी घोषणाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं, जबकि बागवान लगातार बढ़ती लागत, मौसम की मार और बाजार में गिरते दामों से जूझ रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने केंद्र सरकार की व्यापार नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि बागवानों के हितों की रक्षा करने के बजाय भाजपा सरकार ने पहले न्यूज़ीलैंड और फिर यूरोपियन यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के तहत सेब पर आयात शुल्क में कमी कर दी। अब अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते में भी आयात शुल्क घटाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसले देश के सेब उत्पादकों के खिलाफ हैं और इससे भाजपा की कथनी और करनी के बीच का अंतर साफ तौर पर सामने आता है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि इन नीतियों का सबसे गहरा असर हिमाचल प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और अन्य सेब उत्पादक राज्यों पर पड़ेगा। सस्ते आयातित सेब के कारण घरेलू सेब को बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। इससे बागवानों की मेहनत और लागत वसूलना मुश्किल हो जाएगा और उनकी आमदनी पर सीधा असर पड़ेगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने समय रहते अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो सेब बागवानी पर निर्भर लाखों परिवारों का आर्थिक भविष्य खतरे में पड़ सकता है। शिक्षा मंत्री ने केंद्र से मांग की कि वह आयात नीति की समीक्षा करे और घरेलू सेब उत्पादकों को संरक्षण देने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि बागवानों को राहत मिल सके और उनका विश्वास बहाल हो।

### प्रधानमंत्री मोदी से वादा निभाने का आग्रह



**अंत** में रोहित ठाकुर ने नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वे सेब उत्पादक बागवानों से किए गए चुनावी वादों को निभाएं और ऐसे ठोस निर्णय लें, जो देश के अन्नदाता और बागवानों के हित में हों। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में लिए गए फैसलों के बजाय केंद्र सरकार को ऐसी नीतियां अपनानी चाहिए, जिससे देश के बागवानों को संरक्षण मिले और उन्हें उनकी उपज का न्यायसंगत मूल्य सुनिश्चित हो सके।

# कोल्ड चेन परियोजना में लापरवाही से संकट में करोड़ों की सब्सिडी: संदीपनी

अनंत ज्ञान

◆ कांग्रेस सरकार पर किसानों के हितों से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत चल रही इंटीग्रेटेड कोल्ड चेन और वैल्यू एडिशन परियोजना में गंभीर प्रशासनिक लापरवाही के आरोप लगाते हुए कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि सब्जी और बागवानी उत्पादकों को आधुनिक कोल्ड स्टोरेज, ग्रेडिंग, आईक्यूएफ और रेफ्रिजरेटेड परिवहन सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना सरकारी ढिलाई के कारण संकट में पड़ गई है।



उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में केंद्र सरकार से स्वीकृत लगभग 60 करोड़ की इस परियोजना के लिए 10 करोड़ की केंद्रीय ग्रांट मंजूर हुई थी। आवश्यक दस्तावेज और अनुपालन रिपोर्ट समय पर न देने के कारण परियोजना पहले रद्द हुई और बाद में बहाल की गई। जनवरी 2025 में 6.17 करोड़ की किस्त जारी होने के बावजूद परियोजना के दूसरे चरण में फंड की कमी बताकर आईक्यूएफ प्लांट, फ्रीजिंग लाइन और रेफ्रिजरेटेड वाहनों की खरीद नहीं की गई, जिससे पूरा कोल्ड चेन सिस्टम अधूरा रह गया।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ठियोग, सोलन और सिरमौर जैसे सब्जी उत्पादक क्षेत्रों के किसान इस लापरवाही का सीधा खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के बावजूद प्रदेश सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही, जिससे ग्रांट राशि ब्याज सहित वापस जाने का खतरा है। भाजपा ने मांग की कि सरकार श्वेत पत्र जारी कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करें।

# बजट सत्र में विधानसभा की चाक-चौबंद होगी सुरक्षा : पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष बोले-सुरक्षा में नहीं दी जाएगी कोई ढील और व्यवस्था में नहीं आएगी कोई बाधा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की चौदहवीं विधानसभा के ग्यारहवें बजट सत्र से पहले सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सख्त संदेश देते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी और साथ ही सदस्यों, अधिकारियों व मीडिया को न्यूनतम असुविधा हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। इसी उद्देश्य से मंगलवार को विधान सभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान आंतरिक व बाह्य सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी। हाल ही में हिमाचल ई-विधान से राष्ट्रीय ई-विधान (नेवा) की ओर संक्रमण की प्रक्रिया जारी होने के कारण इस सत्र में सभी प्रवेश पत्र ऑनलाइन के बजाय हस्तलिखित माध्यम से जारी किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी दीर्घा, स्थापना पास और प्रेस पास प्रमुखता से प्रदर्शित हों, ताकि फ्रिस्किंग की आवश्यकता न्यूनतम रहे और सत्र का संचालन सुचारू बना रहे।


विधानसभा अध्यक्ष अधिकारियों को निर्देश देते हुए। अनंत ज्ञान

बैठक में तय किया गया कि प्रेस संवाददाताओं का प्रवेश पूर्ववत गेट संख्या 3, 4, 5 और 6 से ही रहेगा। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने पहचान पत्र स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने होंगे। किसी भी सरकारी अधिकारी, कर्मचारी या पासधारक द्वारा शासकीय पास का स्थानांतरण सख्ती से प्रतिबंधित रहेगा; उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने अवगत कराया कि सत्र के दौरान लगभग 500 जवान सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

मुख्य पार्किंग में केवल मंत्रियों, विधायकों, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिवों और प्रशासनिक सचिवों के वाहनों को अनुमति होगी। प्रेस वाहनों के लिए विधान सभा चौक से गेट संख्या 2 तक निर्धारित दूरी में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, जबकि विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए गेट संख्या 2 से महालेखाकार कार्यालय के बीच मॉल रोड पर चिन्हित स्थानों पर पार्किंग उपलब्ध कराई जाएगी। सभी वाहनों पर विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी पार्किंग स्टिकर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

### शिक्षा विभाग में छुट्टियों पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियों व टूअर पर रोक लगा दी है। स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी आदेशों के अनुसार 16 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यकता पड़ने पर रविवार सहित अन्य अवकाशों में भी ड्यूटी पर बुलाया जा सकता है। निदेशक स्कूल शिक्षा विभाग आशीष कोहली द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि विधानसभा कार्य से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी रोजाना सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## आरडीजी ग्रांट पर सियासी घमासान के बीच हिमाचल में बजट सत्र की तारीखों का ऐलान

**शिमला।** रैवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) को लेकर मचे राजनीतिक घमासान और प्रदेश की बदली हुई वित्तीय परिस्थितियों के बीच हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। विधानसभा का यह सत्र पहले चरण में तीन दिन चलेगा और 16, 17 तथा 18 फरवरी को सदन की बैठकें होंगी। हालांकि, बजट किस दिन पेश होगा, इस पर सरकार ने अब तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है, जिससे बजट को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र की शुरुआत 16 फरवरी को दोपहर 2 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। अभिभाषण के बाद पहले दिन सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। अगले दिन नियमों के तहत, यदि पिछले सत्र के बाद किसी पूर्व सदस्य का निधन हुआ है, तो उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी और इसके बाद विधायी कार्यवाही आगे बढ़ेगी। 17 और 18 फरवरी को सदन में आरडीजी बंद होने के मुद्दे पर व्यापक चर्चा होने की पूरी संभावना है। आरडीजी बंद होने के बाद प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर सियासत तेज है और विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। ऐसे में यह बजट सत्र केवल औपचारिकता भर नहीं, बल्कि सरकार और विपक्ष के बीच आर्थिक नीतियों, वित्तीय प्रबंधन और केंद्र-राज्य संबंधों को लेकर तीखी बहस का मंच बन सकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने भी संकेत दिए हैं कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए बजट तैयार करने में समय लग सकता है, इसी कारण बजट पेश करने की तारीख अभी तय नहीं हो पाई है।

## रोहड़ू में ज्वेलरी दुकानों में वन विभाग ने तेंदुए के नाखून व दांत किए जब्त

◆ गुप्त सूचना के आधार पर 6 दुकानदारों पर कसा शिकंजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के रोहड़ू में वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए ज्वेलरी दुकानों पर बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जहां छह ज्वेलरों के पास से तेंदुए के 86 नाखून और पांच दांत बरामद किए गए। जांच के दौरान दुर्लभ पक्षियों के पंख भी मिले हैं। विभाग के अनुसार यह सामग्री वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसका रखना या व्यापार करना कानूनन अपराध है।

डीएफओ रोहड़ू रवि शंकर शर्मा ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि तेंदुआ संरक्षित वन्यजीव है और इसके अंगों का उपयोग या बिक्री गंभीर अपराध है।

## हिमाचल कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की दिल्ली में ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और प्रदेश के 11 जिला अध्यक्षों की दिल्ली में प्रशिक्षण कार्यशाला में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मार्गदर्शन दे रहे हैं। नव नियुक्त जिला अध्यक्षों के लिए इस प्रशिक्षण को संगठनात्मक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है। इसमें हिमाचल के साथ-साथ छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के जिला अध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिला अध्यक्षों को बूथ से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूत करने, मीडिया प्रबंधन, प्रभावी संवाद, सोशल मीडिया कैंपेन, डिजिटल रणनीति और जनसंपर्क जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है। अंतिम चरण में राहुल गांधी से सीधा संवाद भी होगा, जिसमें जिला अध्यक्ष अपने-अपने जिलों की राजनीतिक स्थिति और संगठनात्मक चुनौतियों पर खुलकर चर्चा कर सकेंगे।

## जयपुर और चंडीगढ़ भ्रमण पर चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट, सीएम ने वीडियो कॉल से बढ़ाया हौसला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत विशेष शैक्षणिक एवं अनुभवात्मक भ्रमण पर गए चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट से दिल्ली से वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद किया। जिला मंडी के चाइल्ड केयर इंस्टीच्यूट सुन्दरनगर, तल्यार, भरनल और डैहर में रह रहे 31 बच्चे इन दिनों चंडीगढ़ और जयपुर के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बातचीत कर इस यात्रा का भरपूर आनंद लेने और नए अनुभवों से सीखने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से उनकी हवाई यात्रा, ठहरने और खान-पान की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि यह उनका पहला हवाई सफर था, जो उनके लिए बेहद रोमांचक और यादगार अनुभव रहा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान देने का आग्रह किया और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए हर आवश्यक सहयोग प्रदान करती रहेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सुख-आश्रय योजना के तहत सरकार बच्चों को केवल संरक्षण ही नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अवसर भी उपलब्ध करा रही है। इस तरह के भ्रमण बच्चों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समझ और सामाजिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा, सुविधा और देखभाल में किसी भी प्रकार की कोताही न हो तथा सरकार 27 वर्ष की आयु तक इन बच्चों की पूरी जिम्मेदारी निभाती रहेगी।

## मुख्यमंत्री सुक्खू के दिल्ली दौरे से सियासी हलचल तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिल्ली दौरे से प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। सीएम नई दिल्ली में पार्टी हाईकमान के साथ अहम बैठकों के सिलसिले में पहुंचे हैं, जहां कैबिनेट विस्तार, मंत्रियों के विभागों में संभावित फेरबदल और लंबे समय से लंबित कांग्रेस संगठन के गठन पर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। सियासी गलियारों में यह दौरा सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर बड़े फैसलों की भूमिका के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री केंद्र सरकार के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की कोशिशों में भी जुटे हैं। माना जा रहा है कि वह प्रधानमंत्री सहित वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर हिमाचल के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता और हाल ही में केंद्र की ओर से बंद की गई अनुदान, ग्रांट के मसले को प्रमुखता से उठाएंगे। राज्य की वित्तीय सेहत और विकास योजनाओं की निरंतरता को लेकर यह बातचीत अहम मानी जा रही है, हालांकि प्रधानमंत्री से समय मिल पाता है या नहीं, इसका साफ संकेत अगले एक-दो दिन में ही मिलेगा।

इसके अलावा प्रदेश मंत्रिमंडल में एक पद लंबे समय से खाली चल रहा है और इसे भरने को लेकर चर्चाएं तेज हैं। कुल्लू से विधायक सुंदर सिंह ठाकुर का नाम इस पद के लिए चर्चा में है। साथ ही सरकार की कार्यशैली को और चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा आगामी पंचायती राज चुनावों से पहले संतुलन साधने के लिहाज से कुछ मंत्रियों के विभागों में अदला-बदली की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

# अब पैकेज में टॉय ट्रेन से शिमला की सैर

## भारतीय रेल-हिमाचल पर्यटन निगम की साझेदारी से वीकेंड पैकेज तैयार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** देशभर के सैलानी अब टॉय ट्रेन के जरिए शिमला की सैर एक सुव्यवस्थित और किफायती पैकेज में कर सकेंगे। राज्य पर्यटन विकास निगम और भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम के बीच शिमला में समझौता हुआ है, जिसके तहत पर्यटकों के लिए विशेष वीकेंड पैकेज तैयार किया गया है। इस पहल का मकसद यात्रा की पूरी प्रक्रिया को आसान बनाना और पहाड़ों की रानी शिमला तक भरोसेमंद पर्यटन अनुभव देना है।

जानकारी के अनुसार इस साझेदारी के तहत लॉन्च किए गए पैकेज में ट्रेन यात्रा, होटल में ठहराव और स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण एक ही शुल्क में शामिल किया गया है। 8,255 रुपये से शुरू होने वाले इस पैकेज में सैलानी शिमला, कुफरी, जाखू और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर कर सकेंगे। बेहतर अंतिम चरण संपर्क सुविधा के चलते पर्यटकों को स्टेशन से लेकर पर्यटन स्थलों तक सुगम आवाजाही मिलेगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

### होटलों की ऑक्यूपेंसी बढ़ने की उम्मीद

**अधिकारियों** के मुताबिक इस पहल से हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम को भारतीय रेल के व्यापक नेटवर्क का लाभ मिलेगा और राज्य के पर्यटन स्थलों को देशभर में नई पहचान मिलेगी। यह पैकेज फिलहाल पायलट आधार पर शुरू किया गया है और इसके सफल रहने पर हर वीकेंड ऐसे पैकेज शुरू करने की योजना है। समझौता कार्यक्रम के दौरान भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

पहला पैकेज शिमला टॉय ट्रेन वीकेंड गेटअवे नाम से शुरू किया गया है, जिसकी अवधि 27 से 29 मार्च तक दो रात और तीन दिन की रहेगी। इस दौरान पर्यटक हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल होलीडे होम में ठहरेंगे, जहां तीन दिन का नाश्ता भी पैकेज में शामिल है। पैकेज की बुकिंग भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर की जा सकेगी। 27 फरवरी की सुबह कालका से टॉय ट्रेन के चार्टर कोच शिमला के लिए रवाना होंगे, जिसमें कुल 30 सीटें उपलब्ध रहेंगी और सैलानी विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल मार्ग की वादियों का आनंद ले सकेंगे। शिमला पहुंचने के बाद पहले दिन मॉल रोड और रिज मैदान का भ्रमण कराया जाएगा, जबकि दूसरे दिन कुफरी, हिमालयन नेचर पार्क, जाखू मंदिर और वायसराय लॉज की सैर शामिल है। तीसरे दिन नाश्ते के बाद चंडीगढ़-कालका सड़क मार्ग से वापसी कराई जाएगी। ट्रिपल शेयरिंग में प्रति व्यक्ति 8,255, डबल शेयरिंग में 9,545 और सिंगल ऑक्यूपेंसी में 16,965 रुपए शुल्क तय किया गया है, जबकि 5 से 11 वर्ष के बच्चों के लिए अलग दर रखी गई है।

## छोटे किसानों को मिलेगा राष्ट्रीय बाजार का लाभ: कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में सहकारिता मंत्रालय से जुड़े तारांकित प्रश्न के उत्तर का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार छोटे और सीमांत किसानों को सीधे राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठा रही है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्यीय सहकारी समितियां—नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड—के माध्यम से पैक्स को नई पहचान और अवसर मिल रहे हैं। सांसद ने बताया कि हिमाचल में कई पैक्स इन संस्थाओं से जुड़ चुकी हैं। भारत बीज और भारत ऑर्गेनिक्स जैसे ब्रांड किसानों को बेहतर मूल्य, विश्वसनीयता और बड़े बाजार तक सीधी पहुंच प्रदान करेंगे। इससे बीज की गुणवत्ता में सुधार और कृषि निर्यात को मजबूती मिलेगी। कश्यप ने बताया कि सदस्यता विस्तार के लिए राज्यों की नोडल एजेंसियों के साथ एमओयू के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है।

## पशु अस्पताल में 15 लाख का नया ट्रक खा रहा जंग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के पशु चिकित्सालय परिसर में पिछले डेढ़ साल से धूल और मौसम की चपेट में पड़ा 15 लाख रुपए का ब्रांड न्यू ट्रक जंग खा रहा है। केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के बजट से 2024 में खरीदा गया यह भारी वाहन आज तक विभागीय कामों में उतारा ही नहीं गया। बिना पंजीकरण के खुले में खड़ा यह ट्रक अब उपयोग के लायक रह गया है या नहीं, यह जांच का विषय बन चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सरकारी संसाधनों का खुला अपव्यय है। ट्रक को पशु चिकित्सकों के लिए दवाइयों, चारे और उपकरण ले जाने के उद्देश्य से खरीदा गया था, लेकिन कागजी कार्रवाई में लापरवाही के चलते यह बेकार पड़ा सड़ रहा है। पंजीकरण की नियमानुसार समय-सीमा (खरीद के 30 दिनों के अंदर) लांघ चुकी है, जिसके कारण अब आरटीओ से विशेष अनुमति और जुर्माना देकर ही इसे सड़क पर उतारा जा सकेगा। इससे विभाग को अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ेगा। वहीं, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक विवेक लांबा ने कहा कि उच्च अधिकारियों को पूरी जानकारी दे दी गई है। 'ट्रक के पंजीकरण और रखरखाव में देरी हुई, लेकिन निर्देश मिलते ही तुरंत कार्रवाई करेंगे।

## मोदी सरकार ने ट्रेड डील में बागवानों के हितों का रखा है पूरा ध्यान : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सेब बागवानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और न्यूज़ीलैंड के साथ हुई ट्रेड डील का देश, विशेषकर हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। सरकार द्वारा सेब पर न्यूनतम आयात मूल्य बढ़ाए जाने के कारण विदेशी सेब की लैंडिंग लागत हिमाचल के सेब से अधिक ही रहती है, जिससे घरेलू उत्पादकों को नुकसान की कोई गुंजाइश नहीं है।



जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेब आयात को लेकर दूरदर्शी और संतुलित नीति अपनाई है। न्यूनतम आयात मूल्य, सीमित कोटा, मौसमी समय-सीमा और सेफगार्ड प्रावधानों को सख्ती से लागू किया गया है। यूरोपीय संघ से आने वाले सेब की लैंडेड कीमत 96 प्रति किलो से कम नहीं होती, न्यूज़ीलैंड से आने वाला सेब लगभग140 प्रति किलो की प्रीमियम श्रेणी में आता है, जबकि अमेरिका से आने वाले सेब पर आयात शुल्क सहित कीमत लगभग 105 प्रति किलो रहती है। उन्होंने कहा कि तय कोटे से अधिक आयात होने पर शुल्क और बढ़ जाता है, जिससे सस्ता विदेशी सेब भारतीय मंडियों में नहीं उतर सकता। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश में सेब का घरेलू उत्पादन लगभग 22 लाख मीट्रिक टन है, जबकि आयात करीब 5.5 लाख मीट्रिक टन के आसपास ही सीमित है और वह भी पूरी तरह नियंत्रित ढांचे में होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस समेत कुछ अन्य दल सेब के मुद्दे पर बेवजह भरम फैला रहे हैं, जबकि तथ्य साफ हैं कि केंद्र सरकार ने बागवानों के हितों की हर स्तर पर हिफ़ाज़त की है। जय राम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिमाचल के सेब बागवानों के साथ मजबूती से खड़ी है और भविष्य में भी उनकी आय, बाजार और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाते।

## हिमाचल के स्कूलों में 1 मार्च से मोबाइल फोन पर रोक, जल्द जारी होगी एसओपी : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 1 मार्च से छात्रों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाएगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य स्कूलों में अनुशासन कायम करना और पढ़ाई के माहौल को बेहतर बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन के कारण कक्षाओं में पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, जिसे देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस संबंध में एक विस्तृत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जल्द ही जारी की जाएगी, जिसमें यह स्पष्ट होगा कि किन परिस्थितियों में और किस स्तर पर मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। एसओपी के जरिए यह भी तय किया जाएगा कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में क्या कार्रवाई होगी, ताकि राज्यभर के सभी स्कूलों में एक समान व्यवस्था लागू की जा सके। रोहित ठाकुर ने कहा कि यह फैसला किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है। मोबाइल फोन जहां एक ओर तकनीक का साधन हैं, वहीं दूसरी ओर वे बच्चों का ध्यान पढ़ाई से भटकाने का बड़ा कारण भी बन चुके हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे इस नियम को सख्ती के साथ लेकिन संवेदनशीलता से लागू करें, ताकि छात्रों में अनुशासन के साथ जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो।

## बाबा बालकनाथ मंदिर ऑडिट : कर्मचारी और व्यवस्थाओं पर सवाल

# ऑडिट पैरा में शामिल हुए सेवानिवृत्त व कार्यरत कर्मचारी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** उत्तर भारत की प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट में हुए ऑडिट से इस बार सेवानिवृत्ति और कार्यरत कर्मचारी 'भौचक्के' हैं। कारण यह है कि ज्यादातर लोगों को 'ऑडिट पैरा' के दायरे में लाया गया है। इससे मंदिर की भीतरी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं। क्योंकि कई ऐसे पैरा भी लगाए गए हैं, जो पिछले सालों में हुए ऑडिट में दिखाए ही नहीं गए। लिहाजा वहां की सारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ऑडिट राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया है। यह ऑडिट दिसंबर 2024 तक हुए सिस्टम के मुताबिक किया गया है। लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि इस प्रक्रिया में ऑडिट विभाग ने संबंधित अधिकारियों पर भी सवाल खड़े किए हैं। क्योंकि इस मंदिर में व्यवस्था बनाने के लिए वह सभी तरह केजवाबदेह अधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं, जिनकी देखरेख में ही यह सब कुछ अंतिम फैसले के रूप में सामने आता है। अब यदि 'ऑडिट पैरा' लगे हैं, तो फिर सवाल यही उठता है कि जिन अधिकारियों और संबंधित जबावदेह कर्मचारियों की वजह से मौजूदा नई स्थिति खड़ी हुई है, उसका दोषी आखिर कौन है?

करीब पांच दर्जन सेवानिवृत्ति और कार्यरत कर्मचारी को ऑडिट पैरा में शामिल किया गया है। कार्यरत ज्यादातर कर्मचारी इसमें शामिल किए गए हैं। जिस कारण व्यवस्था पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जिस जल्दबाजी में यह ऑडिट इस बार हुआ है, उसमें प्रॉपर रिकॉर्ड भी संबंधित एडिटर को मौके पर दिखाने में कहीं कोई 'चूक' हुई है या फिर कोई और कारण रहा है। यह सारे सवाल फिलहाल चर्चा में है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### पिछले ऑडिटर भी चर्चा में, सिस्टम में दिखी खामियां

**पिछले** ऑडिटर भी इस सारे मामले को लेकर सवालों के घेरे में आएंगे, क्योंकि हर साल होने वाले इस ऑडिट में जो चीजें पहले पैरा नहीं बनीं, अब अचानक ऐसा क्या हो गया कि सवाल खड़े होने लगे, लेकिन एक बात तय है कि सिस्टम में सब अच्छा की स्थिति दिख नहीं रही, इस कारण अंदरुनी व्यवस्था में लीन जवाबदेहों की चिंता भी निश्चित रूप में बढ़ सकती है। ट्रस्ट में मंदिर व्यवस्था में लगे कर्मचारी और पुजारी, इसके तहत आने वाले शिक्षण संस्थान जिनमें दो कॉलेज और एक स्कूल शामिल हैं। इसमें भी काफी कर्मचारी ऑडिट पैरा के शिकंजे में हैं। उनके वित्तीय लाभों के मामलों में भी ऑडिट पैरा इस बार लगाए गए हैं।

### डिटेल मंगवाई है, थोड़ा वक्त लगेगा : एसडीएम

**बड़सर** की एसडीएम और बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट की चेयरमैन स्वाति डोगरा का कहना है कि ऑडिट पैरा इस बार काफी लगे हैं। कुल कितनी रिकवरी के यह पैरा हैं, इसकी डिटेल रिपोर्ट मंगवाई गई है, थोड़ा वक्त लगेगा। उसके बाद इन ऑडिट पैरों को हटाने के लिए कमेटी गठित होगी, जो इन्हें हटाने पर काम करेगी।

# 'पेंशन कोई भीख नहीं, हमारा संवैधानिक अधिकार है' : इंद्र ठाकुर

*प्रदेश में इन दिनों सरकार और पेंशनरों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। एक ओर सरकार आर्थिक संकट का हवाला दे रही है, तो दूसरी ओर पेंशनर अपने हक के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। इसी मुद्दे पर **अनंत ज्ञान के बिलासपुर जिला प्रभारी अरुण डोगरा रीतू** ने हिमाचल प्रदेश पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र ठाकुर से विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं उस बातचीत के प्रमुख और तीखे अंश...*

**सवाल: प्रदेश में कर्मचारियों और पेंशनरों को इन दिनों भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आप इसे कैसे देखते हैं?**

**जवाब:** यह एक संक्रमण काल नहीं, बल्कि पेंशनरों के धैर्य की परीक्षा का समय है। आज हालात यह हैं कि पेंशनर एक-एक पाई के लिए जूझ रहे हैं। केंद्र सरकार की तर्ज पर महंगाई भत्ता मिलना चाहिए था, लेकिन पिछले पांच वर्षों से हिमाचल में डीए के साथ खुला खेल खेला जा रहा है। यह कहना गलत होगा कि यह केवल वर्तमान सरकार में हुआ—इसकी शुरुआत भाजपा शासन में हुई थी, लेकिन अब तो इसे मजाक बना दिया गया है।

**सवाल: महंगाई भत्ते की किस्तें घोषित होती हैं, लेकिन मिलती नहीं। इसकी असली वजह क्या है?**

**जवाब:** 2022 के बाद केंद्र के अनुसार दो किस्तें देनी थीं। तीसरी किस्त में से एक प्रतिशत काट लिया गया। पेंशनर लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के सामने अफसरशाही सही तस्वीर नहीं रख रही। यही कारण है कि किस्तें अटकी हुई हैं। 1-1-2016 के बाद एरियर और मेडिकल बिल बंद पड़े हैं। हालात यह हैं कि केंद्र सरकार ने 8वां वेतन आयोग तक घोषित कर दिया और हम आज भी छठे वेतनमान में उलझे हुए हैं।

**सवाल: सरकार का तर्क है कि हर महीने पेंशन देने के लिए उसके पास पैसे नहीं होते। आप क्या कहेंगे?**

**जवाब:** यह बहाना अब पुराना और घिसा-पिटा हो चुका है। सवाल यह है कि आर्थिक संकट सिर्फ पेंशनरों के लिए ही क्यों? सरकार अपने वेतन, भत्ते और सुविधाएं लगातार बढ़ा रही है। मंत्रियों और चेयरमैनों की फौज पर कोई तंगी नहीं, लेकिन कर्मचारी और पेंशनर तड़प रहे हैं। अपनों को लाभ पहुंचाने के लिए बाकी सबको नजरअंदाज किया जा रहा है।



**सवाल: ओपीएस को लेकर विपक्ष सवाल उठा रहा है, सरकार इसे अपना पहला वादा बता रही है।**

**जवाब:** कांग्रेस ने ओपीएस को चुनावी मुद्दा बनाया और लागू भी किया—इसके लिए हम सरकार का धन्यवाद करते हैं। लेकिन ओपीएस के नाम पर हर कुर्बानी देना सही नहीं। हालत यह है कि 100-100 रुपए के मेडिकल बिल तक पास नहीं हो रहे। 27 अक्टूबर को धर्मशाला में और बाद में घुमारवीं में मुख्यमंत्री ने 40 दिन का भरोसा दिया था, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हुआ। सरकार केवल आश्वासन दे रही है, काम नहीं।

इंद्र ठाकुर (हिमाचल प्रदेश पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष)
अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत

**सवाल: सेवानिवृत्त लोगों को समय पर पेंशन न मिलना कितना गंभीर विषय है?**

**जवाब:** यह बेहद शर्मनाक और पीड़ादायक स्थिति है। सेवानिवृत्त लोग आज एक किस्म से बोझ समझे जाने लगे हैं। न घर में उनकी कद्र है, न सरकार में। मंत्रियों के लिए महंगी गाड़ियां खरीदी जा रही हैं, मेडिकल अलाउंस दिए जा रहे हैं, लेकिन पेंशनरों के नाम पर कुछ भी नहीं।

**सवाल: क्या वाकई स्थिति इतनी खराब है?**

**जवाब:** बिल्कुल। यह पूरा मामला अफसरशाही का खेल है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया—यही हाल है। सरकार दोमुंहा रवैया अपना रही है। बयान कुछ और, ज़मीनी सच्चाई कुछ और।

**सवाल: अपने भत्ते बढ़ाने के समय सत्ता और विपक्ष एक साथ क्यों हो जाते हैं?**

**जवाब:** क्योंकि यह एक फिक्स मैच है। जो आज सत्ता में हैं, वे कल विपक्ष में थे और जो आज विपक्ष में हैं, वे सत्ता में रह चुके हैं। विपक्ष में रहकर शोर मचाना और सत्ता में आकर भूल जाना—यही परंपरा बन गई है। वर्तमान सरकार ने कहा था कि उनकी सरकार में कर्मचारी मजे करेंगे, लेकिन आज कर्मचारी सबसे ज्यादा परेशान हैं।

**सवाल: पेंशन न मिलने से पेंशनरों को कितनी परेशानी हुई है?**

**जवाब:** स्थिति बेहद भयावह है। एक अनुमान के अनुसार, 1000 से अधिक पेंशनर बिना भत्ते और बिना मेडिकल क्लेम के ही दुनिया से चले गए। अफसोस की बात यह है कि सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

**सवाल: आने वाले समय में पेंशनर महासंघ की क्या रणनीति होगी?**

**जवाब:** हमने हमेशा शालीनता से अपनी बात रखी है—प्रतिवेदन दिए, मुलाकातें कीं, लेकिन अमल नहीं हुआ। अब समय आ गया है कि सभी पेंशनर और कर्मचारी एकजुट हों। पद और पोजीशन अलग रखें, लेकिन एक फ्रंट पर इकट्ठे होकर संघर्ष करें। तभी कुछ हासिल होगा।

## भाजपा ने प्रदेश की आर्थिक रीढ़ तोड़ी अब फैला रही है भ्रम : राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति के लिए पूरी तरह भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल के अंतिम दो महीनों में ऐसे कई फैसले और कार्य किए, जिनसे प्रदेश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और उसका खामियाजा आज वर्तमान सरकार को भुगतना पड़ रहा है।

राजेश धर्माणी ने कहा कि आरडीजी (राज्य विकास अनुदान) के मामले में भी भाजपा जनता को भ्रमित कर रही है, जबकि इसके लिए भाजपा स्वयं जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने ऐसे कोई ठोस निवेश नहीं किए, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना निवेश के केवल अनुदानों पर निर्भर रहना दीर्घकालिक समाधान नहीं होता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को केंद्र से लगभग 16 हजार करोड़ जीएसटी के रूप में मिले, लेकिन इस राशि का कहीं भी ऐसा उपयोग नहीं किया गया जिससे प्रदेश की आय बढ़ती। इसके अलावा करीब 50 हजार करोड़ की आरडीजी ग्रांट भी प्राप्त हुई, लेकिन उसका भी सही और दूरदर्शी उपयोग नहीं किया गया। अब भाजपा अपने ही क्रियाकलापों की जिम्मेदारी लेने के बजाय वर्तमान सरकार पर दोष मढ़ रही है, जो पूरी तरह अनुचित है।

राजेश धर्माणी ने भरोसा दिलाया कि वर्तमान सरकार किसी भी दबाव में आए बिना प्रदेश को आर्थिक संकट से बाहर निकालने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। पत्रकारवार्ता में जिला पार्षद गौरव शर्मा तथा हिमुडा के डायरेक्टर जितेंद्र चंदेल भी उपस्थित थे।

# शाहपुर हलके में जलशक्ति योजनाओं पर खर्च हो रहे 80 करोड़: पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने मंझग्रां पंचायत में तीन विद्युत हैंडपंपों का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान



मंझग्रां पंचायत में हैंडपंप का लोकार्पण करते उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में जलशक्ति विभाग की विभिन्न पेयजल योजनाओं पर लगभग 80 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जा रही है। यह बात शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंझग्रां पंचायत के वार्ड नंबर 5 ददरोली, वार्ड नंबर 2 सात्विक मैरिज पैलेस के पास व डुखरू वार्ड 3 में विद्युत संचालित हैंडपंपों के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि सड़क बिजली, पानी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह वचनबद्ध है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में लंबे समय से पेयजल समस्या बनी हुई थी। इन तीन विद्युत संचालित हैंडपंपों पर लगभग 9 लाख रुपए की लागत आई है, जिससे पंचायत के लगभग 65 परिवारों के सैकड़ों लोगों को शुद्ध एवं निर्बाध पेयजल सुविधा मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि द्रमण और मंझग्रां में अंडर पास बनाए जाएंगे, जिसके लिए एनएचएआई को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने ददरोली निवासी भूरी सिंह को आवास निर्माण के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीडी शर्मा, जिला परिषद सदस्य नीना ठाकुर, प्रधान अजय बबली सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्य सचेतक का आभार व्यक्त किया।

## योल कैंट स्कूल में सुरक्षित इंटरनेट और साइबर सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** योल कैंट हाई स्कूल में विद्यार्थियों और उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला के कर्मचारियों के लिए सुरक्षित इंटरनेट और साइबर सुरक्षा विषय पर वर्कशॉप आयोजित की गई। सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरुकता फैलाना है। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि डिजिटल युग में व्यक्तिगत डेटा, वित्तीय जानकारी और निजता की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने साइबर अपराध और ठगी से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड, मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, सॉफ्टवेयर अपडेट और संदेहास्पद लिंक्स से सतर्क रहने पर जोर दिया। एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अक्षय मेहता ने इंटरनेट सुरक्षा पर विस्तृत प्रस्तुति दी। एडीआईओ सरवजीत कुमार और अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए।

# तीन माह से वेतन न मिलते पर क्रस्ना लैब कर्मियों ने की हड़ताल

## कर्मचारियों ने तीन घंटे तक कामकाज रखा ठप, मरीज हुए परेशान

◆ सरकार की ओर से कंपनी को 100 करोड़ रुपए का भुगतान न करने पर उपजी स्थिति

अनंत ज्ञान


धर्मशाला अस्पताल में हड़ताल करते क्रस्ना कर्मचारी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेशभर के स्वास्थ्य संस्थानों में स्थित क्रस्ना लैब में सेवाएं दे रहे कर्मियों ने तीन माह से वेतन न मिलने के विरोध में हड़ताल की। धर्मशाला जोनल अस्पताल स्थित क्रस्ना लैब कर्मियों ने तीन घंटे तक कामकाज ठप रखा। इस दौरान जहां टेस्ट करवाने आए मरीजों को दिक्कतें पेश आईं, जबकि गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के टेस्ट मौके पर किए। वहीं, रिपोर्ट लेने आए मरीजों व तीमारदारों को भी सेवाएं दी गईं। गौरतलब है कि क्रसना कंपनी को प्रदेश सरकार से करीब 100 करोड़ रुपए लेना है, जिसकी अदायगी न होने के चलते कंपनी प्रबंधन के निर्देशानुसार तीन घंटे की हड़ताल की गई। धर्मशाला स्थित क्रस्ना लैब के सेंटर मैनेजर पंकज सूद ने बताया कि प्रदेश में करीब 1500 से 1800 कर्मी क्रस्ना लैब में सेवाएं दे रहे हैं, जिन्हें तीन माह से वेतन न मिलने की वजह से खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार पर क्रस्ना कंपनी का 100 करोड़ रुपए लंबित है, जिसका भुगतान न होने के चलते हड़ताल जैसा कदम उठाना पड़ा है। पूर्व में भी इसी तरह से लैब कर्मियों को हड़ताल को मजबूर होना पड़ा था, उस समय सरकार की ओर से कुछ राशि का भुगतान कंपनी को कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि तीन माह से वेतन न मिलने के चलते लैब कर्मियों को मकान किराया, बच्चों की स्कूल फीस व परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि कंपनी को लंबित भुगतान जल्द किया जाए, जिससे कि उन्हें वेतन मिल सके तथा वे अपनी सेवाएं निर्बाध रूप से दे सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ में 12 को चलेगा स्वच्छता अभियान

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है कि 12 फरवरी को प्रातः 10:30 से 11:30 बजे घट्टा प्वॉइंट बैजनाथ में आयोजित सामुदायिक स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक भाग लें। इस अभियान में वेस्ट वॉरियर्स, तिब्बती समुदाय और सेवानिवृत्त सैनिक भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। 'हमारे पहाड़, हमारी जिम्मेदारी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। एसडीएम ने कहा कि सुरक्षा उपकरण और जलपान की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर अपने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में योगदान दें।

### वॉलंटियर्स को दी आग पर काबू पाने की जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** द हंस फाउंडेशन भवारना की ओर से मूंढी में मंगलवार को बेसिक फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वन विभाग, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ तथा हंस फाउंडेशन के वॉलंटियर्स ने भाग लिया। आठ पंचायतों से फायर फाइटर वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। वॉलंटियर्स को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपायों तथा आग पर काबू पाने की जानकारी दी। वॉलंटियर्स को फायर फाइटिंग गियर और सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में वे सुरक्षित व प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।

### ठानपुरी में आज बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के सर्वसाधारण विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि बुधवार को 63 केवीए ट्रांसफार्मर चांद होटल ठानपुरी में विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी और अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किए जाएंगे। जनता से सहयोग की अपील की जाती है। यह जानकारी सहायक अभियंता ई. आर ईशानी भट्टू ने दी।

### धर्मशाला में सजेगी भारत-मलेशिया कला प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा कला संग्रहालय धर्मशाला में तीन दिवसीय भारत-मलेशिया कला प्रदर्शनी का आयोजन 11 से 13 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी बतौर मुख्यातिथि करेंगे। संग्रहालय की संग्रहालयाध्यक्ष रितु मलकोटिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी में करीब 35 कलाकारों की प्रदर्शनियां प्रदर्शित होंगी। उन्होंने जानकारी दी कि मलेशिया के 14 कलाकारों की कृतियां यहां पहुंच गई हैं। वहीं, धर्मशाला के तीन कलाकारों के अलावा देश के अन्य क्षेत्रों में पठानकोट, चंडीगढ़, जयपुर के कलाकार भी प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

## स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली पर कांग्रेस सरकार पर बरसे विपिन परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने भवारना, पनापर, थुरल और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक सामाजिक समारोह के बाद बड़ी संख्या में लोगों के बीमार पड़ने की घटना ने सरकार की असंवेदनशीलता, अव्यवस्था और दिखावटी शासन को उजागर कर दिया है। कई मरीजों को सिविल अस्पताल धीरा और भवारना में भर्ती कराना पड़ा। परमार स्वयं दोनों अस्पतालों में पहुंचे और मरीजों का हाल जाना। कुछ मरीजों को छुट्टी मिल चुकी है, जबकि कई का इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में धीरा सिविल अस्पताल का उद्घाटन किया गया, लेकिन वहां न तो आवश्यक सुविधाएं हैं और न ही बुनियादी ढांचा पूरा है। अस्पताल में एसटीपी नहीं बना है, एंबुलेंस पहुंचने का रास्ता नहीं है और करीब 20 प्रतिशत कार्य अधूरा है। न बेड हैं, न डॉक्टर और न ही स्टाफ। उन्होंने सवाल उठाया कि यह उद्घाटन जनता के लिए था या केवल फोटो खिंचवाने के लिए। परमार ने मिनी सचिवालय भवन का जिक्र करते हुए कहा कि इसके लिए उन्होंने स्वयं 10.30 करोड़ रुपये स्वीकृत करवाए थे, लेकिन आज भवन अधूरा पड़ा है और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि आधे-अधूरे भवनों का उद्घाटन जनता के साथ छल है और कांग्रेस सरकार प्रदेश को गलत दिशा में ले जा रही है।



## ऊना में 16 को होगा एचपीसीए पुरुष अंडर 19 टीम के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से पुरुष अंडर-19 टीम के लिए ट्रायल का आयोजन 16 फरवरी को सुबह बजे से इंदिरा स्टेडियम ऊना में किया जाएगा। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि इस ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी का जन्म 1.09.2007 को या उसके बाद होना चाहिए। खिलाड़ी का जन्म हिमाचल प्रदेश के अधिकार क्षेत्र से बाहर हुआ है, तो उसे हिमाचल प्रदेश के किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ा होना चाहिए। इसके साथ ही खिलाड़ी के पास स्कूली प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज होने चाहिए। ट्रायल में एचपीसीए से पंजीकृत खिलाड़ियों को भाग लेने का मौका मिलेगा। जबकि खिलाड़ी को अपने साथ क्रिकेट किट लानी होगी।

## चिट्टे के धंधे में संलिप्त लोगों पर पुलिस की नजर

# एक माह में चिट्टे के दस मामले दर्ज, 18 आरोपी काबू

◆ सूचना के आधार पर पुलिस कस रही तस्करों पर शिकंजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में चिट्टे के धंधे में संलिप्त लोगों पर पुलिस निरंतर नजर बनाए हुए है। पुलिस को मिल रही गुप्त सूचनाओं के आधार पर चिट्टा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है।

पिछले एक माह में जिले में नशा तस्करी के 10 मामले दर्ज कर पुलिस ने 18 के करीब आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस अवधि के दौरान डेढ़ किलोग्राम से अधिक चरस और 85 ग्राम से अधिक चिट्टा विभिन्न मामलों में बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

एएसपी जिला कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि डेढ़ किलो चरस और 85 ग्राम से अधिक चिट्टा पिछले एक माह में पकड़ा जा चुका है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत दस मामले दर्ज कर 18 के करीब आरोपियों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अधिकतर हिमाचल से संबंधित हैं, जबकि पंजाब से संबंधित आरोपी भी इन मामलों में संलिप्त पाए गए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार पुलिस की ओर से कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एएसपी ने बताया कि चिट्टे के मामलों में पुरुषों के साथ महिलाएं भी पकड़ी जा रही हैं। पुलिस सूचना के आधार पर ऐसे मामलों में कार्रवाई कर रही है।

## 35.73 ग्राम चिट्टे के साथ युवक और 212 ग्राम चरस के साथ महिला सहित 2 काबू

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नशा तस्करी के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस की ओर से दो विभिन्न स्थानों पर करवाई करते 35.73 ग्राम चिट्टे सहित एक युवक और 212 ग्राम चरस के साथ एक महिला सहित दो को गिरफ्तार किया है। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत नाके लगाकर अथवा आवश्यकता अनुसार तलाशी अभियान चलाकर नशा तस्करों की धरपकड़ की जा रही है। इसके चलते थाना डमटाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए साहिल उर्फ मिंटू (24), निवासी वार्ड नंबर 7, डमटाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के स्टोर में छापेमारी कर 35.73 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस थाना डमटाल में मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने रमन कुमार निवासी गांव डसौली जवाली तथा राशी निवासी पालमपुर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर करवाई करते हुए पुलिस ने तलाशी के दौरान 212 ग्राम चरस बरामद कर गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# नगरोटा बगवां कॉलेज की छात्रा प्रीति ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा



अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के वाणिज्य विभाग की एमकॉम छात्रा प्रीति ने एनटीए द्वारा आयोजित नेट परीक्षा में 81 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ने प्रीति को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रीति ने सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया। कार्यक्रम में डॉ. मनजीत, डॉ. राजीव कुमार और डॉ. सोनिका भी मौजूद रहे और छात्रा को आगे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय परिवार ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# तृप्ता पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नवाजा

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने किया सम्मानित, क्षेत्र में खुशी का माहौल

अनंत ज्ञान



**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के प्रिंसिपल राकेश राणा सम्मान मिलने पर पूरे जवाली क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य राकेश को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस उपलक्ष्य पर स्कूल के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और मैनेजमेंट कमेटी ने प्रधानाचार्य राकेश राणा को उनके शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं और उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि प्रधानाचार्य राकेश ने शिक्षा क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका अदा की है।

उन्होंने शिक्षा की नई से नई विधियों द्वारा अपने शिक्षकों को समय-समय पर अवगत करवाया है, जिसका परिणाम बच्चों का हर क्षेत्र में अपना स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों की प्रतिभा को आगे लाने में विशेष योगदान दिया है, जिससे बच्चों ने उनके मार्गदर्शन से विभिन्न क्षेत्रों में अपना एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं, स्कूल के होनहार विद्यार्थियों को भी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सम्मानित किया, जिन्होंने शिक्षा में अपनी उपलब्धि हासिल की है, जिनमें समर्थ डढवाल, अन्वी, इशानी धीमान, विभूति धीमान, कनिका चौधरी को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और मैनेजमेंट कमेटी ने प्रधानाचार्य राकेश राणा और सभी बच्चों को बधाई दी है।

## नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत हिमाचल के 4 स्वयं सहायता समूहों को प्रदान किए ड्रोन

◆ केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान। ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि केंद्र प्रायोजित नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 4 स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए गए हैं। इनमें से कांगड़ा जिले के किसी भी स्वयं सहायता समूह को ड्रोन प्रदान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने सेल्फ हेल्प ग्रुप को ड्रोन प्रदान करने के लिए वर्ष 2023-24 और वर्ष 2025-26 के लिए 1261 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। उन्होंने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को बताया कि देश की अग्रणी फर्टिलाइजर कंपनियों ने अपने संसाधनों के उपयोग से वर्ष 2023-24 के दौरान 1094 ड्रोन वितरित किए, जिसमें से 500 ड्रोन नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत वितरित किए गए हैं।

# युवाओं के लिए ऐतिहासिक और दूरदर्शी है केंद्रीय बजट: अरविंद

अनंत ज्ञान


संवाद कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित किया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजयुमो के सह मीडिया प्रभारी अरविंद चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 पूरी तरह युवाओं को केंद्र में रखकर बनाया गया बजट है, जो शिक्षा, कौशल, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में नए भारत की मजबूत नींव रखता है।

यह बात अरविंद ने मंगलवार को प्रदेश भाजयुमो की ओर से ज्ञान ज्योति इंस्टिट्यूट ऑफ बैचलर एजुकेशन राजोल (मंडल लदवाड़ा) में आयोजित युवाओं से संवाद कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि भारत के भविष्य युवाओं को सशक्त बनाने का संकल्प पत्र है। बजट युवाओं को केवल रोजगार ढूंढने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में एक ठोस और दूरगामी कदम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केंद्र सरकार के बजट 2026-27 की मंशा, प्रमुख प्रावधानों एवं इसके दूरगामी लाभों से अवगत कराना तथा युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता साहिल शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान बजट में युवाओं के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें शिक्षा एवं उच्च प्रशिक्षण को बढ़ावा, कौशल विकास योजनाओं का विस्तार, स्टार्टअप, नवाचार एवं स्वरोजगार के नए अवसर, डिजिटल सशक्तिकरण एवं तकनीकी दक्षता, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रमुख हैं।

प्रदेश प्रवक्ता साहिल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की हर नीति का केंद्र बिंदु युवा रहा है और बजट 2026-27 उसी सोच को और अधिक मजबूत करता है, जिससे युवा आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# मजदूर वर्ग के सम्मान और अधिकारों से नहीं होगा समझौता : शशि लता



महाअधिवेशन में देशभर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**गरली।** ओडिशा में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के 21वें त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में हिमाचल के गरली की आवाज पूरे दमखम से गूंजी।

अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ की उपाध्यक्ष शशि लता ने राष्ट्रीय मंच से श्रमिकों की अनदेखी पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि मजदूर वर्ग के सम्मान और अधिकारों से समझौता नहीं होगा। 6 से 8 फरवरी आयोजित इस महाअधिवेशन में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्रमिक हित, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम वेतन, आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय और असंगठित क्षेत्र की चुनौतियों जैसे मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। केंद्र सरकार के हालिया बजट को लेकर संगठन ने असंतोष जताते हुए कहा कि संगठित और असंगठित श्रमिक वर्ग की प्रमुख मांगों को अपेक्षित महत्व नहीं दिया गया। राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण पद पर आसीन शशि लता की उपस्थिति ने गरली और हिमाचल की पहचान को राष्ट्रीय मंच पर नई ऊंचाई दी। अधिवेशन के बाद भारतीय मजदूर संघ ने 25 फरवरी को प्रधानमंत्री के नाम राष्ट्रव्यापी ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। यह ज्ञापन ब्लॉक, जिला और प्रदेश स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। गरली की शशि लता ने साफ कर दिया है कि श्रमिक अस्मिता की लड़ाई अब और तेज होगी और हिमाचल की भागीदारी इस संघर्ष में अग्रिम पंक्ति में रहेगी।

**गुड न्यूज** पर्यटकों को देखने को मिलेगी साइंटिफिक फूलों की खेती की झलक, अलग-अलग 50,000 ट्यूलिप बल्ब लगाए

# पालमपुर में लोगों के लिए खुला ट्यूलिप गार्डन

◆ ट्यूलिप गार्डन सुबह 9 से शाम 5:30 तक और रविवार को भी खुला रहेगा : डॉ. सुदेश

अनंत ज्ञान


गार्डन में दिखाई है साइंस से बनी फूलों की खेती। अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** धौलाधार की वादियों में स्थित सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी पालमपुर में बनाया ट्यूलिप गार्डन मंगलवार को आम लोगों के लिए खोल दिया गया। ट्यूलिप गार्डन प्रदेश ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुका है। यह कश्मीर के बाद दूसरा तथा हिमाचल प्रदेश का दूसरा ट्यूलिप गार्डन है। गार्डन में आने वालों पर्यटकों को फूलों के रंगों का शानदार नजारा और साइंटिफिक फूलों की खेती की झलक देखने को मिलेगी।

इस गार्डन का औपचारिक उद्घाटन पालमपुर के सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट डॉ. ओपी यादव ने सीएसआईआर-आईएचबीटी परिसर में किया। इस साल इंस्टीट्यूट ने छह अलग-अलग तरह के 50,000 ट्यूलिप बल्ब लगाए हैं, जो हिमालयी इलाके के लिए सही बल्बनुमा सजावटी फसलों की खेती में इसकी एक्सपर्टीज को दिखाते हैं। इस मौके पर सीएसआईआर-आईएचबीटी के डायरेक्टर डॉ. सुदेश कुमार यादव ने कहा कि ट्यूलिप गार्डन साइंस पर आधारित फूलों की खेती का एक मॉडल है, जहां रिसर्च, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, किसानों की भागीदारी और लोगों तक पहुंच मिलकर देश में सजावटी बागवानी को बढ़ावा देती है। इस तरह की कोशिशें न सिर्फ साइंटिफिक इनोवेशन को मजबूत करती हैं, बल्कि फूलों की खेती के सस्टेनेबल तरीकों के बारे में जागरुकता पैदा करने में भी मदद करती हैं।

### साइंटिफिक टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

**डॉ.** सुदेश कुमार यादव ने कहा कि उम्मीद है कि ट्यूलिप गार्डन देश के सभी हिस्सों से बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करेगा, जिससे इस इलाके में साइंटिफिक टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में लगभग 4 लाख से अधिक तथा पिछले साल पूरे भारत से लगभग एक लाख से ज्यादा पर्यटक इस गार्डन को देखने आ चुके हैं, जो नेचर लवर्स, टूरिस्ट्स और स्टूडेंट्स के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि गार्डन को देखने का समय सुबह 9 से शाम 5:30 तक है तथा रविवार को भी खुला रहेगा। गार्डन देखने का कोई शुल्क नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-आईएचबीटी पब्लिक एंगेजमेंट के अलावा नेशनल लैंडस्केपिंग इनिशिएटिव में भी अपना योगदान दे रहा है।

### ट्यूलिप बल्ब आपूर्ति से राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी सीएसआईआर-आईएचबीटी की पहचान

**डॉ.** सुदेश कुमार ने बताया कि इंस्टीट्यूट ने पब्लिक लैंडस्केप डिस्प्ले के लिए नई दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल को 22,000 ट्यूलिप बल्ब सप्लाई किए हैं, जो मजबूत इंस्टीट्यूशनल कोलेबोरेशन और हाई-क्वालिटी, देसी प्लांटिंग मटीरियल की बढ़ती नेशनल डिमांड को दिखाता है। इसके अलावा पालमपुर के सौरभ वन विहार में ट्यूलिप गार्डन बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश स्टेट फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को 3,000 ट्यूलिप बल्ब सप्लाई किए गए हैं। साइंस, सुंदरता और पब्लिक पार्टिसिपेशन के अपने मेल से, सीएसआईआर-आईएचबीटी ट्यूलिप गार्डन भारत में ऑर्नामेंटल हॉर्टिकल्चर के लिए एक बड़ा अट्रैक्शन और बेंचमार्क बनता जा रहा है।

# विजय की महीन कारीगिरी का अयोध्या का आरसेटी भी मुरीद

## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का दिलाया विशेष प्रशिक्षण

◆ 25 वर्ष से बैंबू क्राफ्ट का कार्य कर रहे शाहपुर के विजय

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** विजय की महीन कारीगिरी का अयोध्या का ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) भी मुरीद है। राम मंदिर निर्माण का आरसेटी अयोध्या ने स्थानीय लोगों को विशेष प्रशिक्षण दिलाया है, जिसके लिए विजय मेहरा को विशेष आग्रह के तहत अयोध्या बुलाया गया था।

विजय पिछले ढाई दशक से बैंबू क्राफ्ट के कार्य से जुड़े हुए हैं। यहां जिक्र हो रहा है शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के मकड़ोटी गांव के विजय



बैंबू से बनाई श्रीराम मंदिर की कृति के साथ विजय। अनंत ज्ञान

मेहरा का, जो कि वर्तमान में श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम के समीप विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के प्रोडक्ट की हिम ईरा शॉप में कार्यरत हैं। विजय अब तक 600 से अधिक महिलाओं को आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षित कर चुके हैं, जिनमें हिमाचल सहित उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड की महिलाएं भी शामिल हैं। अनंत ज्ञान से बातचीत में विजय मेहरा ने बताया कि बरसात के दौरान मुझे अयोध्या से आरसेटी के डायरेक्टर ने फोन करके लोगों को बांस से राम मंदिर बनाने प्रशिक्षण देने की बात कही थी। उस समय प्रदेश में बरसात का दौर जारी था, तो मैंने बरसात के बाद आने की बात कही। इस पर डायरेक्टर आरसेटी ने सीडीओ से स्टेट कंट्रोलर को फोन करवाकर मेरे अयोध्या जाने की विशेष व्यवस्था करवाई। अयोध्या में मैंने महिलाओं को राम मंदिर बनाने की तीस दिन की ट्रेनिंग दी, जिसमें महिलाओं को 3डी और 4डी टाइप में राम मंदिर बनाना सिखाया। हालांकि शुरुआत में ट्रेनिंग प्रोग्राम 15 दिन का तय था, लेकिन जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई, तो ट्रेनिंग प्रोग्राम को भी 30 दिन का कर दिया गया। प्रशिक्षण में अयोध्या की महिलाओं के साथ, यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स, साज-सज्जा के कार्य से जुड़े लोग शामिल रहे थे।

# सीएमओ ने डायरिया प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, मरीजों का हालचाल जाना

## भवारना में पांच और सीएचसी धीरा में तीन मरीज उपचाराधीन, स्थिति सामान्य



अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलते सीएमओ डॉ. विवेक करोल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने डायरिया प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पनापर तथा नागरिक अस्पताल भवारना में उपचाराधीन मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना। मौके पर बीएमओ भवारना सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहे। बीएमओ भवारना की ओर से जानकारी दी गई कि वर्तमान में भवारना में पांच तथा सीएचसी धीरा में तीन मरीज उपचाराधीन हैं।

सभी मरीजों की स्थिति सामान्य एवं स्थिर बताई गई है। इसके अतिरिक्त पनापर गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया नियंत्रण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डायरिया के लक्षणों के साथ 25 मरीज जांच के लिए पहुंचे। सभी को आवश्यक उपचार एवं दवाइयां प्रदान की गईं। बीएमओ भवारना ने बताया कि स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है तथा डायरिया की स्थिति नियंत्रण में है।

## हैप्पी बर्थडे



जयसिंहपुर के यक्ष वर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## ऑल इंडिया इंटर महिला जोनल कबड्डी प्रतियोगिता में बेटियों ने दिखाया कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय ऑल इंडिया इंटर जोनल कबड्डी प्रतियोगिता (महिला) का दूसरे दिन बेटियों ने इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में अपना कौशल दिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में केकेएस विश्वविद्यालय रामटेक ने विनायक एमआरएफ सलेम को 32-16 अंकों से हराया।

वहीं, एलएन मिथिला विवि दरभंगा ने कोटा विवि राजस्थान को 40-30 अंकों से, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पंडित रविशंकर विवि रायपुर को 67-29 अंकों से, चंडीगढ़ विवि मोहाली ने भारतियार विवि कोयंबटूर को 50-40 अंक से, लवली प्रोफेशन विवि ने विनायिका मिशन रिसर्च फाउंडेशन सलेम को 36-13 अंको से हराया। इसके अलावा भारती विद्यापीठ विवि पुणे ने पंडित रविशंकर विवि रायपुर को 50-27 अंकों से, केकेके संस्कृत विवि रामटेक व डॉ. सीवी रमन विवि के बीच का रोमांचक मुकाबला बराबरी पर छूटा।

इसके अलावा गुरु काशी विवि पंजाब ने एलएन मिथिला विवि दरभंगा को 40-33 अंकों से परास्त किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को भी महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### बैजनाथ में सड़क किनारे सूखे व जर्जर पेड़ काटे



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम के निर्देशों के अनुसार उपमंडल के उस्तेहड़, टी फैक्टरी एवं गणेश बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े सूखे व जर्जर पेड़ों को काटा गया। एसडीएम ने बताया कि लंबे समय से स्थानीय लोग इन पेड़ों को लेकर शिकायत कर रहे थे, क्योंकि तेज हवाओं, बारिश या प्राकृतिक आपदाओं के दौरान इनके गिरने से हादसे की आशंका बनी रहती थी। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए, जिसके बाद विभाग की टीम ने चिन्हित पेड़ों को काटा। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी ऐसी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई कि वे खतरनाक पेड़ों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### महिला अधिकारों और सुरक्षा कानूनों पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** महिला शिकायत एवं निवारण प्रकोष्ठ द्वारा डॉ. स्वाति भटनागर के नेतृत्व में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं व छात्रों को महिलाओं के कानूनी अधिकारों और सुरक्षा प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने संसाधन व्यक्तियों के स्वागत के साथ की और ऐसे जागरुकता कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बैजनाथ से अधिवक्ता रोहित और अधिवक्ता नीना ठाकुर ने बतौर संसाधन व्यक्ति सहभागिता की। अधिवक्ता रोहित ने पोष अधिनियम और कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण की जानकारी दी, जबकि अधिवक्ता नीना ने महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, दहेज और उत्पीड़न जैसे विषयों पर चर्चा की। सत्र में लगभग 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में समिति के सदस्य व शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### आरडीजी बंद होने पर रोना बंद करे सरकार : राजेश

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के महामंत्री राजेश राणु ने कहा कि सुक्खू सरकार 16वें वित्त आयोग में आरडीजी बंद होने को लेकर बेवजह रोना रो रही है। उन्होंने कहा कि रेवेन्यू डिफिशिट ग्रांट को 12वें वित्त आयोग में अस्थायी राहत के रूप में लागू किया गया था और इसे 31 मार्च 2026 तक समाप्त किया जाना पहले से तय था। 13वें, 14वें और 15वें वित्त आयोग में विशेष परिस्थितियों में इसे बढ़ाया गया। राणु ने कहा कि आरडीजी किसी बदले की भावना से बंद नहीं की गई है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों सहित उत्तराखंड जैसे राज्यों में भी यह समाप्त की गई है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सरकार प्रदेश चलाने में असमर्थ है तो जनता से माफी मांगकर इस्तीफा दे।

### अंबाड़ी में लोगों को बताए ठगी से बचने के तरीके



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** केसीसी बैंक शाखा पठियार द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से अंबाड़ी गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को डिजिटल लेनदेन की जानकारी दी गई और साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, अटल पेंशन योजना और स्वयं सहायता समूहों के बारे में जानकारी दी गई। बचत खाते में नामांकन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। शिविर का संचालन केसीसी बैंक पठियार के सहायक प्रबंधक राजीव कुमार ने किया।

# बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में आंदोलन का ऐलान

## विद्युत पेंशनर्स फोरम नगरोटा सूरियां की बैठक में लिया फैसला

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स फोरम नगरोटा सूरियां की मासिक बैठक इकाई प्रधान त्रिलोक मैहरा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विश्राम गृह नगरोटा सूरियां में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन संघ नगरोटा सूरियां की सचिव सुभाषना भारती के निधन पर 2 मिनट के मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इकाई सचिव कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे बिजली बिल 2025 का कड़ा विरोध किया।

उन्होंने कहा कि यह बिल न तो देश, न प्रदेश जनता और न ही पेंशनर्स के हित में है, बल्कि केवल बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है। भारद्वाज ने स्मार्ट मीटर लगाने की योजना को विद्युत बोर्ड की संपत्तियों को निजी कंपनियों को बेचने का रास्ता बताया और कहा कि इससे 12 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरियां

◆ बिजली संशोधन बिल न तो उपभोक्ता और न ही कर्मचारियों पेंशनर्स के हित में : कृष्ण

खतरे में आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड में धन की कमी नहीं है, पैंशनर्ज के देय भुगतान रोके जाने का कारण कुप्रबंधन है। उन्होंने कहा कि बोर्ड में धन की कोई कमी नहीं है, जिस कारण से पेंशनर्स के देय भुगतान रोके हुए हैं, अपितु धन की कमी कुप्रबंधन के कारण है जिनमें सुधारों की जरूरत है। उन्होंने सभी को 12 फरवरी को दोपहर भोजन अवकाश के समय विद्युत उपमंडल नगरोटा सूरियां के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। यह आंदोलन ज्वॉइंट एक्शन कमेटी हिमाचल प्रदेश की अपील पर केंद्र सरकार और स्मार्ट मीटर नीति के खिलाफ जोरदार विरोध स्वरूप आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय बुद्धिजीवी और आम जनता का भी समर्थन लिया जाएगा।

# छात्रा मौत मामला : मोबाइलों की डिजिटल रिपोर्ट पुलिस को मिली

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत, रैगिंग और यौन उत्पीड़न मामले में आरएफएसएल लैब में भेजे गए सभी मोबाइलों की डिजिटल रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त हो गई। इसके अध्ययन के साथ ही पुलिस को अब इस मामले में अहम जानकारी प्राप्त हो सकती है। जानकारी के अनुसार छात्रा मौत मामले में पुलिस द्वारा मृतक छात्रा, सहेली व आरोपितों के मोबाइल जांच के लिए आरएफएसएल लैब में भेजे गए थे। इनमें कुछ आरएफएसएल रिपोर्ट पुलिस विभाग को पहले पहुंच गई थी, जबकि इस मामले में तीन मोबाइल फोन की डिजिटल रिपोर्ट लैब से आना बाकी थी।

◆ फोरेंसिक लैब जांच के लिए भेजे गए थे मोबाइल

अनंत ज्ञान फॉलोअप

अब लगभग आरएफएसएल की सारी रिपोर्ट पुलिस विभाग के पास पहुंच गई हैं, जिनका अध्ययन करते हुए पुलिस मामले के अहम पहलुओं को खंगाल रही है। जबकि बीते माह 29, 30 व 31 जनवरी को मामले में आरोपित सहायक प्रोफेसर का लाई डिटेक्ट, ब्रेन व वॉइस टेस्ट शिमला में हुआ है, जिसकी रिपोर्ट का पुलिस द्वारा इंतजार किया जा रहा है, जबकि इस मामले में आरोपित सहायक प्रोफेसर सहित दो छात्राओं की अंतरिम जमानत पर शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई होगी।

**क्या था मामला**

**धर्मशाला** की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके बाद 1 जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की 4 छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट, जबकि एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। मेडिकल बोर्ड ने छात्रा से जुड़े मामले में अपनी रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है, जिसके तहत जांच जारी है।

"मामले को लेकर जांच को भेजे गए मोबाइल फोनों की रिपोर्ट आरएफएसएल से प्राप्त हो चुकी है। जिनके अध्ययन के साथ ही मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है।

-अशोक रत्न, एसपी, जिला कांगड़ा

# कैप्टन विक्रम बतरा स्मारक निर्माण प्रस्ताव पर सेना की पश्चिमी कमान ने दिया आश्वासन



चंडीगढ़ में स्मारक निर्माण के समर्थन में सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिमी कमान के मेजर जनरल से मुलाकात की और परमवीर चक्र सम्मानित शहीद कैप्टन विक्रम बतरा की स्मृति में चंडीगढ़ में एक भव्य स्मारक निर्माण के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।

बैठक में संस्था की चेयरपर्सन आशा जसवाल, अध्यक्ष अमित राणा, विशिष्ट उपाध्यक्ष सुरेश राणा, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, महामंत्री सनी राजपूत, महामंत्री मिनाक्षी ठाकुर तथा सचिव राजपाल डोगर उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कारगिल युद्ध के महानायक कैप्टन विक्रम बतरा के सर्वोच्च बलिदान और अदम्य साहस को याद करते हुए चंडीगढ़ में एक प्रतिष्ठित स्मारक के निर्माण की अपील की। संस्था का मानना है कि यह स्मारक न केवल शहीद की अमर गाथा को चिरस्थायी रूप देगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा। मेजर जनरल ने प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत चर्चा की और प्रस्ताव को गंभीरता से लिया। मेजर जनरल ने आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव पर उचित कार्रवाई की जाएगी और इसे संबंधित उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की। बैठक के दौरान सैनिकों के कल्याण, पूर्व सैनिकों के पुनर्वास, तथा हिमाचली समाज की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। संस्था के पदाधिकारियों ने सैन्य परिवारों के सहयोग और शहीदों के आश्रितों की सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## ईमानदारी, बचत और समझदारी से चलता है प्रदेश का शासन : शांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का शासन ईमानदारी, बचत और समझदारी से चलता है। राजनीति में निहित स्वार्थ और सरकार गलत निर्णय करती जा रही है। मंगलवार को जारी बयान में शांता ने कहा कि आज हिमाचल का आर्थिक संकट गलत योजना, फिजूलखर्ची, भारी भरकम प्रशासन और बचत का बिलकुल न होना है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा उदाहरण है इतने भयंकर संकट में सरकार ने ब्राह्मण समुदाय का बोर्ड बनाया और उसमें छोटे से हिमाचल में 300 सदस्यों को नामित किया। ऐसे भयंकर आर्थिक संकट के समय इस प्रकार का अनावश्यक बोर्ड बनाना एक बहुत बड़ी राजनैतिक मूर्खता है। जब मुझे प्रदेश की सरकार को चलाने की जिम्मेवारी मिली थी तो सरकार को सरलता से फिजूल खर्ची से बचाने की कोशिश की थी। यद्यपि उस समय ऐसा आर्थिक संकट नहीं था तो भी मुझे लगा अगर प्रदेश में पानी देना है और मूलभूत सुविधाएं देनी है तो बचत करनी पड़ेगी। उन्होंने यह बचत अपने कार्यालय से शुरू की थी। एक फोन कटवा दिया। पूरे प्रदेश में अधिकारियों के फोनों की संख्या आधी रह गई। शांता ने कहा कि सबसे बड़ी फिजूलखर्ची गाड़ियों के दुरुपयोग से होती थी। मुख्यमंत्री के प्रवास के समय हर जिला का उपायुक्त आगे तक लेने के लिए आता था। शांता कुमार ने कहा कि सरकार कठोरता से बचत करने का निर्णय करे। नये साधन बनाने की कोशिश करे।

◆ कहा- राजनीति में निहित स्वार्थ और गलत निर्णय करती जा रही सरकार

# डीएलएड काउंसिलिंग का दूसरा राउंड अभ्यर्थियों को मिला एक और मौका

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से डीएलएड प्रवेश प्रक्रिया के द्वितीय चरण के दूसरे राउंड का आयोजन किया गया। इस विशेष काउंसिलिंग का उद्देश्य उन पात्र अभ्यर्थियों को एक और अवसर प्रदान करना है, जो शिक्षण क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर केवल व्यक्तिगत प्रगति का नहीं, बल्कि मेहनत और समर्पण के जरिए समाज सेवा की ओर कदम बढ़ाने का माध्यम है।

उन्होंने अभ्यर्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षक बनने के संकल्प को केवल रोजगार से न जोड़ें, बल्कि इसे समाज और प्रदेश निर्माण की एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें। काउंसिलिंग के दौरान मानवीय संवेदनाओं की एक मिसाल भी देखने को मिली। प्रदेश के दुर्गम और दूर-दराज के क्षेत्रों से आए अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डॉ. राजेश शर्मा ने वहां उपस्थित सभी परीक्षार्थियों के लिए दोपहर के भोजन का प्रबंध किया। विशेष बात यह रही कि भोजन की इस व्यवस्था का पूरा खर्च डॉ. शर्मा ने स्वयं वहन किया। अध्यक्ष के इस निर्णय का बोर्ड मुख्यालय पहुंचे युवाओं ने खूब प्रशंसा की। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने राज्य सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए विश्वास दिलाया कि बोर्ड एक पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और छात्र-हितैषी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

◆ बोर्ड अध्यक्ष ने निजी खर्च पर करवाई लंच की व्यवस्था

उन्होंने सभी भावी शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा और अध्ययन को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ें और भविष्य में हिमाचल प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में सहायक सचिव ने व्यवस्थाओं की सुचारु कार्यप्रणाली की पुष्टि की।

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

# पलक को मिस फेयरवेल चुना



12वीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में मंगलवार को 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया।

स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत फूलों तथा तिलक लगाकर लगाकर किया गया। वहीं, 12वीं कक्षा के छात्र रिजूल को मिस्टर फेयरवेल, रसम को डांसिंग दिवा, अंशिका मनकोटिया को मिस ब्यूटीफुल, पलक को मिस फेयरवेल, आदित्य मिस्टर इवनिंग, आयुष को मिस्टर हैंडसम, रिया स्टूडेंट ऑफ द ईयर, रुचिका डांसिंग दिवा, अभय पर्सनैलिटी श्रुति स्टूडेंट ऑफ द ईयर, रिंपी मिस इवनिंग, अंशिका वलोरिया मिस फेयरवेल और इशिता को मिस पर्सनैलिटी चुना गया। स्कूल की ओर से 12वीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। छात्र-छात्राओं ने अपनी खुशी को व्यक्त करते हुए कमेटी सदस्य, प्रिंसिपल तथा अपने पूरे स्टाफ को धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास कठिन परिश्रम पर अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य तथा मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमेटी सदस्यों ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**मीटिंग** राज्यस्तरीय बैसाखी मेला व महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# पंच तीर्थी क्षेत्र में होगी महिला पुलिस की तैनाती

अनंत ज्ञान

**देहरा।** श्री कालीनाथ कालेश्वर मंदिर न्यास परागपुर में राज्यस्तरीय बैसाखी मेला और महाशिवरात्रि मेला की तैयारियों को लेकर खंड विकास अधिकारी परागपुर के कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंदिर अधिकारी एवं नायब तहसीलदार बलविंदर सिंह पठानिया ने की। बैठक में मंदिर न्यास के सरकारी एवं गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मंदिर अधिकारी ने बताया कि महाशिवरात्रि मेला 14 फरवरी से 16 फरवरी तक श्रद्धा से मनाया जाएगा।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पंच तीर्थी क्षेत्र में महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर एवं पंच तीर्थी क्षेत्र की आकर्षक सजावट की जाएगी तथा श्रद्धालुओं के स्नान एवं सुविधा के लिए प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दौरान लंगर आयोजन के लिए इच्छुक श्रद्धालुओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें नियमानुसार प्रशासनिक अनुमति प्रदान की जाएगी। साथ ही श्री कालेश्वर



खंड विकास अधिकारी परागपुर के कार्यालय में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

महादेव मंदिर के पुजारी की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में अतिरिक्त डस्टबिन लगाने तथा स्नान के उपरांत कपड़े रखने के लिए बड़े डस्टबिन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मंदिर में कार्यरत चौकीदार एवं सफाई कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि पर भी चर्चा की गई, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति व्यक्त की। हवन कुंड पर छत निर्माण, सीसीटीवी कैमरे लगाने, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने जैसे विकासात्मक कार्यों पर भी निर्णय लिए गए। सभी कार्यों को बजट प्रावधान के अनुरूप करने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त मंदिर के सालाना बजट निर्माण पर भी चर्चा की गई। कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले चढ़ावे की सामग्री का रिकॉर्ड रखने एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एक मल्टी टास्क वर्कर की नियुक्ति करने का भी निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने सभी संबंधित विभागों एवं मंदिर न्यास सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मेलों को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने का आह्वान किया।

## हिमाचल का खजाना खाली, सलाहकारों को दिए जा रहे लाखों रुपए के पैकेज : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि प्रदेश में एक ओर कर्मचारी वर्ग आर्थिक तंगी और लंबित देयों से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार अपने चहेतों पर खुलकर धन वर्षा कर रही है।



मंगलवार को प्रेस बयान में विश्व चक्षु ने आरोप लगाया कि निगमों और बोर्डों के अध्यक्षों का वेतन पांच गुना तक बढ़ाया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री के सलाहकारों को लाखों रुपए के पैकेज दिए जा रहे हैं। यह दर्शाता है कि सरकार की प्राथमिकता आम कर्मचारी या जनता नहीं, बल्कि राजनीतिक नियुक्तियां और सत्ता सुख है। चक्षु ने कहा कि कांग्रेस ने 2022 के विस चुनावों में हिमाचल का संकल्प, कांग्रेस का संकल्प का नारा देकर 10 गारंटियां दी थीं। आज वही गारंटियां प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर भारी बोझ बन चुकी हैं और उसका खामियाजा पूरे हिमाचल की जनता भुगत रही है। कर्मचारियों के वेतन, भत्तों और लंबित मांगों पर सरकार की चुप्पी चिंताजनक है। आर्थिक संकट का हवाला देकर कर्मचारियों के अधिकार रोके जा रहे हैं, जबकि राजनीतिक पदों पर बैठे लोगों को सुविधाएं और वेतन वृद्धि दी जा रही है। जनता अब सरकार की कथनी और करनी का अंतर समझ चुकी है और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देगी। चक्षु ने कहा कि भाजपा कर्मचारियों, युवाओं और आम नागरिकों की आवाज बनकर सरकार की इस फिजूलखर्ची के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मिनी सचिवालय भोरंज की कैंटीन की नीलामी 19 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मिनी सचिवालय भोरंज के परिसर स्थित कमरा नंबर 102 में कैंटीन को तीन वर्ष की अवधि के लिए मासिक किराए पर दिया जाएगा। इसकी नीलामी प्रक्रिया 19 फरवरी को सुबह 11 बजे मिनी सचिवालय परिसर में शुरू होगी। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को उपमंडल कानूनगो कार्यालय में दस हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। कैंटीन का न्यूनतम किराया बोली से पहले घोषित किया जाएगा। चयनित व्यक्ति को तीन महीने का किराया अग्रिम देना होगा। अधिक जानकारी के लिए एसडीएम कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हड़ताल कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीटू की अखिल भारतीय कमेटी और अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों व चार लेबर कोड के विरोध में 12 फरवरी को देशभर में हड़ताल की जाएगी। हमीरपुर जिला मुख्यालय में निर्माण मजदूर, आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर, एंबुलेंस कर्मचारी, रेहड़ी-फड़ी, मजदूर, मेडिकल प्रतिनिधि सहित हजारों श्रमिक हड़ताल पर रहेंगे और प्रदर्शन करेंगे। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्मार्ट मीटर, बिजली निजीकरण, मनरेगा में बदलाव, आंगनबाड़ी मानदेय न बढ़ाना और श्रमिक अधिकारों में कटौती के खिलाफ यह हड़ताल है।

### 15 तक बंद रहेगी चकमोह-नलबाड़ भटेड़ सड़क

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के तहत चकमोह-नलबाड़ भटेड़ सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते यातायात 15 फरवरी तक बंद रहेगा। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि चकमोह-नलबाड़ भटेड़ सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 15 फरवरी तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक पंचवटी चकमोह से तांबड़ी सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### हरसौर-गारली सड़क 28 तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के तहत हरसौर-गारली सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि हरसौर-गारली सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 28 फरवरी तक बंद की गई है। सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### साइबर अपराधों से बचने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उपलक्ष्य पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय द्वारा मंगलवार को हमीर भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। एसडीएम संजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। एसडीएम ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार से जहां अनेक सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। वहीं, साइबर अपराधों की चुनौतियां भी बढ़ी हैं। उन्होंने इंटरनेट और ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने पर जोर दिया। कार्यशाला में एनआईसी के अधिकारियों ने साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित पासवर्ड और ऑनलाइन सुरक्षा उपायों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

### कैप्टन रंजीत राणा ने भाजपा के दावों को खारिज किया, कहा- ओल्ड पेंशन स्कीम सुरक्षित रहेगी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत राणा ने भाजपा की ओर से प्रदेश सरकार गिराने के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार पूरे पांच वर्ष मजबूती के साथ कार्य करेगी और ओल्ड पेंशन स्कीम सुरक्षित रहेगी। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए पिछले 15 वर्षों में सुजानपुर के विकास से वंचित रहने का आरोप लगाया। विधायक ने सुजानपुर में विकास कार्यों का निरीक्षण करने और लापरवाही पाए जाने पर अधिकारियों को सख्त निर्देश देने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने होली मेले को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिलाने, टेंडर प्रक्रिया सुधारने और राजस्व संग्रह बढ़ाने के प्रयासों का भी जिक्र किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सरकार के जनहितकारी कार्यों की सराहना की। प्रेसवार्ता में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, विनय शर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुजानपुर होली मेला : चौगान मैदान पर राजनीति का कब्जा!

## व्यापारी एसोसिएशन ने चेताया- न्याय के लिए उतरेंगे सड़कों पर, आरोप- प्रशासन ने दबाव में टेके घुटने

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली मेले के आयोजन की तैयारियों को सिरे चढ़ाने से पहले ही संबंधित हालात सवालों के घेरे में आ गए हैं।

चौगान मैदान को लेकर राजनीति खुलकर सामने होने लगी है। आरोप लगाया जा रहा है कि जिस तरीके से फैसले लिए जा रहे हैं, वे कई तरह के गंभीर संदेह पैदा कर रहे हैं।

पहले चौगान मैदान को एकमुश्त ठेके पर देने का फैसला लिया गया। बिस्किट टेंडर को लेकर भी विज्ञापन जारी हो गया। फिर व्यापारियों के तीखे विरोध के बाद प्रशासन को पीछे हटना पड़ा और आनन-फानन में खुली बोली के आधार पर टेंडर जारी कर दिए गए। अब एक बार फिर प्रशासन ने पलटी मारते हुए यू-टर्न ले लिया है। मैदान को दोबारा एकमुश्त देने का निर्णय कर दिया गया है। चौगान को किस आधार पर आवंटित किया जाए इससे प्रशासन को पैसा आए इसे लेकर लगता है प्रशासन स्वतंत्र फैसले लेने में सक्षम नहीं दिख रहा है इसीलिए फैसला बदले जा रहे हैं। जिला मेला एसोसिएशन हमीरपुर के अध्यक्ष सुनील कुमार ने प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए इस फैसले को खुले तौर पर व्यापारी विरोधी बताया है। आरोप लगाया कि सत्ता के इशारे पर अधिकारियों को डराया और दबाया जा रहा है, ताकि चौगान मैदान का ठेका किसी खास चहेते को सौंपा जा सके। अभी कहना है कि प्रशासन को राजनीति की आगे घुटने टेकने पर मजबूर किया जा रहा है पिछले कुछ दिनों से जो हालात बने हैं, उसमें अब किसी तरह की कोई आशंका नहीं रही है। सुनील ने दावा किया कि अंदरखाते ठेकेदार पहले ही तय कर लिया गया है और अब केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वर्षों से चौगान मैदान खुली बोली के आधार पर दिया जाता रहा है, तो अब ऐसी कौन-सी मजबूरी आन पड़ी कि प्रशासन को नियम बदलने पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पारदर्शिता के साथ फैसला नहीं लिया गया, तो व्यापारी वर्ग सड़कों पर उतरने से पीछे नहीं हटेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### पिछले साल भी हुआ था विवाद

**पिछले** साल भी होली मेले के आयोजन को लेकर काफी विवाद हुआ था और वहां के तत्कालीन एसडीएम रोहित को ट्रांसफर कर दिया गया था। इस बार भी हालत भले ही ट्रांसफर वाले न दिख रहे हों, लेकिन माहौल बता रहा है कि वहां सब अच्छा की स्थिति दिख नहीं रही। मसला मैदान पर दुकानों को आवंटित करने और उससे कमाई का है पिछले साल भी डेढ़ करोड़ से ज्यादा की आमदनी हुई थी। होली मेला समिति के खाते में यह पैसा जाता है। चाहबान कई तरह के माहौल तैयार करके राजनीतिक प्रभाव का भी इस्तेमाल करते हैं और उसी का असर फिर दिख रहा है।

### बड़ा टेंडर करेंगे : एसडीएम

**सुजानपुर** के एसडीम विकास शुक्ला का कहना है कि टेंडर इसलिए रद्द करना पड़ा, क्योंकि इसके लिए बाद टेंडर आयोजित करना है मेले का आकार भी बड़ा है, इसीलिए ऐसा करना पड़ रहा है। यह पूछे जाने पर कि पहले तो ऐसा नहीं होता था और इस नई व्यवस्था का विरोध भी हो रहा है उनका कहना है कि नए टेंडर के मुताबिक ही अब चौगान को ठेके पर दिया जाएगा। सारी स्थिति पर प्रशासन की नजर है और इसके लिए मंगलवार को बैठक भी हमीरपुर में हो गई है।

# डीसी ने प्रबंधों और गतिविधियों को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश



होली उत्सव तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करतीं डीसी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ डीसी ने की राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की तैयारियों की समीक्षा

**हमीरपुर।** डीसी एवं राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर की आयोजन समिति की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने मंगलवार को हमीर भवन में जिला एवं उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि उत्सव के सफल आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करने तथा विभिन्न गतिविधियों की रुपरेखा तय करने के लिए पहले ही उपसमितियों का गठन किया जा चुका है और संबंधित अधिकारियों को जिम्मेवारियां भी सौंपी जा चुकी हैं। सभी उपसमितियां 20 फरवरी तक सभी आवश्यक प्रबंधों एवं गतिविधियों की रुपरेखा तय कर लें और इनसे संबंधित डिमांड्स एवं एस्टीमेट भी तैयार कर लें, ताकि इन पर होने वाले खर्चों का आकलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्सव के आयोजन स्थल चौगान में प्लाट एवं स्टॉल आवंटन, तहबाजारी, पार्किंग, कला केंद्र के मंच और इसके आस-पास की सभी व्यवस्थाओं, प्रतिभागियों और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए भोजन इत्यादि सुविधाओं, उत्सव के निमंत्रण कार्ड एवं स्मारिका के प्रकाशन, सांस्कृतिक संध्याओं के आयोजन और अन्य प्रबंधों से संबंधित निविदाएं अतिशीघ्र जारी कर दी जाएंगी। मेले के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने तथा किसी भी तरह की दुर्घटना को रोकने के लिए दुकानों एवं स्टॉलों के बीच पर्याप्त खाली जगह रहनी चाहिए। सांस्कृतिक संध्याओं में कलाकारों के चयन के लिए एडीसी की अध्यक्षता में उप समिति का गठन किया गया है।

# 15 मार्च तक ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे स्कूलों की मान्यता के आवेदन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिला हमीरपुर के निजी स्कूलों की मान्यता के नवीनीकरण और वर्ष 2026-31 तक मान्यता के नए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

ये ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट एमर्जिंग हिमाचल.एचपी.जीओवी.इन पर 15 मार्च तक किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा का अधिकार 2009 तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 हिमाचल प्रदेश में निहित प्रावधानों के अनुसार हमीरपुर जिले के सभी निजी पाठशालाओं का कोई भी ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपनिदेशक ने बताया कि प्री-प्राइमरी से पांचवीं तक कक्षा वाले विद्यालय अपने ऑनलाइन आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ संबंधित बीईईओ को प्रेषित करेंगे, जबकि प्राइमरी से आठवीं और छठी से आठवीं तक की कक्षाओं वाले विद्यालय प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक को ऑनलाइन प्रेषित करेंगे।

### मान्यता के बिना विद्यालयों को नहीं मिलेगी प्रवेश की अनुमति

**कमल** किशोर भारती ने बताया कि ऑनलाइन आवेदनों में त्रुटियां पाई जाने पर इन्हें ऑनलाइन ही वापस विद्यालय को भेजा जाएगा। त्रुटियों के निवारण के उपरांत इन्हें पुनः संबंधित कार्यालय को ऑनलाइन प्रेषित किया जा सकता है। सही आवेदनों को ऑनलाइन ही मान्यता पत्र व मान्यता नवीनीकरण पत्र जारी किए जाएंगे। उपनिदेशक ने बताया कि सत्र 2026-27 में केवल वही विद्यालय विद्यार्थियों को दाखिला दे पाएंगे, जिनके पास विभाग का मान्यता प्रमाण पत्र होगा। मान्यता पत्र व मान्यता नवीनीकरण पत्र के बिना संचालित होने वाले विद्यालयों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्री-प्राइमरी से पांचवीं कक्षा तक नई मान्यता प्राप्त करने और स्कूल को स्तरोन्नत करके छठी से आठवीं तक नई मान्यता प्राप्त करने के लिए पांच हजार रुपए शुल्क अदा करना होगा। पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक नई मान्यता प्राप्त करने का शुल्क दस हजार रुपए निर्धारित किया गया है, जबकि पहली से आठवीं कक्षा तक मान्यता के नवीनीकरण का शुल्क 500 रुपये प्रतिवर्ष है।

# प्रदेश भाजपा नेता कर रहे हिमाचल के हितों के खिलाफ राजनीति : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने आरोप लगाया कि सत्ता से बाहर होने के बाद हिमाचल प्रदेश भाजपा के नेता लगातार प्रदेश के हितों के खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने प्रेस बयान में कहा कि चाहे आपदा के समय भाजपा नेताओं का रवैया हो या फिर केंद्र सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने के बाद की राजनीति, हर अवसर पर भाजपा नेता हिमाचल के विरुद्ध खड़े नजर आए हैं।

कौशल ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व को खुश करने के लिए भाजपा नेता प्रदेश के हितों की अनदेखी कर रहे हैं और सांसद हिमाचल की आवाज उठाने के बजाय चापलूसी में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों को रोकने के लिए भाजपा ने केंद्र के साथ मिलकर साजिशें रचीं। वाटर सेस, शानन पावर प्रोजेक्ट और अन्य मुद्दों पर भाजपा की चुप्पी उसकी हिमाचल विरोधी मानसिकता को उजागर करती है।

# भाजपा जिला व्यापार प्रकोष्ठ हमीरपुर के 10 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला व्यापार प्रकोष्ठ हमीरपुर के जिला संयोजक सुशील सोनी ने मंगलवार को पार्टी के प्रदेश उच्च नेतृत्व तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर से विचार-विमर्श के उपरांत जिला हमीरपुर के सभी 10 मंडलों के व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणियों की घोषणा की।

सुशील सोनी ने बताया कि हमीरपुर शहरी मंडल व्यापार प्रकोष्ठ में जोगिंदर सिंह उर्फ जुगल किशोर को मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि राजेश वर्मा, विनोद पुरी, वरुण संख्यान तथा अमित कानगो को मंडल सह संयोजक बनाया गया है। हमीरपुर ग्रामीण मंडल के लिए विशाल पटियाल को मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है तथा संजीव कुमार, सुमित कानगो, रमेश चड्ढा और सुनील कुमार को मंडल सह संयोजक बनाया गया है। विजेंद्र सिंह को नादौन मंडल का मंडल संयोजक तथा नवीन कुमार को गलोड़ मंडल व्यापार प्रकोष्ठ का मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं बड़सर मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के लिए राजकुमार भारद्वाज को मंडल संयोजक बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार को धटवाल मंडल व्यापार प्रकोष्ठ का मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार रवि कुमार, संदीप कटना, पुनीत सोनी और महेंद्र शर्मा को क्रमशः बमसन, भोरंज, समीरपुर और सुजानपुर मंडलों का भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ मंडल संयोजक नियुक्त किया गया है। सुशील सोनी ने कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ की नवगठित मंडल टीमें तथा जिला व्यापार प्रकोष्ठ संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा करने तथा आगामी चुनावों में भाजपा की प्रचंड बहुमत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि व्यापार प्रकोष्ठ के सभी नव नियुक्त पदाधिकारी नेर चौक में होने वाली भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय परिचायक बैठक में भाग लेंगे, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल भी उपस्थित रहेंगे।

# सफाई मित्रों को दिए सावधानियां बरतने के टिप्स

## कार्यशाला में नगर परिषद की ओर से कर्मचारियों को बांटी सुरक्षा किट

अनंत ज्ञान



शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेते सफाई कर्मी। अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन नगर परिषद द्वारा टीडब्ल्यूएचएस के सहयोग से नादौन क्षेत्र के सफाई मित्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सफाई मित्रों को जहां स्वच्छता के बारे प्रशिक्षित एवं जागरूक किया।

वहीं, उन्हें सुरक्षा किट भी उपलब्ध करवाई गई तथा स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सफाई मित्रों को मास्क, ग्लव्स और अन्य सुरक्षा उपकरणों के नियमित उपयोग का महत्व भी समझाया गया। इसके अलावा व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की सही विधि, कार्य के बाद स्वयं की सफाई, तथा संक्रमण से बचाव के उपायों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन कुमार द्वारा सफाई मित्रों को मास्क एवं ग्लव्स का वितरण किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छता की शुरुआत स्रोत पर कचरा पृथक्करण से होती है। इस लिए सफाई मित्रों को गीले कचरे, सूखे कचरे और सेनेटरी वेस्ट को अलग-अलग एकत्र करना क्यों आवश्यक है और इससे न केवल शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जन स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया, घरेलू एवं सामुदायिक स्तर पर कम्पोस्टिंग के लाभ, तथा प्लास्टिक कचरे के पृथक संग्रहण और पुनर्चक्रण, कार्यक्रम में ई-श्रम कार्ड बनवाने की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, की जानकारी भी दी गई।

# मारुति सुजुकी में 44 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन, 3.6 लाख का मिला पैकेज

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राज्यस्तरीय प्लेसमेंट ड्राइव में प्रदेश के आठ सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के 44 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन देश की नामी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड में हुआ है। इन सभी छात्रों का चयन राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर में आयोजित 3 दिवसीय राज्यस्तरीय प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान हुआ। इस प्लेसमेंट ड्राइव में राजकीय पॉलिटेक्निक प्रगतिनगर, बिलासपुर, हमीरपुर, कुल्लू, पांवटा साहिब, सुंदरनगर, कांगड़ा और किन्नौर के इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया।

जनवरी माह में आयोजित हुई ऑनलाइन परीक्षा के आधार पर शॉर्टलिस्ट हुए छात्रों का साक्षात्कार राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर में हुआ। कंपनी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 19, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 20 और ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के 5 छात्रों का चयन हुआ है। कंपनी ने छात्रों को एक वर्ष के लिए प्रति माह तीस हजार रुपए के प्रारंभिक वजीफे की पेशकश की है, जिसे कंपनी में एक वर्ष के प्रशिक्षण के बाद संशोधित किया जाएगा और उत्तीर्ण छात्रों को लगभग 5 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज दिया जाएगा।

इसमें राजकीय पॉलिटेक्निक प्रगतिनगर से एक, बिलासपुर से 6, हमीरपुर से 9, कुल्लू से 5, पांवटा साहिब से 4, सुंदरनगर से 6, कांगड़ा से 12 और किन्नौर से एक छात्र को नौकरी ऑफर की गई है। इसकी पुष्टि ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी अरविंद कटोच ने की। इस अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी।

# जीवन में सफलता प्राप्त करने को कठिन परिश्रम, धैर्य आवश्यक : सुरजीत राणा

## डीएवी भड़ोली स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए किया यज्ञ

अनंत ज्ञान



डीएवी भड़ोली स्कूल में यज्ञ का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीएवी भड़ोली स्कूल में आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थी अपने अध्यापकों के साथ श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ यज्ञ में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुए इस यज्ञ का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास तथा एकाग्रता का विकास करना था, ताकि वे अपनी आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। प्रिंसिपल राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, धैर्य, सरलता तथा सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम की कामना की।

# राजपूत सभा ने डीसी से की भोरंज पुलिस की लापरहवाही के खिलाफ जांच की मांग



राजपूत महासभा के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिले के लदरौर कस्बे में एक सप्ताह पूर्व दुकानदार दंपती के साथ हुई हिंसक वारदात के बाद राजपूत महासभा का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रघुवीर राणा के नेतृत्व में पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों से मिला। महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, जिला कार्यकारिणी सदस्य महिंद्र भारद्वाज और ब्लॉक भोरंज के पदाधिकारी पवन ने पीड़ित परिवार की स्थिति का जायजा लिया और भराड़ी थाना प्रभारी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की उचित धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि घटना के बाद पुलिस प्रशासन का गैर जिम्मेदार और असंवेदनशील व्यवहार चिंता का विषय है। राजपूत महासभा ने जिलाधीश और मुख्यमंत्री से इस लापरवाही की निष्पक्ष जांच कराने की अपील की और संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महासभा ने यह भी सुझाव दिया कि पुलिस को स्पष्ट निर्देश हों कि किसी भी घटना के बाद क्षेत्रधिकार की परवाह किए बिना तुरंत पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराई जाए, खासकर सीमा क्षेत्रों में, ताकि अपराधियों को कानून को चुनौती देने का साहस न मिल सके। उन्होंने जीरो एफआईआर की तर्ज पर नजदीकी थाना को सक्रिय करने और त्वरित कार्रवाई के निर्देश की भी आवश्यकता बताई।

खेलकूद

## राष्ट्रीय इनोवेंचर प्लस फिनाले में किया हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन

# हिम अकादमी स्कूल के चिन्मय ने जीता गोल्ड

अनंत ज्ञान




एनआईसीएमएआर विश्वविद्यालय पुणे में हुई प्रतियोगिता। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर हमीरपुर के मेधावी छात्र चिन्मय ने राष्ट्र स्तरीय 11वें इनोवेंचर प्लस फाइनल में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता एनआईसीएमएआर विश्वविद्यालय पुणे में आयोजित की गई, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से एक लाख बीस हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बहु-चरणीय, कठोर एवं निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया के पश्चात प्रत्येक कक्षा से केवल पचास प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस राष्ट्रीय महा फाइनल में चिन्मय हिमाचल प्रदेश के एकमात्र प्रतिनिधि रहे। उनका यह चयन न केवल उनकी प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि हिमाचल प्रदेश की नवाचार क्षमता को भी राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाला सिद्ध हुआ। चिन्मय द्वारा प्रस्तुत नवाचार दैनिक जीवन की एक महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक समस्या से संबंधित था, जिसमें घरेलू वस्तुओं की समाप्ति तिथि, वारंटी, नवीनीकरण तथा आवश्यक दस्तावेजों के सुव्यवस्थित और सुरक्षित प्रबंधन का प्रभावी समाधान प्रस्तुत किया गया। चिन्मय ने डिजाइन थिंकिंग प्रक्रिया को आधार बनाते हुए अपने पारिवारिक अनुभवों और वास्तविक जीवन के अवलोकनों से प्रेरणा लेकर एक एंड्रॉइड आधारित अनुप्रयोग का प्रारूप विकसित किया। यह अनुप्रयोग न केवल समय और संसाधनों की बचत करता है, बल्कि आम जनजीवन को अधिक संगठित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंतिम चरण में चिन्मय ने निर्धारित चार मिनट की समयावधि में अत्यंत आत्मविश्वास, स्पष्टता और प्रभावशीलता के साथ अपने नवाचार का प्रस्तुतीकरण किया। विद्यालय के छात्र चिन्मय ने नवाचार प्रतियोगिता में अपने अनुप्रयोग की रूपरेखा, कार्यप्रणाली, उपयोगिता और भावी विस्तार की संभावनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे निर्णायक मंडल अत्यधिक प्रभावित हुआ और उन्हें स्वर्ण पदक विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अभय जेरे, उपाध्यक्ष, एआईसीटीई एवं शिक्षा मंत्रालय के मुख्य नवाचार अधिकारी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को सृजनशीलता व नवाचार के मार्ग पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रधानाचार्य नैना लखनपाल, डॉ. हिमांशु शर्मा और समस्त शिक्षकगण ने चिन्मय को बधाई दी। चिन्मय ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, मार्गदर्शकों और विशेष रूप से शिक्षिका मृदुला शर्मा को दिया, जिनके मार्गदर्शन से उनका नवाचार साकार हुआ। विद्यालय ने इसे शैक्षणिक गुणवत्ता और नवाचार-उन्मुख दृष्टिकोण की सफलता बताया।

# बड़ोह-डाडू क्षेत्र में एचआरटीसी बस सेवा ठप, बढ़ी दिक्कतें

अनंत ज्ञान

◆ स्कूली बच्चे और लोग झेल रहे भारी परेशानी

**भोरंज।** भोरंज से भरेड़ी, हमीरपुर वाया बड़ोह, चम्बोह व बधानी चलने वाली एचआरटीसी की बस सेवा पिछले एक सप्ताह से अपने निर्धारित रूट पर नहीं आ रही है। यह बस प्रतिदिन सुबह करीब 8:40 बजे डाडू-बड़ोह पहुंचती थी, लेकिन लगातार सेवा बाधित रहने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम सुधार सभा कमेटी बड़ोह के पूर्व उपप्रधान राकेश शर्मा उर्फ सोनी ने बताया कि इस बस से बड़ोह, डाडू, दियोग और ढठवी गांवों के बच्चे चम्बोह व बधानी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं।

लोग भी इसी बस के माध्यम से अपनी ड्यूटी पर पहुंचते हैं। बस न चलने के कारण बच्चों को जंगल के रास्तों से पैदल स्कूल जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा को भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि यह बस सेवा सप्ताह में केवल चार दिन ही आती है, जबकि तीन दिन पहले से ही बाधित रहती है। इस बार तो लगातार एक सप्ताह से बस नहीं आई है। कई बार बच्चे सुबह 9 बजे तक बस का इंतजार करते रहते हैं और बाद में स्कूल के लिए देर हो जाने पर वापस घर लौटने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने हिमाचल पथ परिवहन निगम से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए और जांच की जाए कि बस सेवा नियमित रूप से क्यों नहीं चल पा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की इस समस्या को क्षेत्र के माननीय विधायक के समक्ष भी रखा जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग को अवश्य अवगत कराएं, क्योंकि शिकायत मिलने पर ही विभाग कार्रवाई करता है। आरएम राहुल कुमार ने बताया कि काले अम्ब में सड़क का कम चला हुआ है, जैसे ही सड़क ठीक हो जाएगी बस को चला देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 7.64 ग्राम चिट्टा बरामद, तीन अभियोग दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग अभियोग दर्ज किए हैं। इन मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामलों में कुल 7.64 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है, जबकि तीसरे मामले में मारपीट व जान से मारने की धमकी से जुड़ा मामला दर्ज किया गया है। पहले मामले में पुलिस थाना डलहौजी में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अनिल कुमार निवासी डोहल तथा एक अन्य व्यक्ति को काबू कर उनके कब्जे से 5.49 ग्राम चिट्टा बरामद किया। दूसरे मामले में पुलिस थाना भरमौर में मामला दर्ज किया गया। नाकाबंदी के दौरान जीवांशु तथा एक अन्य व्यक्ति निवासी जालंधर के कब्जे से 2.15 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा मामले में गहन अन्वेषण किया जा रहा है। तीसरे मामले में पुलिस थाना तीसा में मामला पंजीकृत किया गया। शिकायतकर्ता ने गोगा व दो अन्य व्यक्तियों पर रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

### कल से चंबा प्रवास पर कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 12 व 13 फरवरी को चंबा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने उनके प्रवास की जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष सायं 8 बजे सिहुंता पहुंचेंगे और उनका रात्रि ठहराव सिहुंता में रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा में शास्त्रा इंडियन मॉडर्न मार्शल आर्ट सिम्मा की ओर से आयोजित होने वाले रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 13 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। 14 फरवरी को कुलदीप 11:30 बजे सिहुंता से शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सलूणी-टांडा-बद्दी बस रूट की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब जोर पकड़ने लगी है। जनकल्याण समिति सलूणी ने सलूणी से टांडा मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक क्षेत्र बद्दी तक सीधी बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में समिति द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार, परिवहन मंत्रालय और मुख्यमंत्री कार्यालय को ऑनलाइन ज्ञापन भेजने की तैयारी की जा रही है। समिति का कहना है कि उपमंडल सलूणी के अंतर्गत आने वाली कई पंचायतों के लोग रोजगार के लिए नालागढ़-बद्दी क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज पर निर्भर रहते हैं। वर्तमान में चंबा से तो बस सेवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन सलूणी क्षेत्र से सीधी बस सुविधा न होने के कारण लोगों को निजी वाहनों या अन्य रूट की बसों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों का तर्क है कि यदि सलूणी-टांडा-बद्दी बस रूट शुरू किया जाता है तो सलूणी, भांदल, लंगेरा, डिच्छ, हिमगिरि सहित आसपास के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### 16 से 20 तक आयोजित होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू चंबा द्वारा जिले के विभिन्न उप रोजगार कार्यालयों में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। इसमें सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद भरे जाएंगे। इंटरव्यू 16 फरवरी से 20 फरवरी तक अलग-अलग स्थानों पर आयोजित होंगे। उम्मीदवार पुरुष हों, मैट्रिक पास, आयु 19-40 वर्ष और शारीरिक मानदंड (ऊंचाई 165 सेंटीमीटर, वजन 54-95 किलोग्राम) पूरा करना अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के बाद 8 घंटे ड्यूटी पर 15-17 हजार, 12 घंटे ड्यूटी पर 19-24 हजार मासिक वेतन और अन्य लाभ दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार मूल प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

### आलू की खेती करने की जानकारी प्रदान की

**अनंत ज्ञान, मैहला।** कृषि विभाग मैहला द्वारा नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन (एनएफएसएम) के अंतर्गत मंगलवार को एकदिवसीय कृषि शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि विषय विशेषज्ञ डॉ. पवन सैनी, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर ऊषा ठाकुर सहित शुभम राठौर एवं प्रियंका ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मैहला, बंदला, फागड़ी तथा दड़वी के किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान किसानों को वैज्ञानिक विधियों से आलू की खेती करने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# राजीव गांधी शॉपिंग कांप्लेक्स अंधेरे में, 3 दिन से कारोबार ठप

अनंत ज्ञान




**चंबा।** चंबा जिले के राजीव गांधी शॉपिंग कांप्लेक्स में नगर परिषद और बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है।

पिछले तीन दिनों से शॉर्ट सर्किट की समस्या के चलते शॉपिंग कांप्लेक्स की कई दुकानों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है, जिससे दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण दुकानदार अंधेरे में काम करने को मजबूर हैं। वहीं, कई दुकानों का कारोबार पूरी तरह से बंद हो चुका है। शुरुआती दिनों में कुछ दुकानदारों ने इनवर्टर का सहारा लिया, लेकिन लगातार उपयोग के कारण अब इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि दुकानदारों को समय से पहले ही दुकानें बंद कर घर लौटना पड़ रहा है। बिजली से चलने वाले उपकरण बंद होने से दुकानदारों को रोजाना आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

दुकानदारों ने इस समस्या को लेकर बिजली विभाग और नगर परिषद दोनों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। स्थिति यह है कि बिजली विभाग इस समस्या को नगर परिषद का मामला बता रहा है, जबकि नगर परिषद इसे बिजली विभाग की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ रही है। विभागों के बीच तालमेल की कमी का सीधा खामियाजा दुकानदारों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पहले भी आग लगने की घटनाओं के दौरान शॉपिंग कांप्लेक्स में इमरजेंसी निकासी के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं था, जो सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर विषय है। दुकानदारों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली बहाल की जाए और भविष्य में किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग वैकल्पिक मार्ग बनाया जाए। हालांकि, नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि आवश्यक सामान कल सुबह तक पहुंच जाएगा और प्रभावित दुकानों की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन अपने आश्वासन पर कब तक अमल करता है।

## चंबा में भाजयुमो ने आयोजित किया बजट युवा सम्मेलन, युवाओं को किया प्रेरित




हिम नवोदय नर्सिंग कॉलेज, ओबड़ी में आयोजित बजट युवा सम्मेलन के दौरान नेता एवं उपस्थित युवा कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बजट युवा सम्मेलन का आयोजन हिम नवोदय नर्सिंग कॉलेज, ओबड़ी में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजयुमो जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर ने की। कार्यक्रम में भाजपा की पूर्व प्रत्याशी नीलम नैय्यर ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर युवाओं को संबोधित करते हुए इसे विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं के रोजगार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को सशक्त करने वाला है। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश सचिव नेक राज ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी, सदस्य तथा जिले के तीनों मंडलों के अध्यक्ष व कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और संगठन को मजबूत करने के लिए धरातल पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक लाख युवाओं को भारतीय राजनीति से जोड़ने के आह्वान को स्वीकार करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## कंदला की प्राथमिक पाठशाला में शिक्षकों की भारी कमी

**अनंत ज्ञान, कंदला।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला कंदला में शिक्षकों की भारी कमी ने बच्चों की पढ़ाई को गंभीर संकट में डाल दिया है। स्कूल में दो जेबीटी शिक्षकों के पद लंबे समय से खाली हैं, वहीं चपरासी का पद भी भरा नहीं गया। इससे बच्चों की नियमित कक्षाएं प्रभावित हो रही हैं और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता गिर रही है। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि शिक्षक न होने के कारण बच्चों को स्कूल तो भेजा जाता है, लेकिन उन्हें समुचित शिक्षा नहीं मिल रही। उनका प्रश्न है कि मासूम बच्चों का क्या कसूर, जो व्यवस्था की लापरवाही की कीमत अपने भविष्य से चुका रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष नसीबा बेगम ने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई पटरी पर लौट सके। ग्रामीणों ने चेताया है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो इसका सीधा असर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर पड़ेगा।

## महंगाई भत्ते के भुगतान में देरी पर गंभीर चिंता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ मंडल इकाई चंबा की मासिक बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने की, जबकि प्रदेश के माननीय राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में पेंशनर्स की लंबित देनदारियों, महंगाई भत्ते (डीए) और एचआरटीसी पेंशनरों के भुगतान में हो रही देरी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। सर्वसम्मति से सरकार से जल्द भुगतान जारी करने की मांग की गई, अन्यथा आंदोलन का रास्ता अपनाने की चेतावनी दी गई। साथ ही बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने की योजना का विरोध किया गया और इसे तुरंत रोल बैक करने की मांग की गई। नए सदस्य नीरज गुप्ता ने सदस्यता ग्रहण की। महासंघ की मासिक बैठक अब हर माह की 15 तारीख को आयोजित की जाएगी।

## गद्दी संस्कृति व विकास मंच ने डीसी से की मुलाकात स्थायी कार्यालय व सामुदायिक भवन की उठाई मांग

अनंत ज्ञान



**चंबा।** गद्दी संस्कृति एवं विकास मंच चंबा के पदाधिकारियों ने डीसी चंबा से भेंट कर अपनी लंबित मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष सरवन कुमार ने किया। इस दौरान गद्दी समुदाय से जुड़े सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष सरवन कुमार ने बताया कि गद्दी समुदाय जनजातीय श्रेणी में आता है और मंच द्वारा समुदाय के विकास व समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह नियमित रूप से दो बैठकें आयोजित की जाती हैं। लेकिन शहर में मंच के पास कोई स्थायी कार्यालय न होने के कारण संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि शहर में स्थित जनजातीय सराय भवन में मंच को कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध करवाया जाए। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधियों ने अपने सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु भूमि अथवा भवन उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया। सरवन कुमार ने कहा कि यह विषय पूर्व में दिल्ली से आए जनजातीय आयोग के पदाधिकारियों के समक्ष भी उठाया गया था, जिस पर अब केंद्र सरकार की ओर से एक पत्र प्राप्त हुआ है। उसी के आधार पर उपायुक्त चंबा से विस्तृत चर्चा की गई। गद्दी समुदाय के लोगों के विकास के लिए मंच निरंतर कार्य कर रहा है, लेकिन बैठकों व गतिविधियों के लिए उचित स्थान न होने से कार्यों में बाधा आती है। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों ने उपायुक्त से सराय भवन में कार्यालय के लिए स्थान उपलब्ध कराने की अपील की। इस प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सरवन कुमार, महासचिव संजीव कुमार, रमेश खन्ना, प्यार चंद, जोगिंदर ठाकुर, एम्स आर शर्मा, प्रवीन कुमार और विजय कुमार उपस्थित रहे।

## आपातकालीन एग्जिट प्लान पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा के प्रबंधन ने अस्पताल परिसर का औचक निरीक्षण किया। प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति और अस्पताल के बाहर वाहनों की अव्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। निजी वाहनों को हटाकर मरीजों और एंबुलेंस की आवाजाही सुचारू की गई। डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि जल्द ही एआरटी सेंटर और कैंसर केयर सेंटर खोले जाएंगे, जिससे लगभग 180 एचआईवी मरीजों को टांडा नहीं जाना पड़ेगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप ने फायर सेफ्टी और आपातकालीन एग्जिट प्लान पर जोर दिया। मॉक ड्रिल कर स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया और बाधाएं हटाने के निर्देश दिए गए।

## मार्मोनिना लीफ ब्लॉच रोगों पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) चंबा ने जिले में फसलों को रोगों से बचाने और किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से अल्टरनेरिया और मार्मोनिना लीफ ब्लॉच रोगों पर 7 दिवसीय जिला स्तरीय अभियान शुरू किया। अभियान के तहत ब्लॉक भरमौर के ग्राम पनसेई और खणी में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। डॉ. सुशील धीमान ने सेब की फसल में इन रोगों के लक्षण, कारण और निवारक उपाय बताकर समय पर छिड़काव और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जोर दिया। किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन के लिए नियमित संपर्क बनाए रखने की सलाह दी गई।

## नशे व सोशल मीडिया खतरों पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा ने चंबा शहर के चौंतड़ा मुहल्ला व गांव सनोथा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में बच्चों, प्रशिक्षुओं और ग्रामीणों को बाल अधिकार, नशे की बुराई, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बाल विवाह, बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा और अन्य सामाजिक बुराइयों से बचाव के उपाय बताएं गए। 58 लोगों ने भाग लिया। बच्चों को सुरक्षित रहने, नशे से दूर रहने और किसी भी खतरे की स्थिति में 1098 पर सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

## मेधावी छात्रों का चंडीगढ़ शैक्षणिक भ्रमण शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के विभिन्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के वोकेशनल सिक्योरिटी ट्रेड के मेधावी विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और कार्यस्थल अनुभव प्रदान करने के लिए 10 से 12 फरवरी 2026 तक ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग एवं इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत चंबा से चंडीगढ़ शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 33 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। छात्रों की सुरक्षा, अनुशासन और प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए चार एस्कॉर्ट शिक्षक और जिला वोकेशनल कोऑर्डिनेटर श्री केवल शर्मा दल के साथ हैं। यह दल चंबा के विभिन्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों से बनाया गया है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रशिक्षण से छात्रों को व्यावसायिक दक्षता, टीमवर्क और जिम्मेदारी सीखने में मदद मिलेगी।

### मिनी आंगनबाड़ी केंद्र की मांग ने पकड़ा जोर

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** जिला मंडी के चौहारघाटी क्षेत्र की ग्राम पंचायत खलैहल में ग्रामीणों ने मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग फिर जोरदार ढंग से उठाई है। गांव के पूर्व वार्ड सदस्यों तवारू राम, धर्मेंद्र कुमार, रमेश कुमार समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि गत वर्ष बच्चों की संख्या कम होने के कारण राजकीय प्राथमिक पाठशाला खलैहल बंद कर दी गई, जबकि मिनी आंगनबाड़ी केंद्र अब तक नहीं खोला गया। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को पढ़ाई के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुटगढ़ जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा रहता है। पंचायत के अन्य तीन गांवों में केंद्र पहले ही खुल चुके हैं। विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि मांग जायज है और खलैहल में मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के प्रयास किए जाएंगे।

### 'भोले की बारात' भजन पर झूमे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के बाबा नागा तपोभूमि शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य संतोष कुमार शर्मा ने भोलेनाथ की दिव्य बारात का मनमोहक वर्णन किया, जिसमें भूत-प्रेत, गण, योगी और देवता शामिल थे। श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। आचार्य शर्मा ने जीवन को सार्थक बनाने के लिए शास्त्रों में निहित रहस्यों को अपनाने का संदेश दिया।

### पत्तल-डूना मशीन से स्वावलंबन की नई उड़ान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के 'स्वीट सिस्टर्स' स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के सहयोग से समूह को पत्तल और डूना बनाने की मशीन और आवश्यक कच्चा माल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। समूह की सदस्याओं ने बताया कि यह पहल उन्हें घर के नजदीक आजीविका के साधन उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे न केवल समूह की आय में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## बल्ह में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की दिशा में प्रगति, केंद्र की मंजूरी से उम्मीदों को पंख

अनंत ज्ञान

◆ **जयराम ठाकुर के ड्रीम प्रोजेक्ट को सुक्खू सरकार में मिली रफ्तार**

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के ड्रीम प्रोजेक्ट माने जा रहे मंडी जिला की बल्ह घाटी के नागचला में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हरित हवाई अड्डे को लेकर नई उम्मीद जगी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में इस महत्वाकांक्षी परियोजना को केंद्र सरकार से बड़ी प्रशासनिक मंजूरी मिली है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि हवाई अड्डे का निर्माण नागचला क्षेत्र में ही प्रस्तावित है।

बताया जा रहा है कि वित्त मंत्रालय द्वारा परियोजना स्थल की स्वीकृति प्रदान किए जाने से लंबे समय से अटकी प्रक्रिया की एक बड़ी बाधा दूर हुई है। गौरतलब है कि इस परियोजना की नींव पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में पड़ी थी, जब उन्होंने इसे मंडी ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के पर्यटन और आर्थिक विकास से जोड़ते हुए केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखा था। उस दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक इस विषय पर चर्चा हुई और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीमों ने मंडी जिले के विभिन्न क्षेत्रों का गहन सर्वेक्षण कर नागचला को उपयुक्त स्थल माना। वर्तमान में सुक्खू सरकार इस परियोजना को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ा रही है और इसके लिए जिला उपायुक्त मंडी के अधीन बहु-विषयक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया है, जो भूमि अधिग्रहण और सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट का मूल्यांकन करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय बना रहा तो यह हवाई अड्डा न केवल हिमाचल में पर्यटकों की संख्या में बड़ा इजाफा करेगा, बल्कि रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास को भी नई दिशा देगा।

### ग्राम पंचायत बह में 5 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद मनाया जश्न

# प्रधान पीर सहाय ठाकुर व टीम को पैसों की माला पहनाकर दी विदाई

अनंत ज्ञान



पंचायत प्रतिनिधियों को पैसों की माला पहनाकर विदाई दी। अनंत ज्ञान

**पधर।** उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत बह के सभी लोगों ने प्रधान पीर साहय ठाकुर व उनकी टीम द्वारा पंचायत के पांच साल के कार्यकाल के समापन अवसर पर लोगों ने अपना प्यार भरा आदर्श सामान दिया। पंचायत प्रतिनिधियों ने सबसे पहले ऋषि देव पाइंदल जी, ब्रह्मपाल बेउला का आशीर्वाद लेकर ढोल नगाड़ो के साथ पंचायत घर पहुंचे और लोगों ने खूब जंक्शन बनाया। ग्राम पंचायत बह के लोगों ने प्रधान पीर सहाय ठाकुर का व उनकी टीम का केक काटकर स्वागत किया वही फूलों के साथ पैसों की माला पहनाकर पांच साल का जश्न मनाया।

पीर सहाय ठाकुर ने अपने 5 सालों का विकास का कार्य लोगों के सामने रखा और ऐसे ऐसे विकास के कार्य पंचायत में हुए हैं जो कभी नहीं होने वाले थे जिसमें 30 कमरे पंचायत घर के दो कमरे स्कूल के, 13 किलोमीटर सड़क को पक्का करना, 4 किलोमीटर रास्ते को पक्का करना, दो मोक्ष धाम बनाना, 25 गौशाला बनाना, 23 डंगे लगाना, 28 खुरली फर्स, 9 बाबड़ी व टैंक बनाना, 12 छप्पर के टैंक बनाना, दो दूध की सोसाइटी खोलने, मुद्रिका बस को लगाना, दो मकान पीएमजीएवाई के तहत बनाना, 70 सोलर लाइट देना, 250 टब बांटना, 30 बंडल पाइप का देना, दो बैडमिंटन कोर्ट बनाना, एक वॉलीबॉल की फील्ड, एक अमृत सरोवर बनाना, एक सड़क ऋषि देव पांइदल के मंदिर को बनाना ,उसके लिए पक्का पाथ भी बनाना आदि और भी बहुत से काम करवाए गए हैं।

पंचायत प्रतिनिधियों ने बह पंचायत की विकास की गाथा को विकास के काम को पूरी तरह रात दिन मेहनत करके सींचा है और लोगों ने भी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर उसकी पूरी टीम ने और लोगों ने साथ मिलकर इस विकास को कराया है जो कभी भी भूलने योग्य नहीं है। पीर सहाय ठाकुर ने लोगों को यह संदेश दिया है कि हमेशा आपके साथ रहूंगा जब तक मेरी जिंदगी रहेगी तब तक आपके काम भी करता रहूंगा और आपका प्यार मुझे हमेशा बना रहना चाहिए। वही आगे भी विकास के काम में जहां मेरी आवश्यकता होगी वहां में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। वही लोगों ने कहा कि आने वाले समय भी प्रधान पद के लिए पीर सहाय ठाकुर शशक्त उम्मीदवार होंगे।

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

**I, Nainu Devi** w/o Late. Sh. Durgu Ram age 66 years Resident of Village Kuman Seri P.O. Dobhi Tehsil and Distt. Kullu H.P. do here by solemnly and declare on oath as my all relevant documents include Pan Card or records, My name is recorded as Naina Devi w/o Durga Ram. now I have been changed my name Naina Devi w/o Durga Ram to Nainu Devi w/o Late. Sh. Durgu Ram . Today onwards my name be considered as Nainu Devi W/o Late. Sh. Durgu Ram. for all purpose . Please consider note that.

**बेदखली सूचना**

**मैं, विनोद कुमार शर्मा,** पुत्र श्री शिव प्रसाद शर्मा निवासी गांव व डाकघर खैरा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र हर्ष वर्धन मेरे कहने-सुनने से बाहर है और उसने अपनी मर्जी से पायल से विवाह कर लिया है। अत: मैं अपने पुत्र हर्ष वर्धन को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

### भारत रंग महोत्सव में मंडी चैप्टर के तहत नाटक पांचाली की प्रभावशाली प्रस्तुति

# पांचाली के माध्यम से स्त्री की पीड़ा और संघर्ष की झलक

अनंत ज्ञान



भारत महोत्सव में नाटक पांचाली की प्रस्तुति। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 25वें भारत रंग महोत्सव में मंडी चैप्टर के अंतर्गत हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान, व रंगमंडल, मंडी सतोहल में नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रथम दिन की पूर्व संध्या पर नाटक पांचाली का प्रभावशाली मंचन किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपूर्व देवगन, उपायुक्त, मंडी उपस्थित रहे। उनके साथ आयुक्त, नगर निगम मंडी रोहित राइौर तथा डॉ. राकेश शर्मा, प्रोफेसर इतिहास विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान 8 रंगमंडल सतोहल की सचिव सीमा शर्मा ने बताया कि पांचाली परंपरागत अर्थों में एक नाटक न होकर नंदकिशोर आचार्य द्वारा रचित एक दीर्घ कविता है, जिसमें पांचाली के जीवन प्रसंगों के माध्यम से स्त्री की पीड़ा, संघर्ष और आत्मचिंतन को गहराई से अभिव्यक्त किया गया है। जिसमें पांचाली का यह कथन है कि वह केवल उपभोग की वस्तु बनकर रह गई थी, लेकिन आज भी यह कथन उतना ही प्रासंगिक प्रतीत होता है। समय के लंबे अंतराल के बावजूद नारी की स्थिति में अपेक्षित परिवर्तन न हो पाना इस प्रस्तुति का केंद्रीय भाव है। अपनी अंतिम यात्रा में पांचाली द्वारा स्वयं से पूछे गए प्रश्न आज की आधुनिक स्त्री के समक्ष भी यक्ष प्रश्न बनकर खड़े हैं। वस्तुत: पांचाली के ये प्रश्न आज की स्त्री के ही प्रश्न हैं।

सुरेश शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रस्तुत यह कृति अभिनय, भाव-भंगिमाओं, मुद्राओं और प्रतीकों व अभिनय के माध्यम से एक सशक्त नाट्य-रचना बनकर उभरी। प्रस्तुति में पांचाली के चरित्र के माध्यम से नारी सशक्तिकरण की प्रभावी झलक देखने को मिली। सभी कलाकारों का अभिनय अत्यंत सराहनीय रहा। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सतोहन गांव में स्थित यह संस्थान, जो निरंतर रंगकर्म को समर्पित है, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का हृदय से आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने संस्थान के कार्यक्षेत्र और रंगमंचीय योगदान को देखते हुए इस प्रतिष्ठित प्रस्तुति के मंचन का अवसर प्रदान किया। इस नाटक में कलाकार के रूप में संपा मंडल, साक्षी, आयुषी, सानिया घोष की मुख्य भूमिकाएं रही। जबकि प्रकाश व्यवस्था दीप कुमार, संगीत एवं मंच व्यवस्था पिंटू झा ,कोरियोग्राफी संगीता शर्मा व प्रस्तुति संयोजन सीमा शर्मा द्वारा किया गया।

**Office of the Distt. Panchayat Office Cum Sec. Zila Parishad Chamba Distt. Chamba**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Item rate Tenders/Quotations in a sealed envelope are hereby invited by the undersigned for the work detailed given below from the approved and eligible contractors, so as to reach in the office of District Panchayat Office Chamba, Distt. Chamba on or before 16/02/2026 up to 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM onwards, in the presence of intending contractors or their authorized representatives. The tenders received after the above date and time shall not be entertained. The Detailed DNIT can be obtained from the Office of undersigned on any working day or before above mentioned date & hour by depositing the sum of Rs 300.

| Sr. No. | Name of Work | Estimate Cost Rs. | Earnest Money | Cost of Tender form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o Additional Amount for flood Control work at Road Matola to Dunun | 400000 | 8000 | 300 | 3 month |
| 2 | C/o Brest Wall at Village Dununu | 300000 | 6000 | 300 | 3 month |
| 3 | C/o Protection work Man Singh house Labendera | 100000 | 2000 | 300 | 3 month |

The District Panchayat Officer, Chamba reserves the right to reject the tender/Quotation without assigning any reasons thereto.
For further information, please contact the office of undersigned on any working day from 10:00AM to 5:00PM

**District Panchayat Officer-cum-Secretary**
**Zila Parishad Chamba Distt. Chamba**
**Himachal Pradesh**

**ब अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील सुलह, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

किस्म मुकदमा : नाम दरूस्ती
तारीख पेशी: 06/03/26
पियारा चन्द पुत्र पोहलो राम पुत्र गुरदास निवासी गांव धोल्टा डा. दंरग तहसील सुलह जिला कांगडा हि.प्र.।

**बनाम**
**आम जनता**

**विषय:- नाम दरूस्ती करवाने बारे।**

प्रार्थी पियारा चन्द पुत्र पोहलो राम पुत्र गुरदास निवासी गांव धोल्टा डा. दंरग तहसील सुलह जिला कांगडा हि.प्र. ने इस अदालत में आधार कार्ड, पैन कार्ड, आदि दस्तावेज प्रस्तुत किए कि प्रार्थी का सही नाम पियारा चन्द पुत्र पोहलो राम है, परिवार रजिस्टर नकल में प्यार चन्द पुत्र पोहलो दर्ज है। परन्तु महाल धोल्टा के राजस्व अभिलेख में सहवन प्यार चन्द पुत्र पोहलो पुत्र गुरदास दर्ज कागजात माल है जोकि गलत है। अतः महाल धोल्टा के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी के नाम की दरूस्ती की जाकर प्यार चन्द पुत्र पोहलो के बजाए प्यार चन्द उपनाम पियारा चन्द पुत्र पोहलो राम सही नाम दर्ज कागजात माल किया जावें
अतः इस अखबारी ईश्तहार / मुस्त्री मुनादी के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त नाम की दरूस्ती बारे किसी को कोई एतराज हो तो वह दिनांक 06-03-26 को असालतन या वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उजर पेश कर सकता है हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिया जाएगा।
आज दिनांक 06-02-26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी सुलह, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

**जैसे** रात्रि के बाद भोर का आना या दुख के बाद सुख का आना जीवन चक्र का हिस्सा है वैसे ही प्राचीनता से नवीनता का सफर भी निश्चित है।

-भावना कुंअर

## संपादकीय

# हिमाचल में हत्याओं से दहशत

हिमाचल प्रदेश अपने शांतिप्रिय माहौल के लिए जाना जाता है, लेकिन आजकल अपराध की बढ़ती घटनाओं के कारण चिंता के घेरे में है। प्रदेश में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां मर्डर के कई मामले बाहरी राज्यों या नेपाली मूल के लोगों से जुड़े हैं। हालांकि, यह पूरी तरह से बाहरी लोगों की समस्या नहीं है, लेकिन बेरहमी और योजनाबद्ध तरीके से की गई इन हत्याओं ने स्थानीय लोगों के बीच भी भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।

चिंताजनक यह है कि हत्याओं और हिंसा के तरीकों की नकल अब हिमाचली भी करने लगे हैं और इस तरह के संगीन अपराधों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह सिर्फ एक भयावह प्रवृत्ति नहीं, बल्कि समाज को कमजोर करने वाली समस्या बन चुकी है। बिलासपुर में झारखंड निवासी ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी की निर्मम हत्या कर दी और लाश के सबूत छिपाने के लिए उसे सेफ्टी टैंक में छुपा दिया। इसी तरह, मनाली में एक नेपाली महिला की हत्या हुई, जिसमें अपराधी ने उसके हाथ-पैर बांधकर लाश को सेब के बगीचे में फेंक दिया। एक ही दिन में दो अलग-अलग जिलों में इतनी बड़ी और संगीन घटनाओं का होना प्रदेश के नागरिकों के लिए गंभीर चेतावनी है। लोग अब अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं और यह माहौल चिंता और भय पैदा कर रहा है।

इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की तत्परता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इन मामलों में अभी तक दोषियों को पकड़ने और कानून के कटघरे में लाने में देरी हुई है। इससे यह संदेश जाता है कि अपराधी हिमाचल में न केवल आसानी से प्रवेश कर सकते हैं, बल्कि संगीन अपराध भी कर सकते हैं और वह अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। यह स्थिति न केवल समाज के लिए खतरा है, बल्कि पुलिस और प्रशासन की साख के लिए भी चिंताजनक है।

पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करे। दोषियों को पकड़ने और उन्हें कड़ी सजा दिलाने के लिए त्वरित कदम उठाना जरूरी है। इसके साथ ही, प्रदेश में आने वाले बाहरी नागरिकों की पूरी वेरिफिकेशन प्रक्रिया होनी चाहिए। यह न केवल अपराध की रोकथाम के लिए जरूरी है, बल्कि स्थानीय लोगों के विश्वास और सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए भी अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति हत्या या अन्य संगीन अपराध में शामिल पाया जाता है, तो उसे हिमाचल में भविष्य में रहन-सहन या रोजगार के लिए अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

हिमाचल के लोग पारंपरिक रूप से समाज और परिवार के मूल्य को बहुत महत्व देते हैं, लेकिन अब अपराध और हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सामाजिक संरचना को कमजोर कर दिया है। ऐसे समय में प्रशासन और पुलिस का यह दायित्व बनता है कि वे अपराधियों को कोई राहत न दें और कानून के अनुसार उन्हें सजा दिलाएं। केवल दोषियों की गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि भविष्य में इस तरह के अपराध रोकने के लिए सावधानी और सुरक्षा के उपाय लागू करना भी जरूरी है।

सरकार को चाहिए कि प्रदेश में अपराध रोकथाम और सुरक्षा के लिए व्यापक रणनीति तैयार करे। इसमें स्थानीय पुलिस बल की मजबूती, अपराध पर नजर रखने के लिए तकनीकी साधनों का इस्तेमाल, और आम नागरिकों को सुरक्षा उपायों की जानकारी देना शामिल होना चाहिए। इसके साथ ही बाहरी नागरिकों की पूरी पृष्ठभूमि जांच और प्रमाणित वेरिफिकेशन अनिवार्य किया जाना चाहिए। इससे न केवल अपराध में कमी आएगी, बल्कि लोगों का प्रशासन और पुलिस पर भरोसा भी बढ़ेगा।

इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल कानून बनाने से काम नहीं चलेगा। इसके लिए अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, प्रभावी निगरानी और समाज में जागरूकता फैलाना भी जरूरी है। स्थानीय नागरिकों, प्रशासन और पुलिस के बीच तालमेल, सूचना का सही आदान-प्रदान और अपराधियों की पहचान करना अब समय की मांग है। साथ ही, समाज में अपराध के प्रति दृष्टिकोण बदलना भी जरूरी है। नागरिकों को यह समझाना होगा कि हिंसा और हत्या किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेता

**पं. दीनदयाल उपाध्याय** भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेता, महान विचारक और कुशल संगठनकर्ता थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ। बहुत कम आयु में माता-पिता का साया उठ जाने के कारण उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, परंतु कठिन परिस्थितियों ने उनके चरित्र को और अधिक दृढ़ बनाया।



पं. दीनदयाल उपाध्याय
जन्म : 25 सितंबर, 1916
मृत्यु : 11 फरवरी, 1968

दीनदयाल जी बचपन से ही अत्यंत मेधावी थे। गणित उनका प्रिय विषय था और वे प्रत्येक कक्षा में प्रथम आते रहे। सीकर, पिलानी, कानपुर और आगरा में शिक्षा प्राप्त करते हुए उन्होंने असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और बीए प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आने के बाद उनके जीवन की दिशा राष्ट्रसेवा की ओर मुड़ गई। उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से 'राष्ट्रधर्म', 'पांचजन्य' और 'स्वदेश' जैसे पत्रों का संपादन किया। सन् 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे जनसंघ के कुशल संगठनकर्ता और 1968 में उसके अध्यक्ष बने।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की सबसे प्रसिद्ध विचारधारा 'एकात्म मानववाद' है, जिसमें उन्होंने पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों की आलोचना करते हुए भारतीय संस्कृति पर आधारित वैकल्पिक विकास मॉडल प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि हिंदू कोई संप्रदाय नहीं बल्कि भारत की राष्ट्रीय संस्कृति है। 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय के पास उनकी रहस्यमयी हत्या हो गई। मात्र 52 वर्ष की आयु में उन्होंने राष्ट्रसेवा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिए। ■



कविता

## नए वर्ष का नया सवेरा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. उर्मिल कौंडल, टीजीटी, सीनियर सेकेंडरी स्कूल टावा, जिला मंडी, मो. 89882-23448

**नए** वर्ष की सुबह बुलबुल मधुर राग सुनाने लगी
सूरज की किरणें सुहावना दृश्य दिखाने लगी।
घर आंगन की बगिया में रंग-बिरंगे फूल खिलने लगे
फूलों की खुशबू लेने भंवरे फूलों पर मंडराने लगे।
नए पौधे, नई कलियां, नई बहार लाएंगे
नई सोच, नए इरादे लेकर सब खुशियां मनाएंगे।
नए वर्ष का नया सवेरा सुहावना आ गया है
बच्चों में भी नए वर्ष का सरूर छा गया है।
बुराइयों को त्यागकर, अच्छाइयां हम अपनाएंगे
नए वर्ष में जीवन अपना खुशहाल हम बनाएंगे।
रचनात्मक कार्य करके नया इतिहास हम रच पाएंगे
अपने भारत देश का नाम रोशन हम कर पाएंगे।
किसी के प्रति बुरा सोचोगे तो बुरे ही बन जाओगे
सबका अच्छा चाहोगे तो भले इंसान बन पाओगे।
मानव देह है मिली केवल प्रभु मिलन के खातिर
पर मन रुकावट डालता है जो है बहुत शातिर।
इंद्रियां वश में होंगी तो मन वश में हो जाएगा
मन वश में हो गया तो समझो प्रभु मिलन हो जाएगा।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ओटीटी की भाषा और बच्चों की बिगड़ती जुबान





डॉ. अवधेश कुमार यादव
सहायक प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

चंडीगढ़ के गुप्ता जी रविवार के दिन मनोरंजन के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी वेब सीरीज देख रहे थे। उनका पांच साल का बेटा मोबाइल गेम में व्यस्त था। तभी टेलीविजन स्क्रीन पर पात्र अचानक से एक-दूसरे को जोर-जोर से गालियां देने लगे, जिसे देखकर उनका बेटा भी जोर-जोर से दोहराने लगा। गुप्ता जी रिमोट से सीरीज बंद कर देते हैं और मन ही मन सोचते हैं कि यह क्या हो रहा है? बचपन में तो हम अखबार पढ़कर भाषा सीखते थे। संपादकीय पन्नों से नए शब्द, मुहावरे और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते थे। अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म्स बच्चों की जुबान गंदी कर रहे हैं। हिंदी न्यूज चैनल तो हिंग्लिश में ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़े पत्रकार 'ग्राउंड जीरो' और 'एक्सक्लूसिव' जैसे शब्द हिंदी में लिखकर प्रसारित कर देते हैं। ओटीटी ने 'रियलिज्म' के नाम पर अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं।

एक समय था जब हिंदी भाषा की शुद्धता, व्याकरण और वर्तनी का सबसे बड़ा शिक्षक अखबार हुआ करता था। 19वीं सदी के अंत से लेकर 20वीं सदी के अधिकांश भाग तक अखबार घर-घर में भाषा सिखाते थे। लोग संपादकीय, लेख और समाचार पढ़कर नए शब्द सीखते, मुहावरे समझते और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते। हिंदी की लयबद्धता, संस्कृतनिष्ठ शब्दावली और उर्दू की मिठास का सुंदर संयोजन अखबारों की भाषा में झलकता था। वह दौर था जब भाषा को सम्मान दिया जाता था और उसे संवारने का सतत प्रयास होता था।

फिर, टेलीविजन का दौर आया। 1980-90 के दशक में दूरदर्शन पर सरकारी नियंत्रण के कारण भाषा काफी हद तक शुद्ध बनी रही, लेकिन निजी न्यूज चैनलों के उदय के साथ सब कुछ बदल गया। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ने नई पीढ़ी को हिंदी से दूर कर दिया। स्कूलों में अंग्रेजी को प्रधानता मिली, हिंदी को माध्यमिक भाषा का दर्जा दिया जाने लगा। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े-लिखे युवा जब हिंदी न्यूज चैनलों में पत्रकार बने, तो उन्होंने हिंदी में अंग्रेजी के शब्दों को जबरदस्ती घुसेड़ना शुरू कर दिया। ब्रेकिंग न्यूज, ग्राउंड जीरो, एक्सक्लूसिव, स्पॉटलाइट, सोर्सेज के मुताबिक, डेवलपमेंट्स हो रही हैं जैसे वाक्य आम हो गए। ब्रेकिंग न्यूज की होड़ में अनुवाद की जल्दबाजी ने व्याकरण और शुद्धता को ताक पर रख दिया। चैनलों पर चीख-चीखकर खबरें पढ़ी जाने लगीं, जिससे भाषा की मर्यादा भी कमजोर पड़ गई, लेकिन असली तबाही ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफॉर्म्स के साथ आई। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी फाइव आदि पर हिंदी वेब सीरीज ने भाषा की सारी पारंपरिक सीमाएं तोड़ दीं। संवाद अब शुद्ध हिंदी में नहीं, बल्कि हिंग्लिश, क्षेत्रीय बोलियों के मिश्रण और सबसे ज्यादा गालियों से भरे होते हैं। मिर्जापुर, सेक्रेड गेम्स, पाताल लोक, कॉलेज रोमांस, हॉस्टल डेज जैसी वेब सीरीज में हर दूसरे वाक्य में अश्लील शब्द सुनाई देते हैं। ये शब्द अब सिर्फ पात्रों की भाषा नहीं रहे, बल्कि युवाओं की रोजमर्रा की जुबान बनते जा रहे हैं।

ओटीटी पर अश्लील कंटेंट की बाढ़ से न केवल संस्कृति का सत्यानाश हो रहा है, बल्कि समाज में भाषा की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो रही है। रियलिज्म और ऑथेंटिसिटी के नाम पर अश्लील सीन और संवाद आम हो गए हैं, लेकिन क्या वास्तविक जीवन में हर व्यक्ति हर वाक्य में गाली देता है? क्या कॉलेज के छात्रों की सामान्य भाषा इतनी गंदी होती है? यह सब युवा पीढ़ी पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल रहा है। बच्चे और किशोर इन शब्दों को सुन-देखकर अपनी भाषा में शामिल कर लेते हैं, जिससे समाज में गाली-गलौज सामान्य लगने लगी है।

2025 में स्थिति और गंभीर हुई तो सरकार ने अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाए। जुलाई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स (जिनमें उल्लू, एएलटीटी, बिग शॉट्स, डेसिफ्लिक्स, नियॉनएक्स वीआईपी इत्यादि) को ब्लॉक कर दिया, क्योंकि ये अश्लील, वल्गर और पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित कर रहे थे।

यह कार्रवाई आईटी एक्ट, 2000 और 2021 के इंटरमीडियरी गाइडलाइंस के अंतर्गत की गई है। इससे पहले 2024 में 18 डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर इसी प्रकार की कार्रवाई हो चुकी थी। कुल मिलाकर जुलाई 2025 तक 43 प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक किया जाना सरकार की सख्त नीति को दर्शाता है।

सरकार ने 2024 के अंत से ओटीटी कंटेंट के लिए नए दिशा-निर्देशों पर काम शुरू किया, जिनमें गाली-गलौज को बीप करना, अश्लील दृश्यों को ब्लर करना और अंतरंग दृश्यों के वैकल्पिक प्रस्तुतीकरण को बढ़ावा देना शामिल है। हालांकि नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम जैसे मुख्यधारा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अभी सेंसरशिप लागू नहीं है, बल्कि आईटी रूल्स 2021 के तहत तीन-स्तरीय सेल्फ-रेगुलेशन व्यवस्था है। दिसंबर 2025 में सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि ओटीटी कंटेंट सीबीएफसी के दायरे में नहीं आता।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि प्रोफेनिटी स्वयं में अश्लीलता नहीं है, लेकिन बच्चों की सुरक्षा और भाषा की गिरावट पर चिंता जताई है। भाषा समाज का दर्पण होती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जरूरी है, पर उससे अधिक जरूरी बच्चों की सुरक्षा, सांस्कृतिक गरिमा और भाषा की शुद्धता है। इसलिए सख्त रेगुलेशन अब समय की मांग बन चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शिक्षा बजट : वैश्विक मंच के लिए युवाओं को तैयार करने का लक्ष्य



डॉ. नीतिका शर्मा
लेखिका हि.प्र. केंद्रीय विवि की शोधार्थी रही हैं, भोरंज (हमीरपुर)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




पूरे विश्व में हर क्षेत्र में भारत के युवा नेतृत्व करें, इसके लिए भारत सरकार ने पहल शुरू कर दी है। वैश्विक मंच के हर क्षेत्र में भारतीय लीड करें, इसी दिशा में अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद अब शिक्षा मंत्रालय एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाने की परियोजना शुरू करने जा रहा है। आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में थ्री डी एनिमेशन, कंपोजिटिंग, रेंडरिंग और स्टोरीबोर्डिंग जैसे कौशल की भारी मांग देखने को मिलेगी, जिसको ध्यान में रखकर केंद्र सरकार के 2026-27 के बजट में ऑरेंज इकोनॉमी को बड़े पैमाने की मानव पूंजी परियोजना के रूप में शामिल करना नीति दृष्टि में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है।

अगले कुछ वर्षों में देश के शिक्षा क्षेत्र में अब बड़ा ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिलेगा। इस दिशा में पहल भी शुरू हो गई है। आने वाले समय में देश के 15,000 विद्यालयों और 500 महाविद्यालयों में भारत के एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) कंटेंट क्रिएटर प्रयोगशालाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस परियोजना का उद्देश्य वर्ष 2030 तक बढ़ते एवीजीसी क्षेत्र के लिए 20 लाख युवाओं को मंच प्रदान करना है।

भारत में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स), गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र क्रिएट इन इंडिया पहल के तहत तेजी से उभर रहा है, जो 2030 तक लाखों रोजगार के अवसर पैदा करने वाला एक प्रमुख आर्थिक क्षेत्र बनने की संभावना है। स्कूल स्तर से ही विद्यार्थियों में तकनीक और विज्ञान के साथ कॉडिंग की रुचि रखें, इसके लिए यह परियोजना लाई गई है। इस क्षेत्र में थ्रीडी एनीमेशन, उच्च गुणवत्ता वाले वीएफएक्स, वर्चुअल रियलिटी और गेमिंग का मिश्रण शामिल है। भारत को केवल बैक-एंड हब के बजाय वैश्विक कंटेंट निर्माण केंद्र के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा अकादमिक कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की योजना है।

एनिमेशन और विजुअल इफेक्ट्स अब केवल कार्टून नहीं हैं, बल्कि यह ब्लॉकबस्टर फिल्मों (जैसे आरआरआर, बाहुबली) और इमर्सिव तकनीक का आधार हैं। भारत दुनिया में ऑनलाइन गेमर्स का दूसरा सबसे बड़ा आधार है, जो 2025 तक 169 बिलियन रुपए तक पहुंचने का अनुमान था। आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में थ्रीडी एनिमेशन, कंपोजिटिंग, रेंडरिंग और स्टोरीबोर्डिंग जैसे कौशल की भारी मांग देखने को मिलेगी। केंद्र सरकार के बजट में ऑरेंज इकोनॉमी को बड़े पैमाने की मानव पूंजी परियोजना के रूप में शामिल करना नीति दृष्टि में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। इससे एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे रचनात्मक व डिजिटल क्षेत्रों को केवल शौक या सीमित करियर विकल्प न मानकर, संगठित कौशल और रोजगार के सशक्त स्रोत के रूप में मान्यता मिलती है। हालांकि इस पहल की सफलता केवल संस्थान या लैब स्थापित करने से नहीं, बल्कि कार्यक्रम के व्यावहारिक और मजबूत डिजाइन पर निर्भर करेगी। शिक्षक प्रशिक्षण, स्पष्ट पाठ्यक्रम, उद्योग-मान्य कौशल मानक और पोर्टफोलियो-आधारित मूल्यांकन इसमें निर्णायक भूमिका निभाएंगे। वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालयों में इन विषयों की डिग्रियां पहले से मौजूद हैं, जो इस क्षेत्र की पेशेवर प्रकृति को दर्शाती हैं।

ऑरेंज इकोनॉमी में टिकाऊ रोजगार मुख्यतः उच्च तकनीकी और रचनात्मक उत्पादन-आधारित भूमिकाओं-जैसे एनीमेशन पाइपलाइन, गेम डेवलपमेंट, वीएफएक्स, साउंड डिजाइन और पोस्ट-प्रोडक्शन—में निहित हैं। इन क्षेत्रों में सफलता के लिए संरचित प्रशिक्षण, सॉफ्टवेयर दक्षता, टीमवर्क और उद्योग-संबद्ध सीख अनिवार्य है। 'क्रिएट इन इंडिया' नीति और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से भारत को वैश्विक रचनात्मक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश की वित्तीय तस्वीर सुधारने की बेहद आवश्यकता



योगिंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक), जिला मंडी
मो. 94591-35322

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




केंद्र सरकार से मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान (आरजीडी) समाप्त होने व भविष्य में अनुदान नहीं मिलने के कारण हिमाचल प्रदेश में हलचल सी मच गई है। कांग्रेस भाजपा दोनों दलों के नेता अपने-अपने ढंग से व्यक्तव्य दे रहे हैं। सरकार द्वारा वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया गया, जो हैरान करता है। आत्मनिर्भर हिमाचल प्रदेश का सपना तो मीलों दूर खड़ा महसूस हो रहा है।

वित्त सचिव द्वारा प्रदेश की वित्तीय तस्वीर प्रस्तुत की गई, जिसमें मुख्य बिंदु सामने आए। आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में प्रदेश सरकार को मूल कर्ज और ब्याज का 13000 करोड़ रुपए भुगतान करना है, जबकि नया कर्ज 10000 करोड़ रुपए प्राप्त होगा। प्रदेश के ऊपर वर्तमान में एक लाख करोड़ से अधिक कर्ज है, इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के एरियर सहित डीए आदि की देनदारी 14000 करोड़ रुपए है। केवल इन्हीं आंकड़ों से अंदाजा लगा सकते हैं कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कहां खड़ी है? पिछले अनेक वर्षों से उधारी द्वारा प्राप्त धन के उपरांत खर्च की व्यवस्था बनी हुई है। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों के बदले काम चलाऊ नीतियों पर ही कार्य होता रहा। आने वाले वर्षों के लिए वित्तीय असंतुलन की गंभीर चेतावनी है। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है, अपने आय के साधन सीमित हैं। हिमाचल की तुलना अन्य प्रदेशों सहित पड़ोसी राज्य उत्तराखंड से नहीं कर सकते। उत्तराखंड के पास आय के अपने साधन अधिक हैं। हिमाचल प्रदेश को केंद्र के सहारे की हमेशा जरूरत रहती है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा नेताओं के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री के समक्ष प्रदेश का पक्ष रखने की राय दी है। मुख्यमंत्री पहाड़ी राज्य के साथ अन्याय और सन्धिय ढांचे पर प्रहार मान रहे हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, प्रदेश में राजस्व बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं, ताकि अर्थव्यवस्था में सुधार आए। आपदा के कारण अतिरिक्त अनदेखे खर्च करने पड़े हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के अनुसार आरजीडी अस्थायी व्यवस्था थी, जिसे केंद्र सरकार ने वर्ष 2020-21 में शुरू किया और वर्ष 2025-26 तक प्रत्येक वर्ष घटते क्रम में वित्तीय मदद मिलनी थी। 5 वर्षों में प्रदेश को 37000 करोड़ से अधिक सहायता आरजीडी के तहत मिली है। मुख्यमंत्री को वित्तीय संकट का एहसास हो गया था, जिस कारण उन्होंने प्रदेश का पक्ष केंद्र के समक्ष बार-बार रखा। प्रदेश को आर्थिक संकट से बाहर निकालने की जरूरत है। यह केंद्र की सहायता के बिना असंभव है। अतिरिक्त कर्ज उठाया तो वित्तीय असंतुलन की समस्या बनी रहेगी। वैसे प्रदेश के लिए केंद्र सरकार से सड़कों के निर्माण ग्रामीण विकास सहित अन्य योजनाओं के लिए धनराशि मिलती आई है। इस वर्ष दो योजनाएं (ईको फ्रेंडली माउंटेन कॉरिडोर और बायो फार्मा शक्ति) पहाड़ी राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के लिए मिली है। योजनाओं के अतिरिक्त आरडीजी की तरह केंद्र से अतिरिक्त धन प्रदेश को मिलने की आवश्यकता रहती है। वित्त सचिव द्वारा खर्च कटौती के सुझाव भी दिए हैं। उन सुझावों पर सरकार को ध्यान देना होगा। यदि खर्चों पर अंकुश नहीं लगाया तो भविष्य में वित्तीय समस्या गंभीर बनी रहेगी। बिना कठोर निर्णय सुधार नहीं आएगा और आत्मनिर्भर हिमाचल का सपना अधूरा दिखता रहेगा। हिमाचल प्रदेश से चुने हुए 68 विधायकों और सातों सांसदों को चिंतन करते हुए अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। कांग्रेस, भाजपा आपसी टकराव के बिना सामूहिक तरीके से प्रदेश की वर्तमान वित्तीय समस्या के प्रति आवाज उठाएं। ऐसी आशा प्रत्येक हिमाचली अपने माननीयों से करता है।

हिमाचल वासियों को भी संयम के साथ सहयोग करना होगा। विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है, जिसमें आगामी बजट वर्ष 2026-27 को सरकार किस तरह संतुलित करती है, आरडीजी का तोड़ क्या निकालती है, यह बजट पेश होने के बाद दिखाई देगा। वैसे केंद्रीय सहायता के साथ खर्च कटौती दोनों प्रयासों पर सरकार को ध्यान केंद्रित करना होगा, तभी बेहतर परिणाम आएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शिक्षा संस्थानों में स्मार्ट मोबाइल फोन पर प्रतिबंध समय की मांग



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



शिक्षा के मंदिरों में अब विद्यार्थी केवल किताब और कॉपी लेकर आएं-स्मार्ट मोबाइल फोन नहीं। राज्य सरकार द्वारा सरकारी एवं निजी विद्यालयों में छात्रों के मोबाइल फोन लाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना एक साहसिक और दूरदर्शी निर्णय है।

यह पहल न केवल अनुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास की रक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक प्रतीत होती है। सरकार की इस पहल की सफलता के लिए अभिभावकों को भी अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी से निभानी होंगी।

उच्च न्यायालय द्वारा ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध की आवश्यकता जताना समय की मांग है। इंटरनेट पर पोर्नोग्राफी देखने की बढ़ती लत और सोशल मीडिया पर उपलब्ध अश्लील सामग्री बच्चों के कोमल मन को गहराई से प्रभावित कर रही है। इसका दुष्प्रभाव उनके व्यवहार, सोच और स्वास्थ्य पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। ऐसे में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं पर सख्त नियम लागू किए जाने चाहिए और बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग का नियंत्रण पूरी तरह अभिभावकों के हाथ में होना चाहिए।

आज सोशल मीडिया पर निरंतर सेल्फी डालना, रील बनाना और वायरल होने की होड़ किसी मानसिक विकृति से कम नहीं लगती। दुर्भाग्यवश, इस प्रवृत्ति से समाज की कुछ महिलाएं और लड़कियां भी प्रभावित हो रही हैं, जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। कभी शर्म और मर्यादा को आभूषण माना जाता था, पर आज सोशल मीडिया पर बेहूदापन कमाई का साधन बनता जा रहा है, जो समाज को नैतिक पतन की ओर धकेल रहा है।

देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई द्वारा यह स्वीकार किया जाना कि डिजिटल युग में लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, अत्यंत चिंताजनक है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जा रहे व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और प्रशिक्षित बनाने की आवश्यकता है। बढ़ती असुरक्षा के कारण लड़कियां साइबर अपराध, ब्लैकमेलिंग और मानसिक उत्पीड़न जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं।

इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर पारिवारिक रिश्तों को मजाक और दिखावे की वस्तु बना दिया गया है। फॉलोअर बढ़ाने की होड़ में लोग मर्यादाओं की सभी सीमाएं लांघते दिखाई दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्मार्ट मोबाइल फोन देने पर कड़ा कानून बना चुका है। भारत में भी इसी प्रकार के सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

स्मार्ट मोबाइल फोन का अत्यधिक और गलत उपयोग आज स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गया है। रातभर मोबाइल चार्जिंग पर रखना, चार्जिंग के दौरान बात करना और तकिए के नीचे फोन रखकर सोना दुर्घटनाओं को न्योता देता है। बैटरी फटने और रेडिएशन के दुष्प्रभाव बढ़ते जा रहे हैं, वहीं लगातार गर्दन झुकाकर मोबाइल देखने से कमर व गर्दन दर्द आम समस्या बन गई है। सोशल मीडिया की लत ने खान-पान, नींद और पारिवारिक रिश्तों को प्रभावित किया है, जिससे तनाव और अनिद्रा बढ़ रही है। डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराध भी आम हो चुके हैं। ऐसे में शिक्षा संस्थानों में मोबाइल प्रतिबंध और सोशल मीडिया पर सख्त नियंत्रण समाज व राष्ट्रहित में आवश्यक कदम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में पहली बार होगा मंडी साहित्य उत्सव : उपायुक्त

## 14 को राजा भसीन करेंगे शुभारंभ, एक साथ जुटेंगे साहित्य जगत के विख्यात रचनाकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान इस बार मंडी के साहित्य जगत से भी लोग रू-ब-रू हो सकेंगे। शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में मंडी साहित्य उत्सव का आयोजन इस बार 14 फरवरी को संकन गार्डन के ओपन थियेटर में किया जा रहा है। सदियों से मंडी के इतिहास के साक्षी रहे घंटाघर के ठीक नीचे साहित्य जगत के ख्यात रचनाकार एकसाथ जुटेंगे।

उपायुक्त एवं शिवरात्रि महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने कहा कि मंडी नगर सदियों से कला एवं संस्कृति का संवाहक रहा है। साहित्य के क्षेत्र में भी यहां के रचनाकारों ने उत्कृष्ट साहित्य सृजन कर देश-विदेश में अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि इस बार एक महत्वाकांक्षी पहल करते हुए मंडी साहित्य उत्सव का आयोजन शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसमें मंडी के साहित्यकारों की उपलब्धियों एवं रचनाओं पर पांच पैनल डिस्कशन रखी गई हैं। इसके अलावा यहां की ललित कलाओं पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

अपूर्व देवगन ने बताया कि 14 फरवरी को प्रात: 10 बजे से सायंकाल छह बजे तक पांच सत्रों में यह उत्सव आयोजित किया जाएगा। जाने-माने लेखक, इतिहासकार एवं पत्रकार राजा भसीन इसका विधिवत शुभारंभ करेंगे। उत्सव के दौरान प्रथम सत्र में रूपेश्वरी शर्मा, डॉ. रेखा वशिष्ठ, कृष्णचंद महादेविया, मुरारी शर्मा और पृथीपाल मंडयाली लोक साहित्य एवं समकालीन साहित्य पर चर्चा करेंगे। दूसरे सत्र में डॉ. राकेश शर्मा, बीरबल शर्मा, सीमा शर्मा और राजेश ललित कला और फोटोग्राफी विधा पर, तृतीय सत्र में पवन चौहान, रमेश रवि, कृष्णचंद महादेविया और सीमा शर्मा बाल कहानियां विधा में 'किस्मों की विरासत लोक कथा से बाल कथा तक' विषय पर चर्चा करेंगे।

### गजल संध्या से होगा साहित्य उत्सव का समापन

**चौथे** सत्र में डॉ. शिवम त्यागी, जीवन पठानिया, सुशांत व डॉ. अनिता ठाकुर युवा लेखन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर तथा अंतिम सत्र में जगदीश कपूर, कुलदीप गुलेरिया, विनोद बहल, प्रकाश चंद धीमान और सत्य महेश शर्मा हिमाचल प्रदेश के लोक साहित्य एवं भाषा पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस साहित्य उत्सव का समापन सायं छह बजे गजल संध्या से होगा। इसमें रिषभ भारद्वाज और कुलदीप अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

### संकन गार्डन में होंगी विविध सांस्कृतिक गतिविधियां

**अंतरराष्ट्रीय** शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में पांच सौ वर्ष प्राचीन मंडी नगर पूरी तरह से सज-धज कर तैयार है। इस बार महोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक जीवंत व जनभागीदारी से जोड़ने के लिए कई सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। मंडी की धड़कन माने जाने वाले संकन गार्डन में शास्त्रीय संगीत, नृत्य, भजन संध्या और साहित्यिक आयोजनों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से ये कार्यक्रम ऐतिहासिक घंटाघर के समीप आयोजित होंगे। 10 फरवरी को इंदिरा मार्केट ओपन थियेटर में शास्त्रीय संगीत, 11 फरवरी को संकन गार्डन में भजन संध्या, जबकि 12 व 13 फरवरी को संस्कृति सदन में नाटक मंचन होगा। 17 फरवरी को कवि सम्मेलन और मंडयाली गीता पाठ आयोजित किया जाएगा।

# नशे के खिलाफ मंडी पुलिस को पूरा सहयोग देगी परिषद : राही

## प्रतिनिधिमंडल ने एसपी विनोद से की भेंट, सामाजिक बुराइयों पर संयुक्त कार्रवाई का आश्वासन

अनंत ज्ञान



अखिल भारतीय दलित पिछड़ा वर्ग परिषद के पदाधिकारी एसपी मंडी को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में बढ़ते नशे के मामलों को लेकर अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार के से मिला और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों को पूर्ण समर्थन देने का भरोसा जताया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश संयोजक सन्नी ईप्पन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

चमन राही ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय कर रहा है और इससे सामाजिक, पारिवारिक व कानून-व्यवस्था से जुड़ी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, ऐसे में एसपी मंडी के कुशल नेतृत्व में मंडी पुलिस द्वारा नशे की रोकथाम एवं नशा तस्करों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई सराहनीय है। उन्होंने कहा कि परिषद मंडी पुलिस को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी। प्रतिनिधिमंडल ने दहेज प्रथा, छुआछूत, घरेलू हिंसा, चोरी की घटनाएं, बाल विवाह, दुष्कर्म, बैंकिंग फ्रॉड, मोबाइल स्कैम और उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम के लिए पुलिस व समाज के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही भविष्य में होने वाले पंचायती राज चुनावों के दौरान धन बल और मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए पुलिस सामुदायिक योजना के तहत युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया गया। परिषद ने आश्वासन दिया कि नशा-मुक्त, अपराध-मुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए वह मंडी पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी और प्रशासन के हर सकारात्मक दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बरोट-मियोट सड़क पर 18 दिन से बस बंद ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल झटींगरी के तहत आने वाले बरोट-मियोट सड़क मार्ग पर लगभग 18 दिनों से बस सेवा ठप रहने के कारण खलेहल, मियोट, बड़ी झरवाड़ तथा छोटी झरवाड़ गांव के लोगों में सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि 23 जनवरी की रात चौहारघाटी में आधा फुट से डेढ़ फुट तक बर्फबारी हुई थी, जिसे लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी मशीन लगाकर सड़क से हटाकर करीब दस दिन पहले ही मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया, बावजूद इसके अभी तक बस सेवा शुरू नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि छोटे वाहन लगातार चल रहे हैं, लेकिन बस न चलने से उन्हें मजबूरन टैक्सियों में सफर करना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। राजू राम, मखोली राम, मूल चंद, होशियार सिंह, रागी राम, बलदेव, संतोष कुमार, ध्यान सिंह, रामदास और सोमदत सहित पंचायत के लोगों ने पथ परिवहन निगम और सरकार से मांग की है कि इस रूट पर शीघ्र बस सेवा शुरू की जाए, अन्यथा चारों गांवों के लोग सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### पड़ोसी पर पत्थरबाजी व जान से मारने की धमकी का आरोप, एसडीएम व डीएसपी से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन क्षेत्र के गांव रडू (डाकघर अप्पर बैहली) निवासी अश्वनी कुमार पुत्र बिहारी लाल ने अपने पड़ोसी परिवार पर लगातार प्रताड़ना, जान से मारने की धमकी और बीती रात घर पर पत्थरबाजी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। अश्वनी कुमार ने इस संबंध में एसडीएम व डीएसपी सुंदरनगर को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर सुरक्षा व कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि वह स्वयं हृदय रोग से पीड़ित है जबकि उसकी पत्नी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही है। शिकायत में कहा गया है कि पड़ोसी परिवार के महिला-पुरुष लंबे समय से मकान छोड़ने की धमकी दे रहे हैं। वर्ष 2019 में समझौता होने के बावजूद विवाद थमा नहीं। उस समय खेत में काम करते दौरान कथित तौर पर दराटी से हमला भी किया गया था। अश्वनी कुमार का आरोप है कि बीती रात नशे की हालत में पड़ोसी ने घर की दीवारों व दरवाजे पर देर रात तक पत्थरबाजी की और गालियां दीं। पीड़ित परिवार ने पुलिस व प्रशासन से प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जीप से देवदार की 16 स्लीपर बरामद, दो काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना पधर के तहत अरंग बस स्टैंड के पास नाके के दौरान पुलिस ने एक जीप नंबर एचपी-65ए-1360 को जांच के लिए रोका, जिसमें अवैध रूप से देवदार की लकड़ी ले जाई जा रही थी। तलाशी के दौरान वाहन से विभिन्न आकारों की 16 देवदार स्लीपर बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1,18,501 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने वाहन चालक की पहचान हरीश कुमार पुत्र श्री निरत राम, निवासी डाकघर बथेरी, उप-तहसील कटौला, जिला मंडी के रूप में की, जबकि वाहन में सवार दूसरे व्यक्ति की पहचान दलीप पुत्र दान सिंह, निवासी डाकघर बथेरी, उप-तहसील कटौला, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा लकड़ी को कब्जे में लेकर जीप को भी जब्त कर लिया गया है तथा पूरे मामले को लेकर गहनता से जांच की जा रही है कि देवदार की लकड़ी कहां से लाई गई और इसे कहां ले जाया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस तरह के मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 3 दिन के रिमांड पर एनडीपीएस मामले का आरोपी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत दर्ज एनडीपीएस मामले में आरोपी दिव्यांश (20) पुत्र राजेश कुमार, निवासी गांव व डाकघर लम्बागांव, तहसील जयसिंहपुर को जांच के सिलसिले में माननीय न्यायालय एसीजेएम-01, सुंदरनगर, जिला मंडी के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को आगे की पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश दिए हैं।

# प्राकृतिक खेती की अग्रदूत पांगणा की लीना शर्मा को मिला 'इनोवेटिव फार्मर अवॉर्ड'



इनोवेटिव फार्मर अवॉर्ड के साथ लीना शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**करसोग।** मंडी जिले की उप-तहसील पांगणा के पज्याणु गांव की प्रगतिशील महिला किसान एवं 'फार्म लेडी ऑफ इंडिया' के नाम से विख्यात लीना शर्मा को प्राकृतिक खेती में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'इनोवेटिव फार्मर अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिल्ली प्रेस के फार्म एन फूड मीडिया द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फार्म एन फूड कृषि सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। समारोह 10 फरवरी को मोहाली (पंजाब) में आयोजित हुआ, जिसमें हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के नवाचारी किसानों को सम्मानित किया गया।

लीना शर्मा का चयन ऑर्गेनिक/प्राकृतिक खेती श्रेणी में किया गया। उन्होंने रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक व जैविक पद्धतियों को अपनाया है। उनकी खेती में देशी बीज, जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत और प्राकृतिक कीट नियंत्रण तकनीकों का सफल प्रयोग किया जा रहा है, जिससे खेती कम लागत वाली और पर्यावरण-अनुकूल बनी है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद को फल मक्खी प्रबंधन व कम लागत वाले कीट ट्रैप विकसित करने के लिए वेस्ट रिसर्च एंड फार्मिंग सिस्टम का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

# पशु मित्रों की भर्ती के लिए बोझा उठाकर दौड़ाना न्यायसंगत नहीं: भूपेंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर में पशु मित्रों की भर्ती प्रक्रिया के तहत पिछले कल कॉलेज खेल मैदान धर्मपुर में अवेदकों से 25 किलो बोझा उठाकर दौड़ाया गया जिनमें अधिकांश युवतियां थी। इस बारे पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पशु की सेहत की देखभाल करने वाले इन पशु मित्रों से बोझा उठा कर दौड़ाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग में मजदूरों की भर्ती में तो ये शर्त समझ में आती है लेकिन पशुओं की देखभाल के लिए रखे जा रहे इन मजदूरों से किस समझ से उठवाया गया। हालांकि पशुओं के बारे में जानकारी और सवाल पूछना तो बाजिब है लेकिन बोझा



उठवाने से ऐसा प्रतीत होता है कि ये पशु मित्र घास ढोने का काम करेंगे जिसके लिए इस प्रकार का टेस्ट लिया गया। भूपेंद्र ने इस बारे वर्तमान सरकार के मुख्यमंत्री व विधायक से सवाल खड़े किए हैं, क्योंकि पिछली सरकार के समय इसी खेल मैदान में जल शक्ति विभाग में हुई नियुक्तियां करने के लिए पाइपें उठवायी गयी थी और दौड़ लगवाई गयी थी जिसका उन्होंने विरोध किया था लेकिन अब वे भी उसी प्रकार के नियम बना कर भर्तियां कर रहे हैं और पशु मित्रों के लिए बोझा उठवाना पिछले कल से यहां पर विभाग व सरकार का मजाक का विषय बन गया है।

# पशु मित्र बनने के लिए 134 अभ्यर्थियों ने बहाया पसीना




बालीचौकी में पशु मित्र भर्ती के दौरान डॉक्टर व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** उपमंडल के स्कूल मैदान में मंगलवार को आयोजित पशु मित्र भर्ती में युवाओं ने खूब पसीना बहाया है। प्रतिमाह मिलने वाले 5000 मानदेय के लिए अभ्यर्थियों ने सिर पर 25 किलो की बोरी उठाकर 100 मीटर की मैदानी बाधा को एक मिनट से पहले ही पूरा किया है। इस दौरान युवा-युवतियों में एक-दूसरे को पछाड़ने के लिए खूब उत्साह दिखा है। जिसमें कुछ युवा बोरी के साथ जमीन पर गिरे और फिर साहस दिखाकर खड़े हुए और 100 मीटर बाधा को पूरा किया। अभ्यार्थी सुबह 8 बजे ही स्कूल मैदान पहुंच गए। 10 बजे के बाद उनके प्रमाणपत्रों की जांच की गई, जिसमें कुछ समय लगा। इसके बाद लगभग 11 बजे शारीरिक परीक्षा को शुरू किया गया, जो दोपहर बाद खत्म हुई।

पशुपाल विभाग के अधिकारी चैतन्य ठाकुर ने बताया कि पशु मित्र बनने के लिए विभाग के पास 138 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें शारीरिक परीक्षा के लिए 134 अभ्यार्थी पहुंचे हैं, जो सभी मैदानी बाधा में सफल हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह भर्ती 9 पदों के लिए आयोजित की गई है। जिसमें अभ्यर्थियों ने 100 मीटर दौड़ को समय से पहले ही पूरा किया है। इस अवसर पर तहसीलदार निधि सकलानी, डॉ दलीप सिंह, डॉ. तमना, डॉ. प्रियंका, डॉ स्मृति, डॉ सोनप्रिया समेत अन्य उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर व जी-राम-जी का किया विरोध

## थाटा में मनरेगा श्रमिक संगठन की बैठक में गंभीर मुद्दों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान



मनरेगा श्रमिक संगठन की बैठक में महिलाएं व अन्य। अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** ग्राम पंचायत थाटा में मनरेगा श्रमिक संगठन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें मनरेगा, स्मार्ट मीटर योजना, खेती पर संकट और दूध से जुड़े मसलों पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक में विशेष रूप से हिमाचल किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह राणा ने भाग लेते हुए कहा कि केंद्र सरकार लगातार किसान-मजदूर विरोधी नीतियां थोप रही है और मनरेगा को बदलकर वीबी जी राम जी लाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मनरेगा को समाप्त कर आम लोगों के जीवन यापन पर हमला करना है, क्योंकि मांग आधारित कानून को अब सप्लाई आधारित बनाया जा रहा है तथा इसकी निर्भरता 40 प्रतिशत राज्य और 60 प्रतिशत केंद्र सरकार पर होगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश में वीबीजी राम जी नहीं चल पाएगा, इसलिए मनरेगा को ही लागू रखा जाए। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए जा रहे द्विपक्षीय समझौतों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि कम टैरिफ से सेब, नाशपाती, कीवी सहित सभी फल खेती और अधिक संकट में आएगी, इसलिए इन समझौतों से भारत सरकार को पीछे हटना चाहिए।

बैठक में स्मार्ट मीटर योजना को भी लोगों की जेब पर डाका डालकर बड़े कॉरपोरेट्स को फायदा पहुंचाने वाली योजना बताते हुए हिमाचल सरकार से इसे रद्द करने की मांग की गई। बैठक में 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया, जिसमें इंदर सिंह को प्रधान और ओम प्रकाश को सचिव चुना गया। साथी इंदर ने कहा कि इस हालत में मनरेगा श्रमिक संगठन को और मजबूत करना होगा।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी को ग्राम पंचायत थाटा से अधिक से अधिक मनरेगा कामगार अखिल भारतीय हड़ताल में शामिल होकर बालीचौकी रैली को सफल बनाएंगे।

# नप सरकाघाट के सफाई मजदूर 12 को करेंगे हड़ताल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट में ठेके पर कार्यरत सफाई मजदूर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 12 फरवरी को हड़ताल पर जाएंगे। मजदूरों ने इस संबंध में एसडीएम सरकाघाट को नोटिस सौंप दिया है, जिस पर यूनियन प्रधान कुंता देवी सहित बड़ी संख्या में मजदूरों के हस्ताक्षर हैं। मजदूरों का कहना है कि हिमाचल सरकार द्वारा घोषित 425 रुपये प्रतिदिन की दिहाड़ी उन्हें पूरी नहीं दी जा रही, जिससे मासिक वेतन में लगभग दो हजार रुपये की कटौती हो रही है। मजदूरों ने ठेका व आउटसोर्स कर्मियों को विभागीय कर्मचारी बनाने की नीति लागू न होने, समय पर वेतन न मिलने और सुरक्षा किट उपलब्ध न करवाने पर भी नाराजगी जताई। वहीं बरछवाड़ व पपलोग सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के मजदूरों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। सरकाघाट अस्पताल के सफाई कर्मी व एम्बुलेंस कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल होंगे। सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने चार श्रम कोड रद्द करने की मांग दोहराई।

# तनेहड़ खड्ड में खुली लूट, जल शक्ति विभाग की मिलीभगत उजागर : रजत

अनंत ज्ञान

- कहा- घटिया निर्माण से खतरे में जनता की जान
- दोषियों पर कार्रवाई न होने तक जारी रहेगा संघर्ष

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने धर्मपुर जलशक्ति विभाग के भ्राड़ी मंडल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि तनेहड़ खड्ड में करवाई जा रही चैनलाइजेशन योजना भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है, जहां नियमों को ताक पर रखकर जनता के कर के पैसों की खुली लूट की जा रही है। रजत ठाकुर ने आरोप लगाया कि खड्ड के किनारे बनाए जा रहे क्रेटवाल में नियमानुसार कटे पत्थरों की जगह छोटे-बड़े बेतरतीब पत्थर भरे जा रहे हैं, जिससे यह साफ हो जाता है कि विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कराया जा रहा है और इससे भविष्य में बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की बरसात में तनेहड़ खड्ड में बने लगभग सभी स्पर ढह गए थे, लेकिन सबक लेने के बजाय वही लापरवाही और



भ्रष्टाचार दोहराया जा रहा है, जिससे साफ है कि कुछ प्रभावशाली लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। रजत ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो भाजपा सड़कों पर उतरकर जन आंदोलन करेगी और सरकार की इस जनविरोधी कार्यप्रणाली का पुरजोर विरोध करेगी।

# ऑनलाइन स्कैम और साइबर धोखाधड़ी से सावधान रहने के लिए किया जागरूक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंडी जिला के उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आज एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चेतन सैनी ने उपस्थित लोगों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला में चेतन सैनी ने लोगों से आग्रह किया कि वे अजनबियों से ऑनलाइन संपर्क करने या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन लेन-देन करते समय हमेशा विश्वसनीय स्रोतों का ही प्रयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज न करें। साइबर फ्रॉड की स्थिति में उन्होंने यह भी बताया कि सबसे पहले प्रभावित व्यक्ति को नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करनी चाहिए। यह हेल्पलाइन 24×7 उपलब्ध रहती है और शिकायत दर्ज कर फ्रॉड की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने में मदद करती है। चेतन सैनी ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को निर्देश दिया कि https//cyber-crime.gov.in पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करें, ताकि जांच तुरंत शुरू हो सके। इस तरह के कार्यक्रम साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### फ्रॉड होने पर तुरंत उठाए जाने वाले कदम

**कार्यशाला** में बताया गया कि वित्तीय धोखाधड़ी (पैसे की चोरी) होने पर तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत करें। अपने बैंक को कॉल करके अपना खाता, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या यूपीआई को तुरंत ब्लॉक करवाएं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल httpsN//cybercrime.gov.in/ पर अपनी शिकायत दर्ज करें। नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर सेल में लिखित शिकायत दर्ज कराएं।
**सबूत संभालें:** यह भी बताया गया कि धोखाधड़ी से जुड़े स्क्रीनशॉट, मैसेज, बैंक स्टेटमेंट, और कॉल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखें। फ्रॉड के मामले में जितनी जल्दी (1-2 घंटे में) सूचना दी जाएगी, पैसे वापस मिलने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। आपातकालीन स्थिति में या साइबर अपराधों के अलावा अन्य अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए स्थानीय पुलिस से संपर्क करें। राष्ट्रीय पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। इस एक दिवसीय कार्यशाला में निर्वाचन तहसीलदार राजेश शर्मा सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

- सुरक्षित इंटरनेट उपयोग पर कार्यशाला आयोजित

**प्रदर्शन** सप्ताह में दो दिन खोलने के फैसले का विरोध, संघर्ष समिति ने आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी

# शानन उपडाकघर को लेकर जनआंदोलन तेज

अनंत ज्ञान



शानन उपडाकघर को दो दिन खोलने के फैसले को लेकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

- स्थानीय जनता ने कर्मचारियों का घेराव कर किया प्रदर्शन
- आसपास के गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** शानन वार्ड नंबर-7 स्थित उप डाकघर को लेकर चल रहा जनआंदोलन मंगलवार को और तेज हो गया। डाक विभाग के निर्णय के तहत उप डाकघर को सप्ताह में केवल दो दिन (मंगलवार व शुक्रवार) खोलने के लिए दो कर्मचारी शानन पहुंचे, लेकिन स्थानीय जनता ने इस व्यवस्था को सिरे से खारिज करते हुए कर्मचारियों का घेराव कर लिया और उन्हें कार्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया। देखते ही देखते शानन सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। मौके पर मौजूद डॉ. राकेश धरवाल, अध्यक्ष शानन बचाओ संघर्ष समिति, ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सप्ताह में केवल दो दिन उप डाकघर खोलना जनता की मांगों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने दोहराया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक शानन उप डाकघर को पहले की तरह सप्ताह के सभी कार्यदिवसों में पूर्ण रूप से बहाल नहीं किया जाता।

डॉ. धरवाल ने आरोप लगाया कि उप डाकघर को बिना किसी पूर्व सूचना के रातों-रात बंद कर दिया गया, जिससे शानन, स्योरी, छपरोट, जिमजिमा, सेरी, कुप्पड़, हराबाग सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि डाक विभाग के इस मनमाने फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि जनता के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि डाक विभाग ने शीघ्र ही उप डाकघर को पूर्ववत पूर्ण रूप से बहाल नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। आने वाले दिनों में मंडी में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का घेराव किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर चक्का जाम जैसे कड़े कदम भी उठाए जाएंगे। वहीं, स्थानीय लोगों ने एक स्वर में कहा कि ऐतिहासिक शानन उप डाकघर किसी अस्थायी व्यवस्था से नहीं, बल्कि स्थायी समाधान से ही चल सकता है। जनता ने साफ कर दिया है कि सप्ताह में दो दिन खोलने की व्यवस्था उन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है और जब तक उप डाकघर पूरी तरह बहाल नहीं होता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान करे सरकार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश व महासचिव नरोत्तम धीमान ने संयुक्त बयान में 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनर्स को छठे वेतन आयोग के संपूर्ण एरियर्स का भुगतान करने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने सरकार से लंबित चिकित्सा बिलों के जल्द भुगतान के लिए प्रक्रिया तेज करने व पर्याप्त बजट प्रावधान की मांग की। एसोसिएशन ने जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनर्स के एरियर्स व 13% डीए की बकाया किश्तें जारी करने की भी मांग की। केंद्रीय बजट में राजस्व घाटा अनुदान में कटौती से पेंशनरों में रोष व्याप्त है।

### प्रदेश में बढ़ता नशा गहराती चिंता : अमर नाथ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रसिद्ध शिक्षाविद, प्रमुख समाजसेवी व अध्यक्ष शांति सेवा समिति अमर नाथ धीमान ने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश, अपनी प्राकृतिक सुंदरता व शांत वातावरण के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ समय से एक भयावह चुनौती इस सुंदर राज्य को अपनी गिरफ्त में ले रही है, वह है नशे का बढ़ता प्रकोप। यह समस्या अब एक सामाजिक बुराई से कहीं बढ़कर एक गंभीर संकट का रूप ले चुकी है, जो हमारे युवाओं के भविष्य व राज्य की सामाजिक संरचना को खोखला कर रही है। अमर नाथ धीमान ने कहा कि विकराल रूप लेता नशे का जाल व्यक्ति, समाज व राष्ट्र को खोखला कर रहा है। पहले जहां चरस व अफीम जैसे पारंपरिक नशीले पदार्थों का प्रचलन सीमित था। वहीं, अब 'चिट्टा' (हेरोइन) जैसे सिंथेटिक और अत्यधिक खतरनाक ड्रग्स ने अपने पैर पसार लिए हैं। राज्य के शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक, स्कूल व कॉलेज के छात्रों से लेकर दिहाड़ी मजदूरों तक, हर वर्ग इसकी चपेट में आता दिख रहा है।

### स्मार्ट मीटर पर होने वाली बैठक स्थगित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** बिजली उपमंडल भरवाईं के अंतर्गत चिंतपूर्णी के माथो टिल्ला में स्मार्ट मीटरों को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए मंगलवार को प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। बिजली विभाग के एसडीओ त्रिलोक शर्मा ने बताया कि किन्हीं विशेष कारणों के चलते मंगलवार को होने वाली बैठक को टाल दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब यह बैठक अगले सप्ताह आयोजित की जाएगी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के मन में स्मार्ट मीटरों को लेकर उठ रहे सवालों और शंकाओं का समाधान करना है। नई तारीख और समय की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी।

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ 12 फरवरी को प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एंप्लाइज, इंजीनियर्स व पेंशनर्ज ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बिलासपुर इकाई के जिला प्रधान यशवंत चौहान ने बिजली संशोधन विधेयक-2025 और स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था का विरोध करते हुए कर्मचारियों व आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। यशवंत चौहान ने कहा कि बिजली एक बुनियादी सार्वजनिक सेवा है, लेकिन प्रस्तावित विधेयक में निजीकरण से जुड़े ऐसे प्रावधान हैं, जिनसे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और कर्मचारियों व पेंशनरों की सेवा व सामाजिक सुरक्षा प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि मुनाफा आधारित निजी कंपनियां सब्सिडी और सस्ती बिजली की बजाय लाभ को प्राथमिकता देंगी, जिससे घरेलू, कृषि और छोटे उपभोक्ताओं के लिए बिजली महंगी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर और प्रीपेड व्यवस्था लागू होने से किसानों, गरीब परिवारों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को सीधा आर्थिक झटका लगेगा, जबकि बिजली बोर्ड के अस्तित्व पर भी खतरा पैदा होगा। जिला प्रधान ने बताया कि इन नीतियों के विरोध में सीसीओईईई के राष्ट्रीय आह्वान पर 12 फरवरी, वीरवार को पूरे प्रदेश में पैन डाउन हड़ताल की जाएगी।

### लोगों को नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अंब के वार्ड नं. 8 में वार्ड सभा व समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष इंदु धीमान, सचिव हर्ष गुप्ता, वार्ड पार्षद मेला राम, लिपिक सुनीता देवी तथा सफाई पर्यवेक्षक कृपाल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान परिवार रजिस्टर का सत्यापन किया गया। साथ ही स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान के अंतर्गत समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें ई-श्रम कार्ड भी बनाए गए। शिविर में करीब 75 से 80 परिवारों ने भाग लिया। अध्यक्ष व सचिव ने लोगों को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया।

### स्टूडेंट्स को अनुशासन अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संत ढांगू वाला गुज्जर राजकीय महाविद्यालय, बीटन में एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 40 छात्र-छात्राओं के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. समीक्षा गुप्ता द्वारा दिया गया यह प्रेरक व्याख्यान विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास निर्माण तथा लक्ष्य निर्धारण पर केंद्रित रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। अपने व्याख्यान में उन्होंने जीवन के व्यावहारिक उदाहरण देते हुए छात्रों को चुनौतियों का सामना दृढ़ता से करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और अपने विचार व प्रश्न साझा किए। अंत में सभी उपस्थितजनों ने इस व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

### नवीन शिक्षा प्रणाली विषय पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना के बीसीए विभाग द्वारा एक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रवक्ता कृष्ण कुमार लद्दाखी ने 'नैतिक शिक्षा एवं नवीन शिक्षा प्रणाली' विषय पर प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने की। उन्होंने इस प्रकार के सार्थक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बीसीए विभाग को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बीसीए समन्वयक डॉ. शाम सिंह बैंस ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वहीं बीसीए विभाग की प्रो. अनु शर्मा ने कार्यक्रम के शैक्षणिक महत्त्व को रेखांकित किया।

### खिलाड़ियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा में पढ़ाई-लिखाई करने के साथ-साथ कबड्डी वॉलीबाल, रैसलिंग सहित अन्य विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, जिसमें ब्लॉक, जिला तथा राज्य तथा राष्ट्रीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने सभी खिलाड़ियों को आगे भी इसी तरह से खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करने का आह्वान किया तथा युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक रहने तथा नशे से दुरी बनाए रखने के लिए जागरूक किया। वहीं, अनिल कुमार ने सभी खिलाड़ियों को अब आगे होने वाले फाइनल पेपरों में जी जान से मेहनत करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों के साथ साथ उनके कोच रजनीश ठाकुर सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को भी बधाई दी।

### 107 अधिकारियों व कर्मियों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली (पंजाब) की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा संचालित किया गया। शिविर के दौरान कुल 107 अधिकारियों व कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 101 पुलिस कर्मी तथा उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर और जिला लेखा कार्यालय बिलासपुर के 6 अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य समय रहते बीमारियों की पहचान कर पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को बेहतर बनाए रखना था। शिविर के दौरान विभिन्न आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण किए गए।

### साइबर सुरक्षा व एआई खतरों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसाल में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें एनआईसी ऊना के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भूपिंदर सिंह ने 62 विद्यार्थियों और 12 शिक्षकों को इंटरनेट के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने मजबूत पासवर्ड, सुरक्षित ब्राउजिंग, फिशिंग से बचाव, डेटा सुरक्षा, साइबर बुलिंग, फेक न्यूज व डिजिटल अरेस्ट जैसे विषयों पर चर्चा की। साइबर घटनाओं की रिपोर्टिंग प्रक्रिया व सरकारी पोर्टलों का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही एआई, डीपफेक और फर्जी वॉइस कॉल से जुड़े खतरों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

#### फोरलेन सड़क निर्माण से जुड़े मुद्दों पर डीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

# गुणवत्ता, समयबद्धता व सुरक्षा मानकों पर दिया विशेष जोर

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** जिला में फोरलेन सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर बचत भवन में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फोरलेन सड़क निर्माण, मरम्मत और रख-रखाव से संबंधित विषयों पर चर्चा कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं जिले के विकास और यातायात सुविधा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण और अनुरक्षण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा आपसी समन्वय से लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। बैठक में सड़क निर्माण के दौरान भूस्खलन प्रभावित स्थलों, सुरक्षा उपायों और वन भूमि से जुड़े मामलों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने एनएचएआई को मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य प्राथमिकता के आधार पर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंडी-भराड़ी में शौचालय, वर्षा शालिका और पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ निर्माण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा फोरलेन के किनारे निर्मित गो सदनों की स्थिति और उपलब्ध सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने वन, राजस्व और अन्य संबंधित विभागों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय लेकर आवश्यक अनुमतियां प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, सहायक आयुक्त राज कुमार, जिले के सभी एसडीएम, एनएचएआई के परियोजना निदेशक सहित वन, राजस्व, बीबीएमबी व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंजोआ व धारगुजरा में मस्जिदों पर चोरों का दुस्साहस

अनंत ज्ञान

**अंब।** उपमंडल अंब के अंतर्गत आने वाली पंचायत पंजोआ लडोली व त्याई पंचायत के गांव धारगुजरा में चोरों ने सारी हदें पार करते हुए धार्मिक स्थलों को ही निशाना बना डाला।

शनिवार रात को दो अलग-अलग मस्जिदों में हुई चोरी की घटनाओं ने न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल भी पैदा कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजोआ लडोली स्थित मस्जिद में चोरों ने मौलवी की गैरमौजूदगी का फायदा उठाया और मस्जिद के दान पात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब 15 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ किया। मस्जिद कमेटी के प्रधान अमजद खान ने बताया कि चोरी का खुलासा उस समय हुआ, जब शाम के समय ग्रामीण नमाज अदा करने मस्जिद पहुंचे। दान पेटी टूटी हुई थी और पूरी नकदी गायब पाई गई। इतना ही नहीं, इसी रात चोरों ने त्याई पंचायत के गांव धारगुजरा स्थित मस्जिद को भी नहीं छोड़ा और वहां से एक गैस सिलेंडर चोरी कर फरार हो गए। लगातार दो मस्जिदों में चोरी की वारदातों से यह साफ है कि चोरों के हौसले बेहद बुलंद हैं और उन्हें न तो पुलिस का डर है और न ही सामाजिक मर्यादाओं की कोई परवाह। घटनाओं की जानकारी मिलते ही दोनों मस्जिद प्रबंधन समितियों ने पुलिस थाना अंब में शिकायत दर्ज करवाई। पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत पंजोआ लडोली बलविंदर सिंह ने कहा कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पूरे इलाके में भय का माहौल बन चुका है।



◆15 हजार रुपए की नकदी और गैस सिलेंडर चोरी

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सतर्क रहें, किसी भी अनजान व्यक्ति को गांव में घुसने न दें व संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। ग्रामीणों ने बताया कि चोरी की रात क्षेत्र में एक संदिग्ध बाइक सवार को देखा गया था, जिस पर संदेह जताया जा रहा है। आशंका है कि दोनों वारदातों को एक ही गिरोह ने अंजाम दिया है, जो इलाके में पहले भी सक्रिय रहा हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्धों की तलाश के लिए विशेष तलाशी अभियान चलाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की जरूरत है।

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस गश्त नाकाफी है। लोगों ने मांग की है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, धार्मिक व संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए और चोरों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## आरडीजी ग्रांट न देना प्रदेश के हितों के साथ अन्याय : अतींद्र

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतींद्र पाल सिंह उर्फ सिंटू राणा ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बजट में हिमाचल प्रदेश को 'रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट' (आरडीजी) न देना राज्य के हितों के साथ सरासर अन्याय है। सिंटू राणा ने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से प्रदेश की जनता में गहरा रोष व्याप्त है। युवा कांग्रेस नेता ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ राजनीतिक आधार पर भेदभाव कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और राज्य के विकास में बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। सिंटू राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं और केंद्र के समक्ष मजबूती से पक्ष रख रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है।

#### शहीद अंकेश की शहादत की चौथी वर्षगांठ श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई

# भारत माता की जय से गूंजा सेऊ गांव

अनंत ज्ञान



शहीद अंकेश भारद्वाज को श्रद्धांजलि देते सैनिक व अन्य। अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** घुमारवीं उपमंडल के गांव सेऊ में अरुणाचल प्रदेश में बलिदान देने वाले शहीद अंकेश भारद्वाज की शहादत की चौथी वर्षगांठ श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों ने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जबकि शहीद की यूनिट जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स से आई सैनिक टुकड़ी ने सैन्य सम्मान के साथ सलामी दी। गांव सेऊ निवासी बांचा राम व कश्मीरी देवी के पुत्र शहीद अंकेश भारद्वाज ने चार वर्ष पूर्व 9 फरवरी को अरुणाचल प्रदेश में देश सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। शहादत की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता स्क्वाड्रन लीडर मोनिका शर्मा (सेवानिवृत्त) ने की। एसडीएम घुमारवीं, अशोक चक्र विजेता कैप्टन रूप लाल, अनेक पूर्व सैनिक और वीर नारियां कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। शहीद अंकेश भारद्वाज की यूनिट जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स से एक जूनियर कमीशन अधिकारी के नेतृत्व में आए 15 जवानों की टुकड़ी ने रिवर्स आर्म्स कर शहीद को नमन किया, जिससे वातावरण भावुक हो उठा।

इस अवसर पर करनाल क्षेत्र के शहीद मेजर अरुण शर्मा के पिता कैप्टन रामनाथ शर्मा (सेवानिवृत्त), गायत्री देवी तथा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र गर्ग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों व झांकियों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वक्ताओं ने युवाओं और विद्यार्थियों से सेना में जाने के लिए प्रेरित होने, नशे से दूर रहने और राष्ट्र सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने हिमाचल प्रदेश की वीर परंपरा का उल्लेख करते हुए स्वतंत्रता पूर्व से लेकर अब तक प्रदेश के वीर सपूतों के योगदान को याद किया और जिला बिलासपुर के परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ, जहां हर आंख नम और हर दिल गर्व से भरा नजर आया।

# भारत-अमेरिका डील देश के लिए नुकसानदेह : सांख्यान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि एक तरफ केंद्र सरकार हिमाचल जैसे छोटे राज्यों को कुचलने के प्रयास कर रही है। वहीं, दूसरी तरह देश के किसानों के हितों से खिलवाड़ करके अमेरिका जैसे देशों के साथ ट्रेड डील कर रही है है।



उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तथाकथित अंतरिम व्यापार समझौते में संयुक्त राज्य अमेरिका को व्यापक रियायतें दी हैं, जिसमें फल, कपास, मेवे, सोयाबीन तेल और अन्य खाद्य उत्पादों जैसे कई अमेरिकी कृषि निर्यातों के लिए शून्य टैरिफ पर पहुंचा दिया है, जबकि अमेरिका में बेचे जाने वाले भारतीय कृषि उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा और अमेरिका जब चाहे इस समझौते को रद्द भी कर सकता है। संदीप सांख्यान ने कहा कि यह ट्रेड डील एकतरफा है और इससे देश की गरिमा को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि विश्वगुरु के नाम से अपने आप को प्रमोट करने वाले, विकसित भारत के नारा देने वाले, विश्व में अपने आप को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहने वाले आज अमेरिका जैसे देशों के आगे घुटने टेकने को मजबूर हो चुके हैं। संदीप सांख्यान ने प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि क्या यह 'एपस्टीन फाइल्स का डर है जो आज अमेरिका के आगे सरेंडर किया गया। संदीप सांख्यान ने कहा कि रूस से तेल खरीदने की वजह से अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था और अब जब भारत ने प्रतिबद्धता जताई है कि वो रूस से तेल नहीं खरीदेगा, तो क्या अब अमेरिका बताएगा कि भारत क्या करेगा या क्या नहीं करेगा।

## आम आदमी, किसान व युवाओं को केंद्र के बजट में बड़ी राहत : भुट्टो



दविंद्र कुमार भुट्टो अपने समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट को लेकर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने इसे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला व आम आदमी के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट बताया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के विजन को आगे बढ़ाने वाला है। भाजपा नेता दविंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग व गरीब तबके के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार पर केंद्रित यह बजट आने वाले वर्षों में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद विकास और कल्याण के बीच संतुलन बनाते हुए बजट पेश किया है। ग्रामीण विकास, सड़क, रेल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर किया गया खर्च न केवल अर्थ व्यवस्था को गति देगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।

## हिमाचल में वित्तीय संकट पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** समाजसेवक विनोद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान वित्तीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर समय पर पर्यटन क्षेत्र को बेहतर बनाया गया होता, तो वित्तीय संकट कम होता। शर्मा ने वित्त विभाग द्वारा आर्थिक संकट का हवाला देने पर कड़ी आपत्ति जताई और पूछा कि यह रिपोर्ट केंद्रीय बजट से पहले क्यों पेश नहीं की गई। उन्होंने कहा कि संकेत वर्षों पहले स्पष्ट थे, लेकिन सरकार ने वैकल्पिक संसाधन जुटाने और वित्तीय प्रबंधन की ठोस योजना नहीं बनाई। शर्मा ने प्रदेश हित में केंद्र सरकार को पत्र भेजकर राहत दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भ्रम फैलाने के बजाय राज्य सरकार को अपनी तैयारी और खर्च, आय के स्रोत पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

## लदरौर बाजार में हुई मारपीट में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**बिलासपुर।** बिलासपुर व हमीरपुर की सीमा पर बसे लदरौर बाजार में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना 1 फरवरी 2026 की रात्रि की है, जब लदरौर बाजार में दो पक्षों के बीच मारपीट व गाली-गलौज हुई थी। प्रारंभिक पुलिस कार्रवाई थाना भोरंज, जिला हमीरपुर द्वारा की गई थी। घटना में घायल व्यक्तियों का चिकित्सीय परीक्षण करवाया गया तथा शिकायतकर्ता सुनील कुमार पुत्र विधि चंद निवासी गांव व डाकघर तरक्वाड़ी, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर का बयान दर्ज किया गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल सुनील कुमार को जिला अस्पताल हमीरपुर के लिए संदर्भित किया गया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटनास्थल थाना भराड़ी के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसके बाद 4 फरवरी को थाना भोरंज से संबंधित सभी दस्तावेज आगामी कार्रवाई के लिए थाना भराड़ी को भेजे गए। थाना भराड़ी द्वारा घायल का चिकित्सीय परीक्षण एम्स बिलासपुर में करवाई गई। 7 फरवरी को प्राप्त अंतिम चिकित्सकीय राय में डॉक्टर द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि पीड़ित को लगी चोटों में से दो चोटें गंभीर प्रकृति की हैं। इसके आधार पर पुलिस ने विवेक उर्फ विक्की पुत्र पवन कुमार, अभिषेक तथा पवन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि लदरौर बाजार में हुई मारपीट की घटना में घायल को लगी दो चोटें चिकित्सकीय जांच में गंभीर पाई गई हैं।

## आर्यमान हरियाणा में बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** अंब तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव चुआर के निवासी आर्यमान जस्वाल ने हरियाणा राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। महज 24 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल कर आर्यमान अपने गांव के पहले ऐसे युवक बन गए हैं, जिन्होंने प्रोफेसर पद प्राप्त किया है। आर्यमान जस्वाल के पिता संजीव कुमार भारतीय सेना से सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में समाज सेवा के साथ-साथ कृषि कार्य कर रहे हैं। माता पूनम कुमारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलोई में टीजीटी हिंदी के पद पर कार्यरत हैं।



**मिसाल** प्रतिमाह 70 हजार का अर्जित कर रहे शुद्ध मुनाफा, युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत मिसाल बना डेयरी फार्मर जरनैल

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हर महीने लगभग चार लाख रुपए का कारोबार और करीब 70 हजार रुपए का शुद्ध मुनाफा..वह भी गांव में रहकर। ठाकरां गांव के जरनैल सिंह की यह कहानी किसी बड़े उद्योग की नहीं, बल्कि डेयरी फार्मिंग से बदली एक साधारण किसान की जिंदगी की सशक्त मिसाल है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों ने पशुपालन को सहायक गतिविधि से बढ़ाकर भरोसेमंद व लाभकारी आजीविका के रूप में स्थापित किया है।

सीमित साधनों और छोटे स्तर से शुरू हुआ जरनैल सिंह का यह सफर आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाली एक प्रेरक सफलता कहानी बन चुका है। हरोली तहसील के ठाकरां गांव निवासी जरनैल सिंह पहले पंजाब में कैंटीन का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन कोविड-19 महामारी के दौरान उन्हें यह कार्य छोड़ना पड़ा। कठिन परिस्थितियों में हताश होने के बजाय उन्होंने अपने पिता के डेयरी फार्मिंग कार्य को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया और इसे ही अपनी आजीविका का मजबूत आधार बनाया।



ठाकरां गांव के जरनैल सिंह का डेयरी फार्म। अनंत ज्ञान

### ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध

**डीसी** ऊना जतिन लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का वास्तविक लाभ हर ग्रामीण तक धरातल पर पहुंचाने और महत्वाकांक्षी योजनाओं को गति देने के साथ-साथ सरकारी सुविधाओं की व्यापक पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रसाशन प्रतिबद्ध है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**पशुपालन** विभाग ऊना के सहायक निदेशक डॉ. दिनेश परमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पशु पालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए निर्णायक फैसले लिए है। हिमाचल देश का पहला राज्य है, जिसने दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने गाय के दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का मूल्य 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर किया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पशु पालकों से डेयरी को-आपरेटिव सोसायटियों के जरिए दूध खरीद कर रही है जिससे पशु पालकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

### 10 पशुओं से शुरू किया डेयरी फार्मिंग कारोबार, वर्तमान में हैं 45 गाय

**जरनैल** सिंह के पिता शुरू से ही इस व्यवसाय से जुड़े थे। जरनैल ने इसे व्यवस्थित ढंग से विस्तार देते हुए पहले दस से बीस किया और अब 45 गाय का आधुनिक डेयरी फार्म विकसित किया है। आज उनका फार्म पूरे क्षेत्र के लिए एक आदर्श डेयरी फार्मिंग मॉडल बन चुका है। जरनैल सिंह वर्तमान में प्रतिदिन 2.5 से 3 क्विंटल दूध का उत्पादन कर रहे हैं। दूध की गुणवत्ता व फैट प्रतिशत के आधार पर उन्हें औसतन 40 रुपए प्रति लीटर की दर मिल रही है। उन्होंने बताया कि वेरका प्लांट स्वयं उनके डेयरी फार्म से दूध उठाता है, जिससे विपणन की कोई समस्या नहीं है। परिवार के सभी सदस्य डेयरी फार्मिंग कार्यों में सहयोग करते हैं। वहीं, दो अन्य लोगों को भी नियमित रोजगार उपलब्ध कराया है। जरनैल सिंह के डेयरी फार्म में होल्स्टीन फ्रीसीयन व जर्सी नस्ल की गाएं हैं। होल्स्टीन फ्रीसीयन गाएं प्रतिदिन लगभग 40 लीटर, जबकि जर्सी नस्ल की गाएं 20 लीटर तक दूध देती हैं। उन्होंने बताया कि डेयरी फार्म से उन्हें प्रतिमाह लगभग चार लाख रुपए की आय हो रही है। मजदूरी, चारा, फीड, दवाइयों, बिजली सहित सभी खर्च निकालने के बाद भी वे प्रतिमाह करीब 70 हजार रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित कर रहे हैं।

## बाइक सवारों से प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस थाना सदर की टीम ने नाकाबंदी के दौरान दो युवकों से प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी, इसी दौरान कीरतपुर की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया। इसी बीच मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति ने अपने हाथ से एक वस्तु सड़क किनारे फेंक दी। पुलिस द्वारा दोनों को मौके पर रोककर पूछताछ की गई, जिस पर वे घबरा गए। पूछताछ में मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र देवीदास निवासी गांव तरामड़ी, डाकघर दयोथ, तहसील सदर, जिला बिलासपुर बताया, जबकि पीछे बैठे युवक ने अपना नाम विकास कुमार ठाकुर पुत्र धर्म सिंह निवासी गांव मझेड़, डाकघर दयोथ, तहसील सदर, जिला बिलासपुर बताया। पुलिस द्वारा सड़क किनारे फेंकी गई वस्तु की जांच की गई, जिसमें से 3.15 ग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद हुईं। इसके बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान दो युवकों से प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा संतोषगढ़ द्वारा आयोजित तथा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को नगर परिषद संतोषगढ़ परिसर में किया गया। इस शिविर में लगभग 60 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक कुलदीप सिंह माहल ने लोगों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं-किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह, गृह ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण, फसल बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अटल बीमा योजना तथा डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। उन्होंने लोगों को किसी भी फ्रॉड कॉल से सावधान रहने और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने की सलाह दी उन्होंने बचत योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

# 14 मील में भीषण अग्निकांड, मणिराम का आशियाना राख, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बड़ाग्रां के 14 मील में एक रिहायशी मकान में आग लगने से भारी तबाही हुई है।

इस हृदयविदारक घटना में स्थानीय निवासी मणिराम का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शुरुआती अनुमान के अनुसार, इस आगजनी में लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि परिवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घर में रखा सारा घरेलू सामान, राशन व कपड़े जल गए। सबसे दुखद यह रहा कि घर के अंदर रखा सोना व चांदी भी इस आग की भेंट चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल चौकी पतलकूहल के फायर फाइटर तुरंत मौके पर पहुंचे। अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, घर को पूरी तरह बचाया नहीं जा सका, लेकिन फायर फाइटरों की तत्परता से आग को आसपास के घरों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

दमकल विभाग पतलीकूहल के प्रभारी सूरज भारद्वाज ने बताया कि आगजनी में मणि राम के दूसरे घर सहित पड़ोसियों के घरों को समय रहते बचा लिया है, अन्यथा हादसा अधिक भयंकर हो सकता था।

### प्रशासनिक कार्रवाई

**राजस्व** विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर रही है, ताकि सरकार की ओर से तय नियमों के अनुसार प्रभावित परिवार को मुआवजा दिया जा सके। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



मकान में लगी आग को बुझाने में जुटे अग्निशमन कर्मी। अनंत ज्ञान

### विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने लिया जायजा

**घटना** की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का गहन जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उनका ढांढस बंधाया। विधायक ने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि नुकसान का तुरंत आकलन कर प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द राहत राशि प्रदान की जाए। विधायक ने कहा, 'यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है। इस कठिन घड़ी में हम मणिराम के परिवार के साथ खड़े हैं। मैं क्षेत्रवासियों से भी अपील करता हूं कि मानवता के नाते इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार की सहायता के लिए आगे आएं।

# जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का मुख्य उद्देश्य : मदन लाल

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** कुल्लू जिला में अपराधों की प्रभावी रोकथाम, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा पुलिस कर्मियों के कल्याण से संबंधित विषयों पर मंगलवार को पुलिस लाइन बाशिंग के सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक जिला कुल्लू मदन लाल द्वारा की गई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान, पुलिस उपअधीक्षकगण शेर सिंह एवं राजेश कुमार, सहित उप मण्डल मनाली, कुल्लू तथा बंजार के सभी थाना प्रभारी एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उप-मण्डल पुलिस अधिकारी आनी उप पुलिस अधीक्षक राजीव मेहता तथा उप-मण्डल आनी के सभी थाना प्रभारी विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्ष 2019-20 में सेवा के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए सेवानिवृत्त एचएएसआई सुरेश कुमार व एचएचसी प्रदीप कुमार, एचएचसी अभिषेक कुमार, एचएचसी मुरलीधर, एचएचसी करम दास, एचएचसी लोत राम एवं एचएचसी नरेन्द्र कुमार को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अतिरिक्त, जिले में हाल के आपराधिक मामलों की गहन समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निपटारे पर विशेष बल दिया गया। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक ने नशा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने कहा कि जिला पुलिस अपराध नियंत्रण के साथ-साथ अपने कर्मचारियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने दोहराया कि जिला में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आम जनता में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना पुलिस विभाग का मूल उद्देश्य है।

# फोरेंसिक टीम ने दूसरे दिन भी घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली के जगतसुख में मिले नेपाली मूल की महिला के शव मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। अभी तक पुलिस जांच व छानबीन के आधार पर यह बात सामने आई है कि महिला की हत्या की गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

फोरेंसिक टीम दूसरे दिन भी घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाने में जुटी रही। उधर, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में और भी खुलासे होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, पुलिस अब इस मामले की कड़ियों को जोड़ने में पूरी ताकत से जुट गई है। मनाली के जगतसुख गांव में गत दिन नेपाली मूल की महिला का शव बरामद हुआ था। महिला का शव बगीचे में पाया गया था और हाथ व पांव रस्सी से बांध रखे थे। इसी गांव का युवक अपने बगीचे में काम करने गए था, तब उसकी नजर बगीचे में पड़े महिला के शव पर पड़ी। उन्होंने इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एसपी कुल्लू मदन लाल भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी थी, अभी तक की जांच में महिला की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में जुट गई है व सीसीटीवी सहित अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

> **पुलिस** सीसीटीवी सहित घटनास्थल पर जुटाए सभी साक्ष्यों की बारीकी से छानबीन कर रही है। अभी तक की जांच व सबूतों के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और हर पहलू की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस हिरासत में होगा।
>
> **मदन लाल कौशल, एसपी कुल्लू।**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# तीन माह से वेतन नहीं, क्रस्ना लैब कर्मचारियों ने किया कामकाज ठप

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित क्रस्ना लैब के कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो गया है।

प्रदेश भर में सैकड़ों कर्मचारी प्रभावित हैं। इसी के विरोध में मंगलवार को कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल में कार्यरत क्रस्ना लैब कर्मचारियों ने सुबह 9 से 12 बजे तक हड़ताल कर कामकाज बंद रखा और वेतन जारी करने की मांग उठाई। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने मरीजों के किसी भी प्रकार के टेस्ट सैंपल नहीं लिए, जिससे अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सरकारी लैब में जांच न होने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी लैबों में महंगे टेस्ट करवाने पड़े। लैब इंचार्ज पवना ने बताया कि जिले में कुल 46 क्रस्ना लैब सेंटर संचालित हैं, जिनमें 70 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, लेकिन किसी को भी बीते तीन माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों के सामने घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन जारी नहीं किया गया, तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने पर विचार करेंगे। वहीं, कर्मचारी आयुषी व जया ने कहा कि लगातार वेतन न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है और परिवार का पालन-पोषण करना कठिन हो गया है। सूत्रों के अनुसार जिस निजी कंपनी के अधीन ये कर्मचारी कार्यरत हैं, उसे सरकार की ओर से अभी भुगतान नहीं हुआ है। इस कारण कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा और यह संकट गहराता जा रहा है।

# कॉन्वेंट स्कूल व आकाश इंस्टीट्यूट की साझेदारी का सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा

## दिल्ली-चंडीगढ़ की तर्ज पर आकाश इंस्टीट्यूट दे रहा नीट व जेई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** अब कुल्लू जिला के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए दिल्ली-चंडीगढ़ जाने से छुटकारा मिल गया है।

मेट्रो सिटी की तर्ज पर अब कुल्लू के युवाओं को घरद्वार पर ही यह सुविधा आसानी से उपलब्ध हो रही है और यह संभव हो पाया है कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर व देश कर नामी कोचिंग आकाश इंस्टीट्यूट के आपसी संयुक्त तालमेल व साझेदारी से। एक साल पहले कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल व आकाश इंस्टीट्यूट ने कुल्लू में इसकी नींव रखी थी और एक वर्ष का यह कार्यकाल पूरी तरह से सफल रहा है। सफलता के इस अवसर पर कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के एमडी सुरेश ठाकुर और आकाश इंस्टीट्यूट के नॉर्थ इंडिया क्षेत्रीय निदेशक जसदीप बाबरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मंगलवार को कुल्लू में प्रेस वार्ता की और एक वर्ष के अनुभव और कोचिंग ले रहे व भविष्य में कोचिंग लेने आने वाले बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं को साझा किया। आकाश इंस्टीट्यूट के नॉर्थ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक जसदीप बाबरा ने कहा कि संस्थान ने कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के साथ मिलकर कुल्लू में नीट, जेई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग शुरू की है। एक साल पहले शुरू किया गया यह सफर सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ है और बच्चों और उनके अभिभावकों में काफी रुचि देखने को मिल रही है। उनके साथ राकेश कुमार ब्रांच मैनेजर हमीरपुर, तरुण गुप्ता बीएम चंडीगढ़, अमन कुमार रिजनल ग्रोथ हेड, कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता के दौरान कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के एमडी व आकाश इंस्टीट्यूट के सभी पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

### घरद्वार पर 35 फीसदी छूट की सुविधा :सुरेश

**कुल्लू** कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार ने कहा कि पहले अविभावकों को चिंता रहती थी कि उनके लाडले घर से बाहर मेट्रो सिटी में अलग माहौल व वातावरण में कैसे रह कर पाएंगे, लेकिन अब उनकी चिंता समाप्त हो गई है और घर द्वार पर यह शिक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा के कोचिंग के लिए मेट्रो सिटी के महंगे खर्च से यहां के लोगों व छात्रों को छुटकारा मिल गया है और 35 फीसदी छूट के साथ यह सुविधा घर द्वार पर मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब कोचिंग करने के लिए बच्चों को मेट्रो सिटी का रुख नहीं करना पड़ेगा और न ही मेट्रो सिटी के मंहगे रहन सहन का खर्चा उठाना पड़ेगा।

### मील का पत्थर होगी साबित हो रही साझेदारी

**कुल्लू** जैसे छोटे शहर के युवाओं को घरद्वार पर ही इस तरह की सुविधा प्रदान करने को लेकर कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल और आकाश इंस्टीच्यूट के बीच हुई यह साझेदारी शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# सरकार की उपेक्षा पर बरसे विधायक बस सेवा व सड़कों को लेकर घेरा तंत्र

अनंत ज्ञान

**बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने ग्राम पंचायत श्रीकोट का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं पर गंभीर चिंता जताते हुए प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। विधायक ने कहा कि बार-बार अवगत करवाने के बावजूद दूरस्थ पंचायतों की अनदेखी किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण और जनविरोधी है।

दौरे के पहले दिन विधायक शौरी ने पंचायत मुख्यालय श्रीकोट में ग्रामीणों से मुलाकात की और रात्रि प्रवास किया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने सड़क, परिवहन, पेयजल व अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि कागजों में विकास के दावे किए जा रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। विधायक ने कहा कि वास्तविक स्थिति जानने के लिए ही वे दूरस्थ पंचायतों में रात्रि प्रवास कर रहे हैं। विधायक ने शपनील, शिजाहू, शनाड़, कनौन और अनाह गांवों का दौरा कर समस्याएं सुनीं।

कई मुद्दों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि अन्य को संबंधित विभागों के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने छह माह से बंद बस सेवा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया, जिसे विधायक ने सरकार की लापरवाही बताया और शीघ्र बहाली न होने पर विधानसभा में उठाने की चेतावनी दी। पेयजल संकट और सड़क सुविधाओं पर भी विधायक ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शपनील गांव तक सड़क योजना स्वीकृत हो चुकी है और शिजाहू मार्ग को बजट में शामिल करवाया गया है। विधायक शौरी ने भरोसा दिलाया कि श्रीकोट क्षेत्र के समग्र विकास और मूलभूत सुविधाओं की बहाली के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क से अनियंत्रित होकर लुढ़की जेसीबी

**अनंत ज्ञान, बंजार।** कुल्लू जिले के बंजार उपमंडल की चनौन पंचायत के गोशाला गांव के पास सड़क निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। काम में लगी जेसीबी मशीन अचानक अनियंत्रित होकर संतुलन खो बैठी और कई फीट नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरी। हादसे में मशीन ऑपरेटर सैंज के गाड़ापारली निवासी जय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत रेस्क्यू कर घायल को बंजार अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए कुल्लू अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार जय सिंह के सिर और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने घटना की पुष्टि की है।

### आपदा में हुए बेघर, अभी तक नहीं मिली राहत राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बंजार उपमंडल के आपदा प्रभावित बंदल और शरची गांवों में प्रदेश सरकार की घोषणाओं के बावजूद प्रभावित परिवारों को अब तक मूलभूत सहायता नहीं मिल पाई है। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत शरची गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं और रात्रि प्रवास कर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन वह आश्वासन अब तक धरातल पर नहीं उतर पाया है। बंदल गांव आपदा में लगभग पूरी तरह बह गया था, जहां 25 से अधिक परिवार बेघर हो गए। सरकार द्वारा घोषित आठ-आठ लाख रुपये की सहायता राशि की पहली किस्त भी कई महीनों बाद जारी नहीं हो सकी। मजबूरी में कई परिवार तिरपालों के नीचे या रिश्तेदारों के यहां रह रहे हैं। वहीं शरची गांव की लगभग 18 किलोमीटर लंबी सड़क भी अब तक बहाल नहीं हो पाई है। परेशान ग्रामीणों ने उपायुक्त कुल्लू से राहत राशि जारी करने, पुनर्वास के लिए भूमि देने और सड़क शीघ्र बहाल करने की मांग की है।

# औली में राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए हिमाचल की टीम रवाना

अनंत ज्ञान



**मनाली।** हिमाचल की टीम औली में आयोजित हो रही राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गई। विश्वस्तरीय स्कीइंग स्लोप पर देशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। हिमाचल टीम के मैनेजर गुरदयाल ठाकुर ने बताया कि औली में राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए उनके नेतृत्व में प्रदेश की 24 सदस्यों की सीनियर टीम रवाना हो गई है।

उन्होंने बताया कि ओली में बर्फ की कमी को देखते हुए निर्डीक्स जैसी प्रतियोगिता स्थगित करनी पड़ी है। राष्ट्रीय स्कीइंग चैंपियनशिप को लेकर प्रदेश के खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बार हिमाचल की टीम को ग्रूमर से तैयार सोलंग के स्की स्लोप में सीखने का अनुभव प्राप्त हुआ है। ग्रूमर के चलते खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को बेहतर ढंग से निखारा है।

गुरदयाल ने बताया कि 12 से 16 फरवरी तक हिमाचल के खिलाड़ी औली में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में हिमाचल सहित महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, ओडिशा, दिल्ली, कर्नाटक, उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के साथ-साथ भारतीय सेना, आईटीबीपी और सीआरपीएफ की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होगा।

## विधायक सुंदर ठाकुर ने पाहनाला में पहाड़ी दरकने की घटना का लिया जायजा

# शिमला से विशेषज्ञों को जल्द भेजा जाए

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के पाहनाला गांव में पिछले दिनों हुई पहाड़ी दरकने की घटना का जायजा लेने के लिए कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मंगलवार को इस क्षेत्र का दौरा किया।

विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि दौरे के दौरान यह पाया गया कि साफ मौसम में भी पहाड़ी दरक रही है, जिससे पाहनाला गांव के लगभग 15-20 घर खतरे की जद में आ गए हैं। पहाड़ी पर दरारें और लटके हुए पत्थर भविष्य में बड़े नुकसान का संकेत दे रहे हैं। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया गया है कि शिमला से विशेषज्ञों को जल्द से जल्द भेजा जाए, ताकि वे स्थिति का गहन अध्ययन कर सकें और उचित उपाय सुझा सकें। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उन्हें आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बरसात के मौसम से पहले इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाएगा। रिटेनिंग वॉल व ड्रेजिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि उनके जीवन व संपत्ति की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस दौरान उनके साथ एसडीएम निशांत ठाकुर, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग , तहसीलदार और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



विधायक पाहनाला गांव के दौरे के दौरान। अनंत ज्ञान

### लिंगर बणसु के लिए 17 करोड़ का बजट स्वीकृत

**उन्होंने** कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लिंगर बणसु के लिए लगभग 17 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। साथ ही, पेयजल योजनाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पानी की निरंतर आपूर्ति हो सके।

◆ **प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

# घर-घर दी जाएगी स्वच्छता की जानकारी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद मनाली द्वारा स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को इस अभियान की शुरुआत माता हिडिंबा मंदिर से की गई। अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को सूखे व गीले कूड़े के पृथक्करण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। सैनिटरी सुपरवाइजर रजत व कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर गोमती ने बताया कि वार्ड नंबर एक से सात तक सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगर परिषद के कनिष्ठ सहायक जीवन शर्मा ने कहा कि स्वच्छता समृद्ध शहर की आधारशिला है और इसके लिए शत-प्रतिशत जन सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

# पुराने कार्यों को 31 मार्च से पहले पूर्ण करके उनकी उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना करें सुनिश्चित : डीसी

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी तोरुल एस रवीश। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में मंगलवार को आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों, विभिन्न लाइन विभागों के अधिकारियों एसएबीपीओ, पंचायत निरीक्षकों की बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की। बैठक में विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी पूर्ण किए गए कार्यों की उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द भेजने के निर्देश दिए तथा गतिमान कार्यों को जल्द अमली जामा पहनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुराने कार्यों को 31 मार्च से पहले पहले पूर्ण करके उनकी उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। डीसी ने अन्य विभागों के योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के कार्यों का निरीक्षण करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण तथा पीडीएनए फंड से बनाए जाने वाले आंगनबाड़ी भवनों के कार्य को भी जल्द आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल देखभाल संस्थान कलेहली के लिए चयनित प्राइमरी स्कूल बिहाली के भवन के मरम्मत कार्य को भी जल्द पूर्ण करने तथा आवश्यक बाडबंदी के आदि करके तैयार करने के लिए निर्देश दिए, ताकि अगले वर्ष से यहां बच्चों को ठहरने के लिए उचित सुविधा प्रदान की जा सके।

उन्होंने कल्याण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत पूर्ण किए गए कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र भेजने के लिए भी निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना (विशेष परियोजना), पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, कम्पोस्ट पिट, सामुदायिक सोक पिट, कचरा पृथक्करण शेड, मनरेगा ई-केवाईसी, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं मनरेगा के कार्यों द्रुत गति से पूर्ण किया जाए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को खंड स्तर पर स्वयं सहायता समूहों को उद्यमिता के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देश दिए।

बैठक का संचालन परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण दयानंद ने किया इस दौरान अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# माननीयों को मिलने वाली सुविधाओं को फ्रीज करने की सलाह देना भूले प्रधान सचिव : गुलशन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार ने पेंशनर्स व कर्मचारियों की जायज वित्तीय देनदारियों को फ्रिज करने का तो सुझाव दे दिया है, लेकिन वह प्रदेश में माननीयों को मिलने वाली सुविधाओं को भी फ्रीज करने की सलाह देना भूल गए।

यह बात प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, एसपी सागर, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष चिंतपूर्णा, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर सहित अनेक पेंशनर नेताओं ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली रेवेन्यू डैफिसिट ग्रांट (आरडीजी) को बंद करने के फलस्वरूप प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार द्वारा गत दिनों सचिवालय में मंत्रिमंडल, कांग्रेस विधायकों व मीडिया के समक्ष दी गई उस प्रस्तुति को सिरे से खारिज कर दिया है। इसमें कर्मचारियों और पेंशनर्स को संशोधित वेतनमान न देने, डीए फ्रीज करने, डीए एरियर न देने सहित कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलने वाली विभिन्न वित्तीय सुविधाओं को बंद करने का सुझाव दिया गया है। वित्त सचिव अपनी प्रेजेंटेशन में कर्मचारियों को मिलने वाली ओपीएस पर पुनर्विचार कर दोबारा एनपीएस अथवा यूपीएस देने का सुझाव देती बार शायद यह भूल गए कि प्रदेश की वर्तमान सुक्खू सरकार पिछले विधानसभा चुनाव में कर्मचारियों को दी गई ओपीएस की गारंटी पर ही सत्ता में आई थी, अब सरकार कर्मचारियों व पेंशनरों को संशोधित वेतनमान न देने, डीए फ्रीज करने, डीए एरियर न देने सहित कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलने वाली विभिन्न वित्तीय सुविधाओं को बंद करने का सुझाव दे रही है, जोकि सही नहीं है।



एलआर गुलशन ने कहा कि प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार ने अपनी प्रस्तुति में केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी बंद करने से बने हालात से उबरने के लिए कर्मचारियों व पेंशनरों के वेतन और मंहगाई भत्ता फ्रीज करने का सुझाव तो दे दिया, लेकिन वह मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, अफसरशाही सहित वोर्डों व निगमों के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों को मिलने वाले भारी भरकम वेतन,भत्तों और अन्य शानों शौकत की सुविधाओं को फ्रीज करने की सलाह देना भूल गए।

## परेशानी — खड़ी गाड़ियों को टक्कर मार रहे तेज रफ्तार वाहन

# पुराने डोभी पुल के पास बढ़ता हादसों का ग्राफ

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के पुराने डोभी पुल के पास की सड़क इन दिनों हादसों का हॉटस्पॉट बन चुकी है। यहां बेकाबू रफ्तार से दौड़ते वाहन न केवल राहगीरों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं, बल्कि अब खड़ी गाड़ियां भी सुरक्षित नहीं हैं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

ओवरस्पीडिंग की वजह से यहां हर दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में काफी चिंता है। सड़क सुरक्षा में चूक का ताजा उदाहरण तब देखने को मिला, जब यहां विकास सूद की खड़ी गाड़ी को एक तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में विकास सूद की गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सड़क किनारे खड़ी गाड़ियां भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता व पैदल यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। बेकाबू रफ्तार के कारण यहां की स्थिति दिन-प्रतिदिन जानलेवा होती जा रही है।




पुराने डोभी पुल के पास की सड़क। अनंत ज्ञान

### लोक निर्माण विभाग से स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

**इस** बढ़ते खतरे को देखते हुए क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ओम शर्मा, राजेंद्र सूद, सुरेंद्र ठाकुर व अशोक कुमार ने लोक निर्माण विभाग से मामले में तुरंत संज्ञान लेने की मांग की है। ग्रामीणों ने विभाग से विशेष आग्रह किया है कि पुल के दोनों तरफ और साथ ही पुल के बीच के बाहरी हिस्सों में जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं। जनता का मानना है कि गति अवरोधक लगाने से ही इन हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है। उन्होंने विभाग से गुहार लगाई है कि जनहित को देखते हुए इस स्थान पर जल्द सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएँ ताकि भविष्य में किसी के जान-माल का नुकसान न हो।

# सोलन जिले की अग्रणी पंचायत अन्हेच ने विकास के स्थापित किए नए आयाम




## सड़कों का निर्माण, पर्यटन को बढ़ावा और मोक्षधाम का निर्माण रही बड़ी उपलब्धि

**सोलन** जिले की अग्रणी पंचायत अन्हेच ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। पंचायत के प्रधान मोहन लाल कंवर ने दावा किया है कि पिछले पांच वर्षों में विकास कार्यों पर कुल 2 करोड़ रुपए खर्च कर लोगों को घर-द्वार तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया। सोलन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली अन्हेच पंचायत के ग्रामीणों ने उनके कार्यों की खुलकर सराहना की है।

प्रधान मोहन लाल कंवर के नेतृत्व में पंचायत ने ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल और होम स्टे को प्रोत्साहित किया। स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत बल दिया गया। पंचायत भवन को अपग्रेड किया गया और कार्यालय में पूर्व प्रधानों की तस्वीरें लगाने की पहल की। विधायक विनोद सुल्तानपुरी से आर्थिक सहायता प्राप्त पंचायत कार्यालय को अपग्रेड करने के साथ कर मोक्ष धाम का निर्माण कराया गया, जिसमें 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**




अधिकार अधिनियम (एफआरए) की अनापत्ति प्राप्त की गई। इन प्रयासों से पंचायत आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है।

**बीएस मेहता** का कहना है कि प्रधान के कुशल नेतृत्व में पंचायत में 'पर्यटन को बढ़ावा देकर लोगों की आर्थिक उन्नति का द्वार खोला। पंचायत में बोरवेल व पंचायत भवन अपग्रेड की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधान ने हर जरूरत पर त्वरित कार्रवाई। ग्रामीण सड़कों का जाल बिछाया गया, जिससे परिवहन सुगम हुआ। स्वच्छ भारत मिशन को बल प्रदान कर शौचालय बनवाए गए।


बीएस मेहता

**स्थानीय** निवासी नरेश कुमार ने प्रधान के प्रयासों की खुलकर सराहना की है। कहा कि प्रधान मोहन लाल कंवर के नेतृत्व में अन्हेच पंचायत ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर विशेष जोर दिया, जिससे गांव के हर कोने तक पहुंच आसान हो गई। स्वच्छ भारत मिशन को गति प्रदान करने के लिए सार्वजनिक शौचालय निर्माण और सफाई अभियानों को बढ़ावा दिया गया। पानी की कमी जैसी पुरानी समस्या का समाधान करने के लिए कई बोरवेल लगाए गए, जिससे निवासियों को पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हुई।


नरेश कुमार

### क्या कहते हैं ग्राम पंचायत प्रधान



**प्रधान** मोहन लाल कंवर ने बताया कि मोक्ष धाम के निर्माण से चार पंचायतों को सुविधा होगी। इसी तरह किचन, टॉयलेट वेस्ट के पानी के लिए घरों में सोक पिट का निर्माण करवाया। पानी की मांग पूरी करने के लिए बोरवेल लगाए गए और सड़कों के निर्माण के लिए एफआरए (फॉरेस्ट राइट्स एक्ट) की मंजूरी ली गई। पंचायत भवन का कार्यालय को अपग्रेड किया। फिर से चुनाव में उतरने के सवाल पर प्रधान ने कहा कि चुनाव लड़ने मुख्य उद्देश्य नहीं है बल्कि जनसेवा का इरादा जरूर है। स्थानीय जनता ने फिर मौका दिया तो बचे हुए कार्य भी सिरे चढ़ाया जाएगा। प्रधान मोहन लाल कंवर ने कहा कि जनता ने जो मौका दिया, उसके लिए आभारी हूं। यदि दोबारा अवसर मिला तो सेवा की ज्योति जलाए रखेंगे। अन्हेच पंचायत का यह मॉडल क्षेत्रीय विकास के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।


**पंचायत** के कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पहुंचे कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी। (फाइल फोटो) अनंत ज्ञान

### क्या कहते हैं पंचायत के स्थानीय लोग

**ग्रामीणों ने** पंचायत प्रधान के नेतृत्व और कार्यों की एकजुट होकर सराहना की है, जो पंचायत की प्रगति का प्रमाण है। स्थानीय निवासी नरेश ठाकुर का कहना है कि प्रधान कंवर के कुशल मार्गदर्शन में ग्रामीण सड़कों का व्यापक निर्माण कराया गया, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार हुआ। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होटल और होमस्टे को प्रोत्साहन दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत आधार प्रदान किया गया।


नरेश ठाकुर

**नवीन सूद** ने बताया कि पंचायत भवन का पूर्ण अपग्रेड किया गया और पंचायत कार्यालय में पूर्व प्रधानों की तस्वीरें लगाने की सराहनीय पहल शुरू की, जो स्थानीय इतिहास को संरक्षित करने का प्रयास है। प्रधान ने मोक्ष धाम का शानदार निर्माण कराया गया। इस धाम में 2000 लोगों के बैठने की क्षमता, पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने हेतु बोरवेल लगाए गए, जबकि सड़कों के निर्माण के लिए वन


नवीन सूद

---

## न्यूज ब्रीफ

### 102 युवाओं को दिया जा रहा सिविल डिफेंस कोर्स

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन स्थित होमगार्ड के प्रशिक्षण केंद्र में सिरमौर जिला के युवाओं को सिविल डिफेंस कोर्स करवाए जा रहे हैं। आने वाले समय में सिविल डिफेंस कोर्स कर रहे युवा किसी भी आपदा के समय में अहम भूमिका निभा सकते हैं। आज यहां 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। कमांडेंट होमगार्ड टीआर शर्मा ने बताया कि प्रदेश मुख्यालय के निर्देशानुसार युवाओं को सिविल डिफेंस कोर्स करवाए जा रहे हैं। सिरमौर जिला में लक्ष्य के मुताबिक 1000 से अधिक युवाओं को यह कोर्स करवाया जाएगा। ऐसे में प्रशिक्षण हासिल करने के बाद यह अनुभवी तरीके से आपदा में अपना रोल निभा पाएंगे और मौके पर पहुंचने वाली आपदा टीमों के साथ यह अपनी भूमिका निभाते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस कोर्स कर चुके युवा स्थानीय पंचायती प्रतिनिधियों के साथ भी संपर्क में रहेंगे, ताकि किसी भी आपदा के समय में पंचायत प्रतिनिधि इनसे संपर्क कर सकें। मुख्य रूप से फायर फाइटिंग, नेचुरल और मैन मेड डिजास्टर, फर्स्ड एड और किसी हमले के बाद पैदा होने वाली स्थितियों और बचाव जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शरगांव के समीप पकड़ा 1.66 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत राजगढ़ पुलिस ने बीते रोज 1.66 ग्राम हेरोईन व चिट्टा बरामद करके तीन को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक सिरमौर के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पुलिस चौकी पझौता, थाना राजगढ़ की टीम ने गश्त के दौरान शरगांव के पास गाड़ी न. एचपी 99-8880 को चेक करने पर उसमें मादक पदार्थ 1.66 ग्राम हेरोईन अथवा चिट्टा बरामद किया है। सवार तीन व्यक्तियों जिनमें आरोपी कशिश भरोटा पुत्र श्याम लाल भरोटा निवासी फ्लेट न. 6, ब्लाक न. 18 हाऊसिंग बोर्ड कलोनी संजोली शिमला, रूब्बल जदेईक पुत्र बलवीर जदेईक गांव पन्डरोग, डा. पुडग, तह. कोटखाई, जिला शिमला और निश्चित चौहान पुत्र विजय चौहान निवासी गांव व डा. पुडग, जिला शिमला को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन 3 मार्च तक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन श्रवण कुमार हिमालयन ने कहा कि नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 16 व विकास खंड नालागढ़ की ग्राम पंचायत कोइडी के बैहली गांव में नई उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट emerginghimachal.hp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 3 मार्च, 2026 है तथा ऑनलाइन माध्यम से अपलोड आवेदन ही मान्य होंगे। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक व व्यक्तिगत आवेदनकर्ता की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति व संस्थान जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन के कार्यालय में किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय आकर या कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-224114 पर संपर्क कर सकते हैं।

### नेरी में बैंक की विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की राजगढ़ शाखा द्वारा ग्राम नेरी में एक वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक पूनम ठाकुर ने की, जबकि सहायक प्रबंधक अमरेंद्र कंवर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित नागरिकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक पूनम ठाकुर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अमरेंद्र कंवर ने व्यक्तिगत ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन, वेतन ऋण तथा वाहन ऋण से संबंधित जानकारी भी साझा की। साथ ही उपस्थित लोगों को फर्जी कॉल्स, ऑनलाइन ठगी एवं बैंकिंग धोखाधड़ी से सतर्क रहने की अपील की गई।इस अवसर पर स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सनावर सक्सेस समिट का आयोजन


सनावर सक्सेस समिट में मुख्य अतिथि के साथ ओल्ड सनावेरियन अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ओल्ड सनावेरियन सोसाइटी द्वारा डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र नई दिल्ली में सनावर सक्सेस समिट 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिखर सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित पूर्व छात्र (ओल्ड सनावेरियन) एवं गणमान्य व्यक्तित्व एकत्रित हुए, जो द लॉरेंस स्कूल, सनावर की समृद्ध विरासत और सतत् प्रभाव को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रमुख ओल्ड सनावेरियनों में अरुण मैरा, पूर्व सदस्य, योजना आयोग, ज्योत्सना सूरी, सीईओ, द ललित ग्रुप, याशीष दहिया, संस्थापक, पॉलिसी बाजार तथा दुष्यंत चौटाला, हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री और अन्य लोग शामिल रहे। उनकी उपस्थिति ने विद्यालय की नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया। विद्यालय के हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने विद्यालय की यात्रा और उपलब्धियों पर एक संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 काल और उसके बाद के वर्षों में विद्यालय द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने अपनी अनुमानित क्षमताओं से आगे बढ़कर शैक्षणिक, अवसंरचना तथा सर्वांगीण विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

---

# परवाणू में समाजसेवी जालसाजी ब्लैकमलिंग के आरोप में गिरफ्तार

## टेंडर पाने के लिए फर्जी दस्तावेज से कोटेशन में की धोखाधड़ी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन जिले की पुलिस ने सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो दक्षिणी रेंज शिमला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर परवाणू में समाजसेवी होने का दावा करने वाले सतीश बेरी को फर्जी दस्तावेज बनाने के जालसाली के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी परवाणू शहर के विभिन्न सरकारी विभागों के विरुद्ध आरटीआई दायर कर विभागीय अधिकारियों को परेशान करता था तथा उन्हें ब्लैकमेल भी करता था। शिकायतकर्ता रजा राम भारती ने आरोप लगाया कि सतीश बेरी अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों और अधिकारियों को ब्लैकमेल करता था। वह बिजली विभाग का ठेकेदार है और उसका पुत्र नगर परिषद परवाणू में सिविल वर्क करता है। जांच में पाया कि सतीश ने परवाणू के सेक्टर 4 हिमुडा में फ्लैट्स के बिजली काम की टेस्ट रिपोर्ट बिना काम किए ही नगर परिषद को दी और इसके एवज में पैसे वसूल किए। असल में, इस काम के लिए हिमुडा टेंडर लगाता है और ठेकेदार टेस्ट रिपोर्ट मुफ्त में उपलब्ध कराता है। सतीश बेरी ने बिना काम किए फर्जी रिपोर्ट और बिल जमा किए।



> तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर 10 फरवरी को आरोपी सतीश बेरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल भी की जा रही है।
>
> **तिरु अमलाराजू एसडी वर्मा, एसपी सोलन**

जांच के दौरान नगर परिषद के सारे रिकॉर्ड कब्जे में लिए गए और पता चला कि टेंडर पाने के लिए तीन आवश्यक कोटेशन में धोखाधड़ी की गई थी। 11 जून 2020 को 83 फ्लैट्स की फर्जी टेस्ट रिपोर्ट तैयार कर दी गई थी।

# केरल में गूंजी सिरमौर की हाटी लोक संस्कृति


सिरमौर के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता, आध्यात्मिक परंपराओं और शांत जीवनशैली के लिए विश्वविख्यात पर्यटन राज्य केरल में इन दिनों आसरा संस्था पझौता, सिरमौर के लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सिरमौर की समृद्ध लोकसंस्कृति के रंग बिखेर रहे हैं। आसरा संस्था के प्रभारी एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने बयान में बताया कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के दक्षिण क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र तंजावूर के सौजन्य से आसरा संस्था के कलाकारों ने 7 से 9 फरवरी तक केरल में सिरमौर की समृद्ध लोक विधाओं का सफलतापूर्वक मंचन किया। उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित कलाकार गोपाल हाब्बी के नेतृत्व में दल के कलाकारों ने सिरमौर के गिरीपार हाटी जनजातीय क्षेत्र की प्राचीन शाठी-पाशी परंपराओं से जुड़े ठोडा नृत्य, मुंजरा नाटी, रिहाल्टी गी, रासा नृत्य, दीपक नृत्य, परात नृत्य, पारंपरिक पढुआं नृत्य तथा विलुप्त होती जा रही ढीली नाटी सहित अनेक लोकनृत्य विधाओं का प्रदर्शन कर केरल के जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया।

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत दल की प्रस्तुतियां कासरगाड, पाय्यानूर और मलयालम विश्वविद्यालय, तिरूर तीन अलग-अलग स्थानों पर हुई। हिमाचल प्रदेश से हजारों किलोमीटर दूर एक अलग सांस्कृतिक परिवेश में एक ही सांस्कृतिक दल द्वारा डेढ़ से दो घंटे तक अविराम प्रस्तुतियां देना अपने आप में उल्लेखनीय रहा।

# कालाअंब से मोगी नंद तक एनएच-07 के जर्जर हिस्से की 6 करोड़ से होगी टारिंग

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** बरसात में क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-07 के छह किलोमीटर हिस्से की हालत अब सुधरने जा रही है। बजट स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 मार्च के बाद मरम्मत कार्य शुरू होगा। काला अंब से मोगी नंद तक करीब छह किलोमीटर लंबे हिस्से की रिटारिंग के लिए बजट स्वीकृत होने के बाद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है।

◆ **बजट स्वीकृत होने के बाद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी**

एनएच-07 का यह हिस्सा लंबे समय से गड्ढों, उखड़ी परत और जलभराव के कारण वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा बना हुआ था। आए दिन छोटे-बड़े हादसों की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे स्थानीय लोगों में रोष था। यह सड़क औद्योगिक क्षेत्र से होकर गुजरती है, जिससे माल परिवहन में भी काफी दिक्कतें आ रही थीं। सड़क की खराब हालत को लेकर क्षेत्र में कई बार विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन दिए गए थे। लंबे इंतजार के बाद अब पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू होने से स्थानीय लोगों ने राहत की उम्मीद है।


एनएच-07 सड़क की हालत। अनंत ज्ञान

### पहले 59 करोड़ से हुआ था पैच वर्क

**इस** पूरे सड़क खंड पर लगभग 6 करोड़ रुपए की लागत से नई टायरिंग की जाएगी। इससे पहले विभाग ने करीब 59 लाख रुपए खर्च कर पैच वर्क करवाया था, लेकिन सड़क की हालत को देखते हुए पूर्ण टायरिंग का निर्णय लिया गया।

### 15 मार्च के बाद शुरू होगा कार्य

**जानकारी** के अनुसार मौसम अनुकूल होते ही 15 मार्च के बाद इस मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सड़क निर्माण का मुख्य सीजन भी इसी अवधि से आरंभ होता है, इसलिए कार्य में तेजी आने की संभावना है।

## लानाचेहता गांव के सैकड़ों कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थामा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के नौहराधार क्षेत्र में लानाचेहता गांव में सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान इस गांव के यशवंत सिंह, सुरेंद्र सिंह और परमार सिंह अपने सेकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता के समक्ष इन लोगों ने कांग्रेस की नीतियों से तंग आकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा और प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर यशवंत सिंह, परमार सिंह और सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार की नकारात्मक नितीयों और पूरे रेणुका क्षेत्र में ठप्प हुई और भारतीय जनता पार्टी की सकारात्मक सोच के कारण इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इस मौके पर सिरमौर जिला भाजपा महासचिव रणबीर ठाकुर, जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष मोरध्वज चौहान और नौहराधार मंडल के भाजपा अध्यक्ष भारत भूषण सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉ. भेखा नंद वर्धन को पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिलेगा 'सिरमौर गौरव सम्मान'

अनंत ज्ञान

**सराहां।** पच्छाद विधान सभा क्षेत्र के नैनाटिक्कर से संबंध रखने वाले पत्रकार डा. भेखा नंद वर्धन को पिछले 16वर्षों से पत्रकारिता जगत से जुड़े हैं, जिसके चलते इस क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 22 फरवरी को नाहन में आयोजित एक निजी वेब पोर्टल एवं सामाजिक संगठन के राज्य स्तरीय समारोह में उन्हें, सिरमौर गौरव 2026, राज्यस्तरीय विशिष्ट सम्मान से नवाजा जाएगा। डॉ. भेखा नंद वर्धन का मानना है कि सामाजिक सरोकारों तथा सार्वजनिक हित से जुड़कर ही पत्रकारिता सार्थक बनती है। सामाजिक सरोकारों को व्यवस्था की दहलीज तक पहुंचाने और प्रशासन की जनहितकारी नीतियों तथा योजनाओं को समाज के सबसे निचले तबके तक ले जाने के दायित्व का निर्वाह ही सार्थक पत्रकारिता है। वास्तव में पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी कहा जाता है।

# बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी गेहूं की खरीद: मनमोहन शर्मा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला सोलन में रबी खरीद सीजन 2026-27 के लिए किसानों से गेहूं की खरीद 2,585 रुपए प्रति क्विंटल के बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह खरीद हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गेहूं खरीद का कार्य रबी फसल की बुआई व कटाई के दृष्टिगत प्रथम अप्रैल, 2026 से आरंभ होना अपेक्षित है।

◆ **रबी सीजन 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित**

उपायुक्त ने कहा कि गेहूं खरीद के लिए सोलन जिला में हिमाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से मार्केट यार्ड नालागढ़ और मलपुर तथा बद्दी में दो मणियां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह खरीद प्रदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, कृषि विभाग तथा हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सहायता से की जाएगी।

उन्होंने सोलन जिला के किसानों से आग्रह किया है कि बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपना गेहूं विक्रय करने के लिए उपरोक्त खरीद केंद्रों तक पहुंचें, ताकि उन्हें इस सुविधा का लाभ मिल सके।

## नौणी विवि का सेब में अल्टरनेरिया एवं मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोगों पर प्रदेशभर में भ्रमण

# जागरूकता अभियान 5 जिलों में शुरू

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**सोलन।** सेब में लगने वाले अल्टरनेरिया एवं मार्सोनिना लीफ ब्लॉच रोगों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर किसानों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज आठ वैज्ञानिक टीमों ने शिमला, कुल्लू, किन्नौर, चंबा एवं मंडी जिलों के प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत के साथ अभियान पांच जिला में शुरू हो गया है। इन टीमों में डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के वैज्ञानिकों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के मशोबरा, बजौरा एवं शार्बो (किन्नौर) के क्षेत्रीय उद्यान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्रों तथा शिमला, सोलन, चंबा एवं किन्नौर के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक शामिल हैं।

यह जागरूकता अभियान 10 से 19 फरवरी तक उन सेब उत्पादक क्षेत्रों में चलाया जा रहा है, जिन्हें इन रोगों के प्रति अधिक संवेदनशील पाया गया है। अभियान के दौरान टीमें मैदानी भ्रमण, किसानों से संवाद तथा स्थल पर प्रदर्शन के माध्यम से बागवानों को रोगों के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं वैज्ञानिक रूप से अनुशंसित प्रबंधन उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस पहल का उद्देश्य रासायनिक दवाओं के अंधाधुंध एवं अप्रभावी उपयोग पर रोक लगाना तथा बागानों में रोग चक्र को तोड़ना है। इस अभियान का लक्ष्य रोग पहचान, रोकथाम उपायों एवं समेकित प्रबंधन रणनीतियों के प्रति किसानों की समझ को सुदृढ़ करना है, जिससे सेब का टिकाऊ उत्पादन सुनिश्चित हो सके और प्रदेश भर के बागवानों की आजीविका में सुधार हो।

### शिमला में रहीं चार टीमें सक्रिय

**शिमला** में मंगलवार को चार टीमें सक्रिय रहीं। एक टीम ने बागी, रतनारी एवं कलबोग क्षेत्रों का दौरा किया तथा 11 फ़रवरी को चैथला एवं धारोंक क्षेत्रों को कवर करेगी। दूसरी टीम ने शीलघाट एवं नकरारी क्षेत्रों का भ्रमण किया और यह टीम 11 फ़रवरी को टिक्कर एवं करचारी क्षेत्रों में जाएगी। तीसरी टीम ने चियोग एवं तियाली क्षेत्रों का दौरा किया और 11 फ़रवरी को संधू एवं शिलारू क्षेत्रों को कवर करेगी। चौथी टीम ने कांद्रू एवं भराणा क्षेत्रों का दौरा किया, जबकि 11 फ़रवरी को थानेधार एवं खनेटी क्षेत्रों में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### निचार व सुंगरा क्षेत्रों को किया जागरुक

**किन्नौर** जिले में मंगलवार को निचार एवं सुंगरा क्षेत्रों को कवर किया गया, जबकि 11 फरवरी को बारी एवं पोंडा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चंबा ज़िले में आज भरमौर क्षेत्र को कवर किया गया, जबकि होली क्षेत्र में बुधवार को जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कुल्लू ज़िले में टीम ने गड़सा घाटी को कवर किया, जबकि मणिकर्ण घाटी में 11-12 फरवरी को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंडी ज़िले में टीमों ने संगलवाड़ा एवं धीम कटारू क्षेत्रों को कवर किया, जबकि जंजैहली एवं तुंगधार क्षेत्रों का भ्रमण 11 फरवरी को किया जाएगा।

## चांदी 2.59 लाख सोना पहुंचा 1.58 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** एक दिन की तेजी के बाद सोने-चांदी की रफ्तार फिर थम गई। मंगलवार, 10 फरवरी को सोने-चांदी में गिरावट दर्ज हुई। हालांकि, शाम 5 बजे तक दोनों धातुओं में रिकवरी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सुबह चांदी में 6000 रुपए तक की गिरावट आई और कीमत 2,58,000 रुपए के आसपास पहुंच गई। हालांकि, शाम 5 बजे सिल्वर में थोड़ा उछाल आया और यह 2,59,705 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी। ट्रेडिंग के दौरान चांदी का दिन भर का लो लेवल 2,56,424 रुपए और हाई लेवल 2,61,800 रुपए रहा, जबकि पिछले कारोबारी सत्र के दौरान यह 2,62,620 रुपए पर क्लोज हुई थी। वहीं, शाम 5 बजे तक सोना रिकवर हो गया। यह 1,58,070 रुपए पर ट्रेड करता नजर आया। ट्रेडिंग के दौरान इसका लो लेवल 1,56,001 रुपए प्रति 10 ग्राम हो और हाई लेवल 1,58,294 रुपए रहा। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान सोना 1,58,066 रुपए पर क्लोज हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स-निफ्टी में लगातार तीसरे दिन बढ़त

## सेंसेक्स 208 अंक चढ़कर 84,273.92 पर हुआ बंद, निफ्टी 25900 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

वैश्विक संकेतों में मजबूती और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के चलते मंगलवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई, हालांकि निवेशकों ने उच्च स्तर पर मुनाफावसूली शुरू कर दी। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 9 पैसे बढ़कर 90.57 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 208.17 अंक या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 84,273.92 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 67.85 अंक चढ़कर 25,935.15 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में




इटरनल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदानी पोर्ट्स और आईटीसी पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी व्यापार समझौते और प्रमुख एशियाई बाजारों से मिल रहे सकारात्मक संकेतों के चलते घरेलू शेयर बाजारों में तेजी जारी रही। विदेशी निवेशकों के निवेश में जोरदार उछाल और रुपये की मजबूती से निवेशकों का मनोबल और भी बढ़ रहा है, हालांकि विभिन्न क्षेत्रों में बीच-बीच में मुनाफावसूली भी देखने को मिली। उन्होंने आगे कहा कि टैरिफ संबंधी चिंताओं में काफी हद तक कमी आने के साथ, निकट भविष्य में बाजार की दिशा तीसरी तिमाही की कमाई पर निर्भर होने की उम्मीद है, जो अब तक मिली-जुली रही है और उम्मीदों से कम है। नायर ने कहा कि निवेशक अब आने वाली तिमाहियों में आय की गति को पुनर्जीवित करने के लिए हाल ही में किए गए राजकोषीय और मौद्रिक उपायों के संयुक्त प्रभाव पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## रोहित शेट्टी फायरिंग केस: हमलावरों के निशाने पर थे निर्देशक

**एजेंसी, मुंबई।** फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग की घटना सामने आई थी, जिसके बाद से मुंबई क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच में जुटी हुई है। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है कि इस फायरिंग में रोहित शेट्टी ही हमलावरों का मुख्य टारगेट थे। इस मामले में पुलिस ने 5 फरवरी को आरोपी आसाराम फसाले को गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच के मुताबिक, आसाराम फसाले पिछले चार वर्षों से गैरेज मैकेनिक के तौर पर काम कर रहा था और लॉरेंस गैंग से जुड़ा हुआ था। वह गैंग के मास्टरमाइंड शुभम लोंकर के निर्देश पर हथियारों की सप्लाई करता था। इस केस में पहले से गिरफ्तार चार आरोपियों में से आसाराम फसाले की सीधी पहचान स्वप्निल सकट से थी, जो शुभम लोंकर के जरिए कराई गई थी। बताया जा रहा है कि लोंकर के निर्देश पर फसाले ने ही सकट को हथियार मुहैया कराए थे, जिन्हें बाद में एक अज्ञात शूटर तक पहुंचाया गया। इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फायरिंग की घटना में किया गया। क्राइम ब्रांच को यह भी जानकारी मिली है कि आसाराम के गैंग से जुड़े होने की भनक उसके कुछ करीबी लोगों को थी। हालांकि, वे लोग कौन हैं और क्या उनका भी लॉरेंस गैंग से कोई सीधा कनेक्शन है, पुलिस अब जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆**कांग्रेस का दावा वीडियो कर दिया गया डिलीट**

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई (एम) और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है।

वीडियो में मुख्यमंत्री एक मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों व हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। निजाम पाशा ने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सीपीआई (एम) और सीपीआई नेताओं की याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है।

याचिका में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें असम सीएम हिमंत बिस्वा शर्मा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड प्वॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा एआईए ने लॉन्च किए एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स फंड्स

**अनंत ज्ञान, लुधियाना/ अमृतसर।** भारत की अर्थव्यवस्था जिस तेजी से बढ़ रही है, उसे देखते हुए निवेशक अब सही प्लानिंग के साथ लंबे समय के लिए पैसा जोड़ना चाहते हैं। आज के समय में शेयर बाजार में आम लोगों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड स्तर पर है। लोग अब पुराने तरीकों के बजाय बाजार से जुड़े विकल्पों में पैसा लगाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ऐसे में, भविष्य को सुरक्षित बनाने व अच्छी संपत्ति बनाने के लिए इंडेक्स फंड में निवेश सबसे भरोसेमंद व पसंदीदा तरीका बन गया है। फंड के लॉन्च पर टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के सीआईओ, हर्षद पाटील ने कहा: 'शेयर बाजार में उन्हीं को फायदा मिलता है, जो सब्र व अनुशासन के साथ निवेश करते हैं। कई निवेशकों के लिए सही स्टॉक चुनना या बाजार के सही समय को समझना मुश्किल होता है। हमारा 'एनहैंस्ड वैल्यू इंडेक्स' तरीका इसे आसान बनाता है। यह फंड ठोस आंकड़ों व नियमों पर आधारित है, जिससे निवेश करना पारदर्शी व सरल हो जाता है। हमारा मकसद लंबी अवधि के निवेश को हर किसी के लिए आसान व सुलभ बनाना है।' बाजार के बदलते रुझान को देखते हुए, भारत की भरोसेमंद बीमा कंपनी टाटा एआईए ने 'वैल्यू इन्वेस्टिंग' पर आधारित दो नए फंड पेश किए हैं। यह रणनीति उन कंपनियों को चुनने पर टिकी है, जिनमें भविष्य में बड़ी बढ़त हासिल करने की पूरी क्षमता है। ये फंड लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप की ऐसी 50 चुनिंदा कंपनियों में पैसा लगाते हैं, जो आने वाले समय में मार्केट लीडर बन सकती हैं। इससे जरिए निवेशकों को न केवल बेहतर कमाई का मौका मिलता है, बल्कि जीवन बीमा की सुरक्षा भी मिलती है।

### आइइन्वेस्ट अल्टिमा व नया मिड कैप फंड लॉन्च किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) 'आइइन्वेस्ट अल्टिमा' लॉन्च किया है। इसके साथ ही कंपनी ने एक नया और आकर्षक मिड-कैप फंड भी पेश किया है, जो निवेशकों को भारत की सबसे आशाजनक मिड-साइज कंपनियों में निवेश का अवसर देता है। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर, सैबल घोष, ने कहा, 'हमारा मिड कैप फंड मजबूत बैलेंस शीट, सशक्त लीडरशिप और स्केलेबल बिजनेस मॉडल वाली क्वॉलिटी कंपनियों पर फोकस करता है, जिनका रिटर्न ऑन इक्विटी संतुलित और उचित है।' यह नया फंड 10 रुपए के एनएवी पर लॉन्च किया गया है और 18 फरवरी 2026 तक निवेश के लिए खुला रहेगा। नया फंड 18 फरवरी 2026 तक खुला रहेगा, भारत की तेजी से बढ़ रही मिड-साइज कंपनियों में निवेश का अवसर, आइइन्वेस्ट अल्टिमा लंबी अवधि के निवेशकों को 2.5 गुना प्रीमियम आवंटन व पॉलिसी के 15वें वर्ष से मॉर्टेलिटी शुल्क की 100 फीसदी वापसी का लाभ देता है, महिला ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के अधिक निवेश लाभ मिलेगा। आइइन्वेस्ट अल्टिमा को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह ग्राहकों को संपत्ति बढ़ाने में मदद करने के साथ-साथ उनके प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा भी प्रदान करता है। नए फंड लॉन्च के अलावा, यह प्लान ग्राहकों को बंधन लाइफ के अन्य 5-स्टार और 4-स्टार रेटेड टॉप-परफॉर्मिंग फंड्स तक पहुंच देता है, जिन्होंने इंडस्ट्री बेंचमार्कसे बेहतर प्रदर्शन किया है।

### फ्लैगशिप महाराजा लाउंज का किया अनावरण

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** भारत की अग्रणी ग्लोबल एयरलाईन एअर इंडिया ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर अपने पहले फ्लैगशिप लाउंज 'द महाराजा लाउंज' का अनावरण किया। इसके साथ एयरलाईन ने यात्रियों को प्रीमियम आराम व गर्मजोशी से भरपूर भारतीय आतिथ्य का अनुभव प्रदान करने में नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। इस अवसर पर कैम्पबैल विल्सन, चीफ एक्जक्यूटिव ऑफिसर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एअर इंडिया ने कहा, 'दिल्ली एयरपोर्ट पर महाराजा लाउंज हमारी बदलाव की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एअर इंडिया के नए अनुभव की बेहतरीन अभिव्यक्ति है। हम एविएशन हॉस्पिटेलिटी में नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं और यह इस दिशा में सिर्फ एक शुरुआत है। हमारी विस्तार योजनाओं के तहत हम कई देशों में (जहां हम उड़ान भरते हैं) ऐसे प्लेटफॉर्म्स बनाने के लिए बड़े निवेश करेंगे, जो हमारे मेहमानों के लिए लक्जरी और आराम के मायने को पूरी तरह से बदल देंगे। बेहतरीन डिटेलिंग के साथ डिजाइन किया गया द महाराजा लाउंज, एअर इंडिया की नई ब्रांडिंग एवं डिजाइन फिलासॉफी से बनाया गया है, जो हैरिटेज से प्रेरित माहौल एवं आधुनिक लक्जरी के बीच बेहतरीन तालमेल बनाता है।

# बिहार विधान परिषद में हंगामा, मार्शल ने विपक्षी सदस्यों को बाहर निकाला

**एजेंसी पटना**



बिहार विधान परिषद में विपक्षी सदस्यों ने मंगलवार को भी राज्य सरकार के प्रति विरोध जताया। परिषद में मंत्री अशोक चौधरी और आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई। दोनों नेताओं ने इस बीच एक-दूसरे पर व्यक्तिगत टिप्पणी भी की। विपक्षी सदस्य 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। सभापति अवधेश नारायण सिंह के बार-बार शांत रहने के आग्रह के बावजूद हंगामा जारी रहा।

इस बीच सत्ता पक्ष के सदस्यों की तरफ से भी नारे लगे, 'आसन का अपमान नहीं सहेंगे'। परिषद में मौजूद मंत्री मंगल पांडेय ने कहा, 'विपक्ष सदन को नहीं चलने देना चाहता है। जनता की राशि सदन चलाने में खर्च होती है, लेकिन ये लोग जवाब नहीं सुनना चाहते हैं। ये लोकतंत्र के मंदिर का अपमान कर रहे हैं।' सभापति ने पहले सभी विपक्षी सदस्यों को खुद बाहर जाने को कहा, लेकिन नारेबाजी जारी रही। उसके बाद सभापति ने मार्शल को बुलाकर विपक्षी सदस्यों को बाहर निकाला। इससे पहले, सोमवार को परिषद में प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी सदस्यों ने दोनों पालियों में जमकर हंगामा किया था। इस हंगामे के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी को 'लड़की' कह दिया था। विपक्षी सदस्य नीट छात्रा की पटना के हॉस्टल में संदिग्ध मौत, दरभंगा में 6 साल की बच्ची के रेप सहित राज्य के कई हिस्सों में महिलाओं के साथ हो रही यौन हिंसा का मुद्दा उठा रहे थे। मुख्यमंत्री के राबड़ी देवी को 'लड़की' कहने का विरोध विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक्स पर किया और मुख्यमंत्री की सेहत पर सवाल उठाए। (अनंत ज्ञान)

## मनोज बाजपेयी की फिल्म का बदलेगा नाम

**एजेंसी नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मनोज बाजपेयी स्टारर की आने वाली नेटफ्लिक्स फिल्म 'घूसखोर पंडित' के टाइटल को लेकर याचिकाकर्ता की सुनवाई पूरी कर ली है और उसका निपटारा कर दिया है।

◆**दिल्ली हाई कोर्ट ने याचिका का किया निपटारा**

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि फिल्म का टाइटल व कंटेंट ब्राह्मण समुदाय को बदनाम करता है और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ता है। नेटफ्लिक्स की तरफ से पेश वकील ने कोर्ट में साफ किया कि फिल्म का टाइटल बदला जाएगा। इसके अलावा, फिल्म से जुड़े सभी प्रमोशनल मटीरियल, टीजर व पोस्टर पहले ही सोशल मीडिया व दूसरे प्लेटफार्म से हटा दिए गए हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि याचिका पर आगे किसी ऑर्डर की जरूरत नहीं है इसलिए, मामले को सुलझा हुआ माना गया और पिटीशन खारिज कर दी गई। (अनंत ज्ञान)

## जनवरी में दिल्ली से 807 लोगों की गुमशुदगी पर एनएचआरसी ने लिया स्वत: संज्ञान

# रिपोर्ट सही हुई तो मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मामला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा कि उसने जनवरी 2026 के पहले दो हफ्तों में दिल्ली से 807 व्यक्तियों की गुमशुदगी की एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया है।

पीआईबी की ओर से प्रेस रिलीज में कहा गया है, 'मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2026 के पहले दो हफ्तों में दिल्ली में 807 लोग लापता हुए। इनमें 191 नाबालिग व 616 वयस्क शामिल हैं। पुलिस ने अब तक 235 लोगों को खोजा है, जबकि 572 लोग अभी भी लापता हैं। एनएचआरसी ने कहा है कि अगर रिपोर्ट सच है, तो यह मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। आयोग ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव व दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो हफ्ते के अंदर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई की हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें




दिल्ली पुलिस के आधिकारिक डेटा का हवाला देते हुए ये बताया गया था कि 1 से 15 जनवरी के बीच कुल 807 लोग लापता हुए, जिसमें हर दिन औसतन 54 लोग लापता हुए। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने लोगों से अपील की थी कि वे 'बच्चों की गुमशुदगी के मामलों में अचानक वृद्धि' की अफवाहों पर भरोसा न करें।

दिल्ली पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, 'हम नागरिकों से अपील करते हैं कि वे लापता बच्चों के मामलों में अचानक वृद्धि की अफवाहों का शिकार न हों। दिल्ली पुलिस ने 'लापता बच्चों के मामलों में अचानक वृद्धि' के दावों का खंडन किया है। साथ ही, अफवाह फैलाने वालों को आंकड़ों को गलत तरीके से पेश करके बेवजह डर फैलाने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि 'घबराने या डरने की कोई बात नहीं है, क्योंकि ये आंकड़े पिछले सालों की इसी अवधि की तुलना में असल में कमी दिखाते हैं। दिल्ली पुलिस के जन संपर्क अधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त संजय त्यागी ने कहा था, दिल्ली में लापता व्यक्तियों विशेषकर बच्चों के संबंध में घबराने या डरने की कोई वजह नहीं है। पहले की तुलना में दिल्ली में लापता व्यक्तियों के मामलों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। जनवरी 2026 के महीने में पिछले वर्षों की समान अवधि की तुलना में गुमशुदगी के मामलों में कमी दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)

# प्रहार ऑपरेशन के नाम पर बुजुर्ग दपंती को उठाने पर पुलिस के खिलाफ लोगों ने किया रोष प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान**

**अशोक ठाकुर पठानकोट।** शाहपुर कंडी पुलिस की ओर से प्रहार टू के तहत की जाने वाली कार्रवाई का गलत प्रयोग करते हुए, एक बुजुर्ग दंपती व पत्रकार को सुबह उठा कर पुलिस स्टेशन में लाने पर पत्रकार भाईचारे के साथ, अलग-अलग राजनेतिक दलों, सरपंचों, सामाजिक संस्थाओं व अन्य लोगों की ओर से पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई के खिलाफ भारी रोष प्रदर्शन किया गया व पुलिस स्टेशन के बाहर धरना देकर गलत कार्रवाई करने वाले पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ जांच करने की मांग उठाई गई।




शाहपुर कंडी पुलिस की ओर से प्रहार टू ऑपरेशन के नाम पर गांव मुतफरका के पूर्व सैनिक व भारत पाकिस्तान के युद्ध में लड़ाई लडने वाले ज्ञान सिंह 82 वर्षीय, उनकी धर्मपत्नि रक्षा देवी 75 वर्षीय व पत्रकार सुभाष सिंह को प्रहार टू की बात कहकर घर से सुबह उठा कर पुलिस स्टेशन लाया गया। इसके लिए जैसे ही उक्त घटना का पत्रकार भाईचारे, क्षत्रिय राजपूत महासभा, अलग-अलग गांवों के सरपंचों, राजनेतिक दलों व अन्य लोगों को पता चला तो, भारी संख्या में सभी लोग जमा हो कर पुलिस स्टेशन शाहपुर कंडी में पहुंच गए व की गई कार्रवाई की निंदा की।

इस बीच जमा हुए लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई के खिलाफ शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन के बाहर विशाल रोष प्रदर्शन व धरना दिया व आरोपी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन की मांग उठाई। पत्रकार भाईचारे व अन्य संस्थाओं के लोगों के रोष प्रदर्शन को देखते हुए, डीएसपी धारकलां लखविंदर सिंह, एसएचओ शाहपुर कंडी सब इंस्पैक्टर जगदीश कुमार व अन्य पुलिस कर्मचारी पहुंच गए व पूरे मामले की बात को समझा। रोष प्रदर्शन कर रहे पत्रकार भाईचारे व जमा हुए लोगों ने जिला पुलिस प्रमुख को, डीएसपी धार कलां के माध्यम से शिकायत दी व मांग की कि आरोपी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाए। डीएसपी धार कलां लखविंदर सिंह ने मांग पत्र लेकर आश्वासन दिया कि उक्त पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। पत्रकार भाईचारे ने डीएसपी धार कलां लखविंदर सिंह के आश्वासन पर धरने का उठाया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगमोहन सिंह जग्गा, सरपंच बलविंदर सिंह मक्खन, क्षत्रिय राजपूता महासभा के कैप्टन कर्ण सिंह गुलेरियां, रणदीप सिंह, पत्रकार रणधीर सिंह, संजीब जग्गी, शिव सेना के नरोतम मिन्हास, संजीब शर्मा, राकेश कुमार, बलवीर सिह मिन्हास, तारा सिंह, मनजिंदर सिंह, जैलदार देवेंद्र सिंह, देव राज शर्मा, अभिषेक, हिंदू सेवा संघ के संजीब ठाकुर व अन्य उपस्थित थे।

## मिलावटी दूध उत्पाद बेचने पर विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही। इसको लेकर एक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन हरियाणा के आयुक्त डॉ. मनोज कुमार ने चंडीगढ़ में बताया कि हरियाणा खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। दिसंबर 2025 से 20 जनवरी तक राज्य के विभिन्न जिलों में पनीर, देसी घी, दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के सैंपल लेकर जांच के लिए सरकारी प्रयोगशालाओं में भेजे गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर कई नमूने असुरक्षित, अवमानक तथा गलत ब्रांडिंग वाले पाए गए। विभाग ने संबंधित खाद्य कारोबार संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि पलवल, हिसार, नूंह, महेंद्रगढ़, झज्जर, रेवाड़ी और पानीपत सहित कई जिलों के विक्रेताओं की जांच की गई। कई स्थानों पर पनीर और देसी घी के नमूने फेल पाए गए।

# आर्कएक्स प्रदर्शनी परेड ग्राउंड सेक्टर-17 में 13 से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** सेक्टर 17 के परेड ग्राउंड में 13 फरवरी से चार-दिवसीय आर्कएक्स एक्सपो शुरू होने जा रहा है। इसमें इंटीरियर, एक्सटीरियर व बिल्डिंग मैटिरियल के नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। माइंड्स मीडिया एंड मैनेजमेंट द्वारा 13 से 16 फरवरी तक लगाई जा रही इस प्रदर्शनी में 250 से अधिक स्टालों पर 3000 से अधिक नए उत्पाद शोकेस किए जाएंगे।

आर्कएक्स एक्सपो में देश-विदेश की जानी-मानी कंपनियां भाग ले रही हैं। माइंड्स मीडिया एंड मैनेजमेंट के डायरेक्टर्स इंदर धींगड़ा और बीएस राणा ने कहा कि जो लोग अपने सपनों का घर बनाने की तैयारी में हैं और लेटेस्ट ट्रेंड व उत्पादों से वाकिफ होना चाहते हैं, उनके लिए यह प्रदर्शनी बहुत उपयोगी साबित होगी। ट्राइसिटी, पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के बड़े एंटरप्रेन्योर और देश भर के जाने-माने आर्किटेक्ट इस एग्जिबिशन में हिस्सा लेंगे और चंडीगढ़ में आर्किटेक्चर की संभावनाओं पर सोच-विचार करेंगे।



प्रदर्शनी में शहर के प्रमुख उद्यमी व देश भर के जाने माने आर्किटेक्ट भाग लेंगे और चंडीगढ़ में आर्किटेक्चर की संभावनाओं पर विचार करेंगे । प्रदर्शनी में शोकेस होने वाले उत्पादों व श्रेणियों में डेकोरेटिव लाइटिंग, बाथ, सेनेटरी, टाइल, सेफ्टी, सिक्योरिटी, होम, ऑटोमेशन, किचन, फर्नीचर, डोर, विंडो, एलीवेटर्स, इलेक्ट्रिकल, वायर, केबल, वाटर मैनेजमेंट, रूफिंग, हार्डवेयर, बिल्डिंग मैटीरियल, ग्लास, प्लंबिंग, पाइप, फिटिंग, सोलर सिस्टम, लैंडस्केप, गार्डन, फ्लोरिंग आदि प्रमुख हैं। प्रदर्शनी के अंतिम दिन अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के इनोवेटिव स्टाल्स को पुरस्कृत किया जाएगा।

**एक्शन** पठानकोट में सैन्य परिधि के भीतर अवैध निर्माण पर सेना की सख्त कार्रवाइ, बिल्डिंग मालिक से मांगे दस्तावेज

# शांत विहार कॉलोनी में चल रहा निर्माण रुकवाया

**अनंत ज्ञान**

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में आयुद्ध परिधि के एक हजार मीटर दायरे में होने वाले अवैध निर्माण को रुकवाने का जिम्मा अब सेना ने संभाल लिया है। मंगलवार सुबह 10 बजे के बाद मामून सैन्य बेस से सेना जवान शांत विहार कॉलोनी पहुंचे, जहां डीसी व नगर निगम कमिश्नर के आदेशों की उल्लंघना करवाए जा रहे अवैध निर्माण को बंद करवाया व इस संबंधी पूरे दस्तावेज भी उनको दिखाने के लिए कहा है।

हैरानी की बात है कि निगम की बिल्डिंग ब्रांच प्रशासन इस अवैध कार्य को जहां रुकवाने में असमर्थ दिखे। वहीं, अब सेना को ऐसे अवैध निर्माणों को रुकवाने लिए आगे आना पड़ रहा है। अगर, निगम अधिकारी अपनी जिम्मेदारी सही निभाते तो जवान अपना कीमती समय छोड़ न आते। सेना के जवान



आयुद्ध परिधि के एक हजार मीटर दायरे में होने वाले अवैध निर्माण को रुकवाने का जिम्मा सेना ने संभाला। अनंत ज्ञान

ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सैन्य क्षेत्र के 1000 मीटर दायरे में शांत विहार कॉलोनी में एक बिल्डिंग का अवैध निर्माण चल रहा है, जिसे मौके पर पहुंच रुकवा दिया गया है, अब बिल्डिंग के मालिक को पूरे दस्तावेज दिखाने के लिए कहा। अगर, वे अपने दस्तावेज सही ना बता पाए तो इनके खिलाफ एक्शन लेंगे। अगर, बंद काम को दोबारा परमिशन के बिना शुरू करवाते हैं, तब भी फोर्स दोबारा पहुंच कर कड़ा एक्शन लेगी।

वहीं, एडवोकेट राजसप्रीत सिंह बाजवा ने कहा बहुत ही शर्मसार है कि लोकल प्रशासन का काम सेना को मौके पर आकर करना पड़ रहा है, अगर शांत विहार समेत अन्य जगह हो रहे अवैध निर्माणों पर बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारियों द्वारा रोक लगाई होती, तो आज यह नौबत ना आती। बिल्डिंग के मालिकों ने सरकारी सील तोड़कर अवैध उसारी धड़ल्ले से लंबे समय से करवाई जा रही है। उनकी सरकार व प्रशासन से मांग है कि ऐसी अवैध उसारी बंद करवा नियमों की उल्लंघना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई हो।

बता दें कि कुछ दिन पहले ही पठानकोट में आयुद्ध परिधि के 1 हजार मीटर दायरे व विभिन्न इलाकों जैसे डल्हौजी रोड, सिम्बल चौक से मामून चौक, मिशन रोड, कॉलेज रोड आदि स्थानों पर हो रहे अवैध निर्माण की सूचना पठानकोट के ही निवासी ने चिट्ठी जरिए सीएम पंजाब, विजिलेंस पंजाब समेत कई बड़े अधिकारियों तक पहुंचाई है। सबसे मजेदार बात यह है कि उक्त अवैध निर्माणों की जानकारी संबंधित जोन के एमटीपी, एटीपी से लेकर बिल्डिंग इंस्पेक्टर तक को है, लेकिन कार्रवाई शून्य है। आज तक इस सील की गई बिल्डिंग में उसारी करने वालों खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करना भ्रष्टाचार का सबूत देते हुए लोकल प्रशासन की मिलीभगत तरफ इशारा कर रहा है।

# अब महीने में एक ही दिन मिलेंगी सभी पेंशन व सब्सिडी

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ऐलान किया है कि अब प्रदेश में हर तरह की पेंशन, सब्सिडी तथा प्रोत्साहन राशि हर महीने एक ही तारीख को लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। महीने की यह तारीख कौन सी होगी, इस बारे में अभी निर्णय लिया जाना बाकी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को 18 योजनाओं के तहत 56 लाख 34 हजार लाभार्थियों के खातों में 1431 करोड़ रुपए की राशि स्थानांतरित की। इस अवसर पर प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा और सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त के तहत नौ लाख 22 हजार 452 महिलाओं के खातों में 193 करोड़ रुपए की राशि डाली। अभी तक चारों किस्तों में यह राशि 634 करोड़ रुपए हो चुकी है। मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी ने बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग समेत प्रत्येक तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत 34.14 लाख लाभार्थियों के खातों में 1098 करोड़ रुपए की राशि जारी की। लाडो लक्ष्मी योजना और पेंशन योजना के अंतर्गत 43 लाख 36 हजार 452 लोगों को 1240 करोड़ रुपए की लाभ राशि प्रदान की गई है। हर घर हर गृहिणी गैस सिलेंडर रिफिल योजना के अंतर्गत 12 लाख 62 हजार महिलाओं के खातों में नवंबर व दिसंबर माह के लिए 38 करोड़ 97 लाख रुपये की सब्सिडी राशि भेजी गई है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलता है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 36 हजार लाभार्थियों के खातों में 101 करोड़ रुपए की सब्सिडी राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य भर में पेंशन से संबंधित समस्याएं व आय आधारित पात्रता से जुड़ी शिकायतें उनके संज्ञान में आई हैं। इन शिकायतों व अपीलों के समाधान तथा पात्रता के निष्पक्ष निपटान के लिए सभी जिलों के अतिरिक्त उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत सभी एडीसी सप्ताह में सोमवार व बृहस्पतिवार को समाधान शिविर लगाकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने दोहराया कि किसी भी पात्र व्यक्ति की पेंशन नहीं कटने दी जाएगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### डेविस कप के हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का संघर्ष और सफलता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस का नया नायक दक्षिणेश्वर सुरेश हाशिए से मुख्य भूमिका में पहुंचे हैं, उनके सफर में चमक-दमक नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत और अनुशासन रहा। टेनिस से उनका जुड़ाव पारिवारिक था। पिता सुरेश एक्का क्लब स्तर के खिलाड़ी थे। 2010-2016 के बीच दक्षिणेश्वर प्रतिदिन 16 किलोमीटर बस से यात्रा कर चेन्नई में कोच लक्ष्मण चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेते थे। उनका धैर्य और अनुशासन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। 2016 में फ्रांस प्रशिक्षण और उसी वर्ष अंडर-16 फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने के बाद उनका करियर मील का पत्थर पार कर गया। पीठ की चोट और कोविड-19 महामारी के बावजूद, अमेरिका में कॉलेज टेनिस खेलकर उन्होंने मानसिक और तकनीकी मजबूती हासिल की। बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ हालिया डेविस कप मुकाबले में दक्षिणेश्वर ने दबाव में संयमित खेल दिखाया और भारत की 3-2 की करीबी जीत में तीनों मैच जीते। कोच चक्रवर्ती का मानना है कि उन्हें अधिक टूर्नामेंट खेलने और वाइल्ड कार्ड मिलने से छह महीने में शीर्ष 100 में जगह बनाने का अवसर मिल सकता है। दक्षिणेश्वर ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर भारतीय टेनिस में अपनी पहचान बनाई है। चेन्नई में बचपन से रोज 16 किलोमीटर की यात्रा और कठिन प्रशिक्षण के बाद उन्होंने 2016 में अंडर-16 फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतकर अपने करियर का मील का पत्थर हासिल किया। पैसों की कमी और चोटों के बावजूद उन्होंने अमेरिका में छात्रवृत्ति के जरिए कॉलेज टेनिस खेलकर अनुभव और मानसिक मजबूती हासिल की। कोच लक्ष्मण चक्रवर्ती का मानना है कि दक्षिणेश्वर छह महीने में दुनिया के शीर्ष 100 में जगह बनाने की क्षमता रखते हैं और अधिक टूर्नामेंट खेलकर सफलता हासिल कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### एसए20 का अनुभव अफगानिस्तान के लिए बनेगा ताकत: राशिद खान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसए20 में खेलने का अनुभव टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद मददगार रहेगा। उन्होंने एमआई केपटाउन का प्रतिनिधित्व करते हुए पिछले चार सत्रों में दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को करीब से समझा और अब यह जानकारी राष्ट्रीय टीम के साथ साझा करेंगे। राशिद ने कहा कि भारतीय परिस्थितियों में अनुभव दोनों टीमों को बराबरी का फायदा देगा, लेकिन मैच के दिन पिच का व्यवहार किसी को नहीं पता। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में तेज गेंदबाजों की कमी को भी स्वीकार किया और उम्मीद जताई कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन होगा। (अनंत ज्ञान)

### मिचेल मार्श ने अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण पर जताया भरोसा

**एजेंसी, कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श का भरोसा है कि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में भी उनकी युवा गेंदबाजी इकाई चुनौती पर खरी उतरेगी। स्टार्क ने टी20 से संन्यास लिया, जबकि कमिंस और हेज़लवुड चोटिल हैं। नाथन एलिस, बेन ड्वार्शुइस और जेवियर बार्टलेट अब तेज गेंदबाजी की अगुवाई करेंगे। मार्श ने कहा, 'पिछले 12 महीनों में ये खिलाड़ी कई मैच खेल चुके हैं और हमें पूरी उम्मीद है कि वे अपनी भूमिका निभाएंगे।' ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान दौरे पर मिली हार से सीख लेकर विश्व कप में उतरेगा। मार्श ने कहा, 'हमने सबक सीखा है और अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी के साथ अब पूरा ध्यान विश्व कप पर है।' (अनंत ज्ञान)

### मिताली राज का खूबसूरत अंदाज

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज का जन्म 1982 में राजस्थान के जोधपुर में हुआ है। मिताली इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने की खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।



**टी-20 वर्ल्ड कप** | बास डी लीडे ने 48 बॉल पर बनाए 72 रन

# नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया



**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में मंगलवार को खेले गए पहले मैच में नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया ने 156 रन बनाए थे।

नीदरलैंड ने 12 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ नीदरलैंड अंक तालिका में पाकिस्तान को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। नीदरलैंड की जीत के हीरो रहे बास डे लीडे ने 2 विकेट लिए और 72 रनों की नाबाद पारी खेली।

157 रनों का पीछा करते हुए नीदरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी। टीम ने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर मैक्स ओ'डॉड 7 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद 46 के स्कोर पर माइकल लेविट भी चलते बने, जिन्होंने 15 गेंदों में 3 छक्के और 1 चौके की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद बास डे लीडे और कॉलिन एकरमैन के बीच 70 रनों की साझेदारी हुई। बास डे लीडे ने 48 गेंदों में 4 छक्के और 5 चौकों की मदद से नाबाद 72 रन बनाए। एकरमैन ने 28 गेंदों में 32 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। कप्तान सकॉट एडवर्ड्स अंत में आए और 18 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर नीदरलैंड को 12 गेंद शेष रहते जीत दिलाई। 9 गेंदों में खेली इस पारी में कप्तान ने 1 छक्का और 1 चौका लगाया। (अनंत ज्ञान)

## आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी, मुकाबला आज

**एजेंसी, कोलंबो**



हाल के खराब प्रदर्शन और अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैर-मौजूदगी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। पैट कमिंस और जोश हेज़लवुड चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं।

इन दिग्गजों की अनुपस्थिति में नाथन एलिस तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई कर सकते हैं, हालांकि, हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण उनकी फिटनेस भी पूरी तरह सुनिश्चित नहीं है। स्पिन विभाग में अनुभवी लेग स्पिनर एडम जम्पा की वापसी ऑस्ट्रेलिया के लिए राहत की खबर है। उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में जम्पा ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की सबसे बड़ी ताकत साबित हो सकते हैं। उनके साथ कूपर कॉनॉली और मैट कुहनेमैन स्पिन आक्रमण को मजबूती देंगे।

हालांकि, गेंदबाजी इकाई अतीत की तुलना में कमजोर नजर आ रही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में जबरदस्त गहराई है। ट्रैविस हेड, कप्तान मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टोइनिस जैसे बल्लेबाज किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की क्षमता रखते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले पांच पूरे खेले गए मुकाबलों में कोई जीत दर्ज नहीं की है, जिसमें पाकिस्तान में 0-3 की हार और भारत के खिलाफ 1-2 की सीरीज हार शामिल है। ऐसे में आयरलैंड के खिलाफ जीत से टीम को आत्मविश्वास हासिल हो सकता है। दूसरी ओर, पॉल स्टर्लिंग की कप्तानी में आयरलैंड को अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। आयरलैंड ने अतीत में 2009 और 2022 में बड़े उलटफेर किए हैं और वह उसी प्रेरणा के साथ ऑस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

ऑस्ट्रेलिया: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कॉनॉली, टिम डेविड, बेन ड्वार्शियस, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू रेनशॉ, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

आयरलैंड: पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क एडायर, रॉस एडायर, बेन कैलिट्ज, कर्टिस कैम्फर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, मैथ्यू हम्फ्रीज, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, हैरी टेक्टर, टिम टेक्टर, लोरकान टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

## तय कार्यक्रम पर ही होगा भारत-पाक मैच

◆ **राजीव शुक्ला बोले-आईसीसी के समाधान से टला बहिष्कार**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने 'बहुत अच्छा समाधान निकाला' जिसके कारण पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार वापस ले लिया।



बांग्लादेश और श्रीलंका के आग्रह के बाद पाकिस्तान सरकार ने बहिष्कार की अपील वापस लेने का फैसला किया जिसका मतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। शुक्ला ने पत्रकारों से कहा, ''मैं बीसीसीआई की तरफ से आईसीसी अध्यक्ष (जय शाह) और उसके पदाधिकारियों का बहुत अच्छा समाधान निकालने के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ चर्चा के बाद और सभी पक्षों की बात सुनने के बाद यह निर्णय लिया गया है।''

उन्होंने कहा, ''यह फैसला क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्रिकेट जारी रहना चाहिए और अब विश्व कप को बड़ी सफलता मिलेगी। जहां तक आईसीसी का सवाल है तो यह एक बड़ी उपलब्धि है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी आईसीसी की प्रशंसा की है। उसने सभी पक्षों की बात सुनी और सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया।'' शुक्ला ने आगे कहा, ''आखिर में क्रिकेट सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सभी के लिए महत्वपूर्ण है।'' बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने ढाका में बयान जारी किया था, जिसमें पाकिस्तान से बहिष्कार वापस लेने की अपील की गई थी। इसके बाद यह तय हो गया था कि पाकिस्तान बहिष्कार वापस ले लेगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने भी फोन पर बात की, जिन्होंने उनसे टीम को मैच खेलने की अनुमति देने का आग्रह किया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने आईसीसी के साथ अपनी बातचीत के बारे में शरीफ को जानकारी दी इसके बाद पाकिस्तान की सरकार ने बयान जारी करके अपनी टीम को यह मैच खेलने की अनुमति प्रदान की थी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया

**एजेंसी, चेन्नई**

टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद वसीम (66*) और अलीशान शराफु (55) के अर्द्धशतकों की मदद से 20 ओवर में 6 विकेट पर 173 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट (89*) और फिन एलेन (84*) ने बेहतरीन आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और बिना कोई विकेट खोए 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 175 रन की अविजित साझेदारी बनी, जो टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी है। न्यूजीलैंड की जीत में मैट हेनरी ने दो विकेट लिए, जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली। सीफर्ट और एलेन की निडर बल्लेबाजी ने यूएई के गेंदबाजों को काबू में रखा और मैच को आसानी से न्यूजीलैंड के नाम कर दिया। (अनंत ज्ञान)



## वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की कड़ी परीक्षा आज

**टी20 वर्ल्ड कप**

**एजेंसी, मुंबई।** नेपाल के खिलाफ बमुश्किल जीत दर्ज करने के बाद इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले में कहीं अधिक आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन करना होगा। ग्रुप सी में दोनों टीमें दो-दो बार चैंपियन रह चुकी हैं और तीसरे खिताब की तलाश में हैं। नेपाल ने पिछले मैच में इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी थी, जिससे हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम की गेंदबाजी कमजोरियां उजागर हुईं। हालांकि, अंतिम ओवर में सैम करेन की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड चार रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा। बल्लेबाजी में ब्रूक और युवा जैकब बेथेल के अर्धशतक इंग्लैंड के लिए सकारात्मक पहलू रहे। इंग्लैंड ग्रुप-सी में 0.200 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि वेस्टइंडीज 1.750 के बेहतर नेट रन रेट के साथ आगे है। ऐसे में इंग्लैंड के लिए यह मुकाबला बेहद अहम होगा। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को हराकर आत्मविश्वास के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। शिमरोन हेटमायर की तेज पारी और रोमारियो शेफर्ड की घातक गेंदबाजी ने उसे मजबूत दावेदार बना दिया है। (अनंत ज्ञान)

## दक्षिण अफ्रीका से अफगानिस्तान की 'ग्रुप ऑफ डेथ' में वापसी पर निगाह

**एजेंसी, अहमदाबाद**




न्यूजीलैंड से पहले मैच में हार के बाद अफगानिस्तान के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाला टी20 विश्व कप मुकाबला करो या मरो जैसा होगा। प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीमें सुपर आठ में पहुंचेंगी, ऐसे में अफगानिस्तान को न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी बल्कि अपना नेट रन रेट भी सुधारना होगा।

ग्रुप-डी में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है। कनाडा पर 57 रन की जीत से उसके दो अंक और 2.850 का मजबूत नेट रन रेट है। वहीं न्यूजीलैंड से हार के बाद अफगानिस्तान -1.162 नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान ने 182 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था, लेकिन गेंदबाजी में रणनीतिक चूक महंगी पड़ी। नूर अहमद को बाहर रखने और तेज गेंदबाजों पर भरोसा करने का फैसला असरदार नहीं रहा। कप्तान राशिद खान का भी दिन खराब रहा, जबकि मुजीब उर रहमान का प्रदर्शन एकमात्र सकारात्मक पहलू रहा। अफगानिस्तान को अहमदाबाद में राशिद के आईपीएल अनुभव से उम्मीद होगी। टीम कभी हार नहीं मानने के जज्बे के लिए जानी जाती है और 'ग्रुप ऑफ डेथ' में वापसी के लिए हर मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन जरूरी होगा। दूसरी ओर, कनाडा के खिलाफ शानदार जीत से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका आत्मविश्वास से भरी है। कप्तान एडन मार्करम की अगुवाई में टीम अफगानिस्तान के खिलाफ अपने बेहतरीन रिकॉर्ड को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : सुबह 11 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान (उपकप्तान), दरविश रसूली, मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, शाहिदुल्लाह, अब्दुल्ला अहमदजई, फकालहक फारूकी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, जियाउर रहमान।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), डेविड मिलर, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, केवना मफाका, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा।

## टी20 वर्ल्ड कप में परिवार साथ नहीं ले जा सकेंगे भारतीय खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान मैच से पहले बीसीसीआई का बड़ा फैसला समाने आया है। बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि टी 20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम के खिलाड़ियों को पत्नी, मंगेतर या किसी परिवार के सदस्य के साथ रहने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड ने कहा है कि यह नीति 45 दिनों से अधिक दौरे पर लागू होती है जिसमें खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ अधिकतम 14 दिन तक ही समय बिताने की अनुमति दी जाती है।

सूत्रों के अनुसार भारतीय टीम मैनेजमेंट ने बीसीसीआई से अनुमति मांगी थी कि क्या खिलाड़ी अपने परिवार के साथ यात्रा और रहने की सुविधा ले सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट तौर पर इनकार कर दिया और कहा कि टीम के साथ परिवार नहीं रहेंगे। हालांकि, अगर खिलाड़ी चाहें तो वे अलग से निजी व्यवस्था कर सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ग्रुप स्टेज के तीन मुकाबले भारत में खेलेगी, जबकि एक मुकाबला कोलंबो, श्रीलंका में होगा। इससे पहले खेली गई कई द्विपक्षीय सीरीज में भी खिलाड़ियों को टीम के साथ परिवार के रहने की अनुमति नहीं थी। बीसीसीआई ने वही नीति अब 20 वर्ल्ड कप 2026 में भी लागू रखी है। बताया जा रहा है कि साल 2025 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बोर्ड ने दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें खिलाड़ियों को परिवार को साथ रखने की अनुमति दी गई थी, लेकिन कुछ खिलाड़ियों द्वारा इसका दुरुपयोग करने और अनौपचारिक टीम बैठकों में शामिल न होने की शिकायतें मिलने के बाद बीसीसीआई ने पुरानी नीति पर लौटने का फैसला किया। बीसीसीआई का कहना है कि यह कदम टीम की प्रोफेशनल डिसिप्लिन और फोकस बनाए रखने के लिए जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

**60वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप**

## हिमाचल को 25 वर्षों बाद मिली ऐतिहासिक जीत

**अनंत ज्ञान**



खिलाड़ी सुहानी का स्वागत करते प्राचार्य व प्राध्यापक। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 60वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप रांची (झारखंड) में आयोजित की गई इसमें अंडर-20 वर्ग की टीम स्पर्धा में हिमाचल प्रदेश की टीम ने 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज की। डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि इस विजयी टीम में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की छात्रा सुहानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, सुहानी ने 6 किलोमीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक भी अपने नाम किया।

सुहानी महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। इस उपलब्धि पर हमीरपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने सुहानी को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने सुहानी के माता-पिता और कोच को भी बधाई दी। महाविद्यालय पहुंचने पर सुहानी का खिलाड़ियों व स्टॉफ द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार वर्मा, प्रो सौरभ सूद, प्रो हरकमल, प्रो संजय तथा प्रो अमित भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी ने सुहानी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की।

**एफआईएच प्रो-लीग** | भारत की प्रो-लीग परीक्षा आज से, युवा जोश पर कप्तान हरमनप्रीत को भरोसा

## बेल्जियम-अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार शुरुआत करने उतरेगा भारत

**एजेंसी, राउरकेला**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से यहां बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो-लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी, क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी। भारत ने प्रो लीग में अभी तक अपना अभियान शुरू नहीं किया है, जबकि अर्जेंटीना और बेल्जियम दोनों ही सत्र की शानदार शुरुआत के बाद राउरकेला पहुंचे हैं।

अर्जेंटीना फिलहाल 11 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक चार मैच खेले हैं, जिनमें से तीन में उसने निर्धारित समय में और एक में शूटआउट में जीत दर्ज की। बेल्जियम चार मैचों में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जिसमें उसने निर्धारित समय के अंदर तीन मैच में जीत हासिल की लेकिन शूटआउट तक खिंचे एक अन्य मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। भारत का हाल के वर्षों में बेल्जियम के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से 35 मैच खेले गए हैं। इनमें बेल्जियम ने 22 मैच और भारत ने 11 मैच जीते हैं जबकि दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

हालांकि, अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड बेहतर है। इन दोनों टीमों के बीच 2013 से अब तक खेले गए 19 मैच में से भारत ने 10 में जीत हासिल की है, जबकि अर्जेंटीना ने केवल सात मैच जीते हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, ''अमनदीप लाकड़ा, मनमीत सिंह और रोसन कुजूर जैसे युवा खिलाड़ियों को टीम में मौका मिलते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने हाल ही में हीरो हॉकी इंडिया लीग में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का सही समय है और मुझे विश्वास है कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगे।''

उन्होंने कहा, ''पूरी टीम फिट, प्रेरित और उत्साहित है। हम इन युवा खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करते हुए और टीम के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।'' (अनंत ज्ञान)